चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

वर्ष-34, अंक- 73, पृष्ठ-14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य- 5 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार



'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप 14

हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते रणबीर 2

## एक नजर

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ईडी के सामने हुईं पेश

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद कथित धनशोधन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश हुईं। प्रसाद (36) यहां ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि बरकागांव की विधायक प्रसाद को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए चार अप्रैल को पेश होने को कहा गया था। लेकिन प्रसाद स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर पेश नहीं हुईं। उनके पिता एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने चार अप्रैल को संवाददाताओं से कहा था कि प्रसाद ने ईडी से स्वास्थ्य के आधार पर समय मांगा है। साव कथित रंगदारी एवं जमीन हड़पने के मामलों की जांच में तीन और चार अप्रैल को ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए थे।

### भाजपा विधायकों को विधानसभा से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में सोमवार को चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। भाजपा विधायक जल बोर्ड में हुई कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उनके अनुरोध को खारिज कर दिया और विपक्षी सदस्यों को बैठने के लिए कहा। जब भाजपा विधायक अड़े रहे तो गोयल ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। सदन से निकाले जाने के बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में धरना दिया।

### 30.92 करोड़ के नकली नोट के साथ 5 दबोचे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट के पास पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि नकली नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था और उन्हें विभिन्न कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष के तहत 40 लाख रुपये देने पर एक करोड़ रुपये दिलाने का वादा करता था। यह ठगी करने का नया तरीका है। जालसाजों के इस नेटवर्क ने कई ट्रस्ट से संपर्क किया।

# सेंसेक्स 75 हजार के करीब सोने ने भी आकाश छुआ

- संसेक्स ने 74,869.30 को छूआ, एनएसई 22,666.30 अंक पर बंद
- 350 रुपये की तेजी से 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ सोना

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी आई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। वह 621.08 अंक तक चढ़कर रिकॉर्ड 74,869.30 अंक पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 152.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,666.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान उसने 183.6 अंक उछलकर 22,697.30 अंक को छूआ था। वहीं सर्राफा बाजार में सोना भी 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

**जगदलपुर में चुनावी रैली** — प्रधानमंत्री बोले-भ्रष्ट कांग्रेस ने गरीबों को किया नजरअंदाज, उनका दर्द नहीं समझा

# हमने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म किया : मोदी

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी, भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया।

### भ्रष्टाचार पर की चोट तो दे रहे सिर फोड़ने की धमकी

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

# ईडी ने केजरीवाल के पीए और आप विधायक से की पूछताछ

## आबकारी नीति : धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज हो रहा है। ईडी इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को पिछले महीने ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। एजेंसी ने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ की रिश्वत के सबूत छुपाने को 170 फोन नष्ट किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया। समझा जाता है कि राजिंदर नगर विधायक पाठक को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021-22 चुनाव के संबंध में पूछताछ को बुलाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा दिए 100 करोड़ में से 45 करोड़ का प्रयोग आप ने प्रचार में किया था।




### सीएम की गिरफ्तारी की याचिका पर फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मंगलवार को दोपहर 2 :30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी।

### सीएम पद से हटाने की तीसरी याचिका भी रद



दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी याचिका भी सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आप के पूर्व विधायक संदीप की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर की थी। हाईकोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही याचिकाओं को रद किया था।

### कविता की अंतरिम जमानत खारिज



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद कर दी गई) घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) और कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे भी रखे**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष कहा कि वह इस पर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा तथा गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां निर्वाचन भवन जाकर आयोग से मुलाकात की और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष मोदी की सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग, घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताना तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे रखे। खुर्शीद ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है। आप किसी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है। सप्पल ने कहा कि पिछली बार हमने चुनाव आयोग के सामने फ्री-स्पीच और भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाने वाले विभाजनकारी पोस्ट का मुद्दा उठाया था। आज हमने आयोग से कहा है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय कई यू-ट्यब चैनल्स को बंद कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि वो फ्री-स्पीच चाहते हैं। हमने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के एफिडेविट का मामला भी आयोग के सामने रखा है। त्रिपुरा में उम्मीदवारों के सामने चुनाव अधिकारियों द्वारा खड़ी की जा रही बाधाओं पर भी अपनी बात रखी है।

### एनआईए ने टीएमसी के 3 नेताओं को जारी किया समन

**कोलकाता।** एनआईए ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने टीएमसी के तीनों नेताओं को पेश होने को कहा है। टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** सीबीआई, एनआईए, ईडी और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टीएमसी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

# रामनवमी पर देश देखेगा रामलला का सूर्याभिषेक

**दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर 5 मिनट तक पड़ेंगी सूर्य की किरणें, होगा लाइव प्रसारण**



- शृंगार के दौरान 20 मिनट के लिए थम जाएंगे दर्शन-पूजन
- सफल परीक्षण पर सीबीआरआई रुड़की की टीम को ट्रस्ट की बधाई

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के सूर्याभिषेक के लिए चल रहा परीक्षण सोमवार को सफल हो गया। परीक्षण में जुटे सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बधाई दी है। राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव ने सोमवार को बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। उस दिन सूर्य की किरण प्रभु श्रीराम के मस्तिष्क पर पांच मिनट तक अभिषेक करेंगी, जिसे पूरे देश के भक्त लाइव देख सकेंगे। रामनवमी के दिन सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक होगा। दोपहर में अभिषेक और शृंगार के लिए 20 मिनट कपाट बंद होंगे और 12 बजे आरती के साथ पुनः मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण रामलला के मस्तक को सुशोभित करेंगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी के तख्त पर चांदी के कलश की स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान को 11 वैदिक ब्राह्मण संपन्न कराएंगे। इसमें रामार्चा, दुर्गा सप्तसती का पाठ, वेद की ऋचाओं का पाठ होगा। अनुष्ठान मंडप के यज्ञशाला में मंत्रोच्चार से आहुतियां डाली जाएंगी। रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला की दिव्य महाआरती होगी। पूर्वाह्न 11:40 से दोपहर 12 बजे तक के लिए दर्शन थम जाएगा। गर्भगृह के पट खुलते ही शंखनाद के साथ महाआरती होगी।

### श्रद्धालु मठ-मंदिरों में गुरु-परंपरा में शामिल होकर चले जाएं : चंपत राय



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रामकोट की परिक्रमा के लिए मतगजेंद्र मंदिर पर साधु-संतों से रामनवमी पर श्रद्धालुओं को मंदिरों में ठहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि अयोध्या के मठ-मंदिरों में गुरु परंपरा में शामिल होकर वापस चले जाएं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि पथ पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्व हिंदू परिषद और संघ के कार्यकर्ताओं की टोलियां पानी पिलाएंगी।

**सिविल सेवा प्री परीक्षा**

# इंफाल की जगह अन्य स्थान को चुन सकते हैं अभ्यर्थी

- आठ से 19 अप्रैल तक यूपीएससी की वेबसाइट पर केंद्र बदलने का कर सकते हैं अनुरोध

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने के लिए मणिपुर के इंफाल केंद्र को चुना है, वह अन्य स्थान चुन सकते हैं। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा इस साल 16 जून को होगी। यूपीएससी ने फैसला किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने इंफाल केंद्र का विकल्प चुना है, वह 80 अधिसूचित में से कोई भी केंद्र चुन सकते हैं। यूपीएससी की यह घोषणा दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आई है। आयोग ने कहा कि इंफाल चुनने वाले उम्मीदवारों के लिए केंद्र बदलने का विकल्प यूपीएससी की वेबसाइट पर आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक रहेगा। उम्मीदवार सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अनुरोध भेज सकते हैं।

# गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ संजय की याचिका रद




- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के दिए आदेश पर की सुनवाई
- पीएम की शैक्षणिक योग्यता पर टिप्पणी पर मानहानि का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को रद कर दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी के लिए मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में पहले ही कहा है कि पक्षों के लिए उपलब्ध सभी दलीलें खुली हैं और निचली अदालत के न्यायाधीश आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे। हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल और सिंह ने गुजरात विवि द्वारा दायर मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समन के साथ, समन के खिलाफ उनके पुनरीक्षण आवेदन को रद करने के सत्र अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# पूर्व डीजीपी विजय कुमार सपत्नीक भाजपा में शामिल

- मछलीशहर या कौशांबी से टिकट दिए जाने की चर्चाएं शुरू
- विजय कुमार की पत्नी अनुपमा कुमार ने भी थामा भगवा झंडा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



**अमृत विचार :** पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सोमवार को पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वह कुछ दिन पहले सेवानिवृत हुए थे, उनके मछलीशहर या कौशांबी से प्रत्याशी बनने की चर्चा भी तेज हो गई है।

भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनको सदस्यता दिलाई। झांसी के विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह 1988 में आईपीएस बने। बतौर ट्रेनी एसपी पहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे। गोरखपुर, नैनीताल, बरेली, पीलीभीत, बांदा, महाराजगंज, मुजफ्फरनगर के एसपी रहे। वर्ष 2000 में सवा दो साल तक गोरखपुर के एसएसपी भी रहे। कई और जोन की जिम्मेदारी भी संभाली। 2022 में उनको डीजी विजिलेंस बनाया गया। कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा के सेवानिवृत होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का कार्यभार संभाला। 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत होने के बाद भाजपा में शामिल हुए।

# नीट-पीजी 2020 बैच की काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ।** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी-2020 बैच के एमडी-एमएस (विशेषज्ञ) चिकित्सकों की तैनाती के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो गई है। पंजीकरण के साथ ही प्रपत्रों का सत्यापन 12 अप्रैल तक होंगे। अनिवार्य सेवा बांड के तहत इन्हें दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा संचालित काउंसिलिंग में 12 से 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी, 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित होंगे। अभ्यर्थियों को 16 से 22 अप्रैल तक कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा।

**अध्ययन** — एरीज की टीम में प्रो. दीपांकर बनर्जी, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद व डॉ. टीएस कुमार शामिल

# एरीज के युवा वैज्ञानिक खोलेंगे सूर्य कोरोना के रहस्य

**बबलू चंद्रा, नैनीताल**


प्रो. दीपांकर बनर्जी


डा. टीएस कुमार


डा. एस कृष्ण प्रसाद

**अमृत विचार :** भारतीय युवा वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना रहस्य को गहराई से समझने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे हुए हैं। कोरोना वह पहेली है जिसे सूर्य ग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के दो युवा वैज्ञानिक डॉ. एस कृष्णा प्रसाद और डॉ. टीएस कुमार के साथ निदेशक दीपांकर बनर्जी भी मौजूद रहेंगे। साल का पहला पूर्ण सूर्यग्रहण भारत से नहीं देखा जा सकेगा। अमेरिका पहुंचे वैज्ञानिकों ने ग्रहण के अध्ययन को लेकर रूपरेखा साझा की है।

ज्ञातव्य हो कि भारत का समर्पित सौर अंतरिक्ष मिशन, आदित्य-एल1 के हालिया लॉन्च ने देश के भीतर सौर भौतिकी अनुसंधान को वैश्विक सुर्खियों के साथ स्थापित कर दिया है। जिस कारण विश्व की नजर भारत के इस मिशन में लगी हुई हैं। आदित्य के इस वर्ष जनवरी में एल1 कक्षा में सफल प्रवेश के बाद सभी 7 पेलोड ने सूर्य और हेलियोस्फीयर की जांच शुरू कर दी है। सूर्यग्रहण के साथ सूर्य के अंदरूनी रहस्य को समझने के लिए यह बेहद उत्तम समय है।

आने वाले महीनों में आसन्न सौर मैक्सिमा के साथ उच्च महत्व की एक और खगोलीय घटना हमारे सामने आने वाली है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरन चंद्रमा एक पूर्ण गुप्त भूमिका निभाता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण सौर वातावरण, विशेष रूप से आंतरिक कोरोना, जहां महत्वपूर्ण गतिशीलता उत्पन्न होती है। जिस कारण सूर्य ग्रहण निरीक्षण के लिए शानदार अवसर है। जिसके ऑब्जरवेशन के लिए एरीज के युवा शोधकर्ताओं की एक टीम उच्च आवृत्तियों पर सूर्य की आंतरिक कोरोना की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए डलास, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में अभियान चला रही है। ग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली हरी उत्सर्जन रेखा में सौर कोरोना के उच्च-ताल नैरोबैंड इमेजिंग अवलोकन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में लाइन उत्सर्जन और निकटवर्ती सतह को देखने के लिए ऑन-बैंड और ऑफ-बैंड का प्रयोग करेंगे। साथ ही ग्रहण के दौरान पृथ्वी के ग्रहण क्षेत्र के वातावरण का अध्ययन भी किया जाएगा।

### सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में छा गया अंधेरा

**रारोटोंगा (अमेरिका)।** उत्तरी अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में आसमान में अंधेरा छा गया। पूर्ण सूर्यग्रहण कुछ स्थानों पर 4 मिनट, 28 सेकंड तक रहा। महाद्वीपीय उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्यग्रहण का अनुभव करने वाला पहला स्थान मेक्सिको प्रशांत तट रहा। उत्तरी अमेरिका में मेक्सिको के प्रशांत तट से लेकर पूर्वी कनाडा तक लाखों लोग इस खगोलीय घटना को देखने के लिए जुटे रहे। भारतीय शोध टीम भी सूर्य ग्रहण के अध्ययन के लिए डलास व टेक्सास में मौजूद रही।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

# पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी।

सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# जडेजा-देशपांडे और मुस्तफिजुर के दम पर चेन्नई ने केकेआर को 7 विकेट से हराया

**कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34, सुनील नरेन ने 27 और अंगकृष रघुवंशी ने 24 रन बनाए**

## सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली



रवींद्र जडेजा

**चेन्नई, एजेंसी**

रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 67 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 14 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है।

चेन्नई ने 138 रनों के छोटे लक्ष्य को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के जरिए चेज करने का प्रयास किया, लेकिन चौथे ओवर में वैभव ने चक्रवर्ती के हाथों रचिन रविंद्र 15 रन पर कैच आउट कर चेन्नई को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और डेरिल मिचेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़ते हुए टीम को जीत की दहलीज की ओर धकेला। इसी दौरान 13वें ओवर में डेरिल मिचेल 25 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें सुनील नरेन ने बोल्ड किया। गायकवाड़ ने 58 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने आखिरी ओवरों में 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 28 रन बनाये। चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गायकवाड़ ने चौका मार कर टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिये और सुनील नारायण ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता ने कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य दिया था। सोमवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



तुषार देशपांडे

**कोलकाता 137/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 | 01 | 0/0 |
| सुनील नरेन का तीक्षणा बो जडेजा | 27 | 20 | 3/2 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 | 18 | 3/1 |
| श्रेयस अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 | 32 | 3/0 |
| वेंकटेश अय्यर का मिचेल बो जडेजा | 03 | 08 | 0/0 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 | 12 | 0/1 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 09 | 14 | 0/0 |
| आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 | 10 | 2/0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

**चेन्नई 141/3** — 17.4 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 | 08 | 3/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 67 | 58 | 9/0 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 | 19 | 1/1 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 | 18 | 1/3 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

## खेल डायरी

### भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब

**सेन एंटोनियो (अमेरिका)।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे थे।

### गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।

### अमेरिका ने पहले टी-20 में कनाडा को हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच का निधन

**लंदन।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, "हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।" वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन का सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

### सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी।

# किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** पंच और किक के समन्वय के साथ फुल कांटेक्ट फाइट के तौर पर प्रसिद्ध मार्शल आर्ट किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में हुई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।



किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मान्यता के प्रपत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का मान्यता पत्र प्रदान किया।

इस बैठक में अरविंद शेरवालिया को महासचिव और सुशील कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप चौधरी, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार, सहसचिव अभिषेक मौर्या व निलेश यादव चुने गए। इसके अलावा एडमिन सेक्रेटरी आदित्य मकोरवाल व तातामी हेड सोनू सैनी बनाए गए। लखनऊ से आकाश मौर्य, बनारस से संतोष राइ, कानपुर से शहबे आलम, गाजीपुर से अब्दुल सलाम, रामपुर से प्रेम सिंह, अलीगढ़ से कुलदीप कुमार सहित अन्य जिलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश वर्तमान में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संघ है, जिसे भारत सरकार के खेल मंत्रालय से इस खेल के शासी निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इसके साथ ही वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको) से भी मान्यता प्राप्त है और वाको अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी मान्यता मिली है।

# दिल्ली की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है।



विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

## बॉलीवुड हलचल

# अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ' 'पुष्पा 2 : द रूल' ' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया। 'पुष्पा 2 : द रूल' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। यह 'पुष्पा 1 : द राइज' का सीक्वल है जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे। प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। एक्स पर पोस्ट में कहा गया है, ' 'इसके आगमन का जश्न मनाएं। पुष्पा : 2 का टीजर रिलीज है। अभिनेता अल्लू अर्जुन को 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन ने आधी रात को उनके हैदराबाद में स्थित घर के बाहर आए प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्पा : 2 के टीजर की तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मेरा हृदय आभार से भरा है। कृपया मेरे धन्यवाद को इस टीजर के साथ स्वीकार करें।'



# 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखेंगे अनन्या- आदित्य

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन फैशन के नए कैम्पेन ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, "फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल" को लांन्च करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा, हम अपना नया कैम्पेन, ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे ' 'वियर इट विथ' ' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' ' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है। जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो।



# हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** रॉकस्टार, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले कपूर खानदान के चश्मोचिराग बॉलीवुड के स्टार रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। वह बॉलीवुड की फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। रणबीर का कहना है कि बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्में करने के बजाये भारतीय सिनेमा में योगदान देना चाहते हैं। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं बॉलीवुड में अपना नाम बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यदि आप सच में दुनिया भर में नाम कमाना चाहते हैं, तो आपको इसे अपने कल्चर और कैरेक्टर के साथ करना चाहिए।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# आज मंदिरों में गूंजेंगे माता के जयकारे

## चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से देवी मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, घरों में होगी कलश स्थापना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार से शुरू हो रहे नवरात्र के मद्देनजर मंदिर समितियों ने मंदिर परिसरों की साफ-सफाई कर श्रद्धालुओं के लिए तैयार कर दिया है। नवरात्र के पहले ही दिन से शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होगा। देवी की आराधना का पर्व शुरू होने से पहले ही मंदिरों के आसपास प्रसाद व अन्य सामानों की दुकानें भी सजने लगी हैं।

चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो रहे हैं। इसीलिए शहर के श्री मां कल्याणी, पूर्णादेवी व स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिरों की समितियों द्वारा सोमवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इन मंदिरों के आसपास प्रसाद, फूल, पूजन व प्रसाधन सामग्री की दुकानें सजती रहीं। इससे नवरात्र से एक दिन पहले ही मंदिरों के आसपास रौनक दिखने लगी। मंदिर समितियों ने भक्तों की सुविधा के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ने पर स्त्री-पुरुषों को अलग-अलग पंक्तिबद्ध दर्शन-पूजन कराना तय किया है। पौराणिक मां कल्याणी मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्र ने बताया कि सुबह मंगला आरती के बाद दर्शनार्थियों के लिए मातारानी के पट खोले जाएंगे। वहीं रात को शयन आरती तक भक्तों को पूजन करने की सुविधा मिलेगी।


शुक्लागंज में सजा दुर्गा मंदिर । अमृत विचार


मंदिर के बाहर सफाई करते हिंजामं के पदाधिकारी। अमृत विचार

## मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कर डाला गया चूना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● मंदिर समितियों ने पूरी की तैयारियां, दर्शनार्थी बढ़ने पर लगानी होगी कतार

**अमृत विचार।** नवरात्र से एक दिन पहले नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी विमल द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ नगर के विभिन्न देवी मंदिरों के आसपास सफाई अभियान चलाया। इसमें काफी लोगों ने उनके नेतृत्व में मंदिर मार्ग व आसपास झाड़ू लगाकर चूने का छिड़काव भी किया। उन्होंने प्रशासन से नवरात्र के दौरान मंदिरों के आसपास नियमित सफाई कराकर चूना डलवाने की मांग की।

साथ ही पूजन-अर्चन के लिए मंदिर आने वालों खासकर बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की भी मांग की। इस दौरान हिंजामं के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह, विकास सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, योगेंद्र तिवारी, अखिल मिश्रा, परिमल मिश्रा, विष्णु गुप्ता, सुनील भदौरिया व राम किशन तिवारी आदि शामिल रहे।

## पालिकाकर्मियों ने दो मोहल्लों में चलाया अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव ।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये मंगलवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड सीताराम कॉलोनी और मनोहर नगर में साफ सफाई की।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड आठ सीताराम कॉलोनी और आंशिक मनोहर नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। नाला-नालियों की सफाई की गई। जिसके बाद सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने दोनों मोहल्लों की सभी गलियों में फागिंग कराई गई। ईओ ने बताया कि 30 अप्रैल तक अभियान चलाया जायेगा।

## सोमवती अमावस्या पर पीपल का पूजन, मांगी पति की दीर्घायु

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● पूजन के लिए उमड़ी रही भीड़, महिलाओं ने पूजन करने के बाद सुहाग की सामग्री दान की

**अमृत विचार।** महिलाओं ने सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना कर पति के दीर्घायु होने की कामना की। सुबह से ही जगह-जगह पीपल वृक्षों पर महिलाओं का जमावड़ा लगा रहा।

सोमवार को महिलाएं सोमवती की पूजा करने के लिए घर से निकलकर पीपल वृक्ष की ओर बढ़ती रहीं। अधिकांश महिलाएं तो अपनी सास, जेठानी व ननद के साथ पूजन करने पहुंचीं। जबकि नव विवाहिताओं के साथ अन्य महिलाओं के अलावा उनके पति भी पहुंचे। महिलाओं को पूजन में सहयोग करने के एवज में नेग व अन्य सामान लेने के लिए अधिकांश स्थानों पर मालिन पहले से मौजूद रहीं। महिलाओं ने पीपल वृक्ष का पूजन करने के बाद कच्चे सूत लपेटते हुए फेरियां लीं और आपस में कथा भी सुनी। कई महिलाएं इस दौरान मौजूद महिलाओं को सुहाग सामग्री का दान भी करती रहीं।


पीपल के वृक्ष का पूजन-अर्चन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर जमकर हुई खरीदारी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के एक दिन पहले सोमवार को शाम के समय बाजार में पूजन सामग्री खरीदने के लिये भक्तों की भारी भीड़ रही। मां दुर्गा की पूजा और उपासना करने के लिए मंदिरों के बाहर से लेकर राजमार्ग तक लगी सैकड़ों दुकानों पर लोगों ने चुनरी, देवी प्रतिमा समेत अन्य पूजन सामग्री खरीदी। इसके साथ ही मंदिरों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया।

चैत्र नवरात्र की खरीददारी को लेकर सोमवार को नगर में खरीददारों की भारी भीड देखी गई। पूजन सामग्री, चुनरी, फल, नरियल, आदि की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की महंगाई को लेकर श्रद्वालुओं को काफी कम खरीददारी करनी पडीं दूसरी ओर मंदिरों में सोमवार को अधिक संख्या में श्रद्वालुओं ने साफ सफाई व रंगरोगन के बाद राजमार्ग प्राचीन दुर्गा मंदिर व अन्य मंदिरों में भव्य श्रगांर किया और मंगलवार से शुरू हो रहे साप्ताहिक पर्व की तैयारिया पूरी की गईं। वहीं राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में मंगलवार सुबह कलश पूजन के साथ पूजन कार्य शुरू किया जायेगा। छह बजे माता को भोग लगाने के बाद महाआरती का आयोजन किया जायेगा। वहीं शाम को भी महाआरती का आयोजन किया जायेगा। प्राचीन दुर्गा मंदिर में प्रदेश से भी लोग दर्शन करने के लिये आते हैं। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड सोमा गौरी, गांधी नगर काली मंदिर, आंनद नगर अन्नर्पूणा मंदिर, चंपापुरवा में मंशा देवी मंदिर समेत नगर के विभिन्न मंदिरों में पूरे दिन साफ सफाई व सजावट का कार्यक्रम चलता रहा। वहीं मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी रामफल प्रजापति ने व्यापक इंतजाम करवाए हैं। इसके साथ ही मंदिर के अंदर महिला सिपाहियों की तैनाती की गई है। श्री दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले दिन कलश स्थापना और ध्वजारोहण होगा। जिसके बाद 13 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस अखंड पाठ शुरू होगा। दूसरे दिन राज्याभिषेक कराया जायेगा। जिसके बाद अष्टमी को पूर्णाहूति होगी। नवमी को कन्यापूजन होगा। जिसके बाद रामजन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

● नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सजाए गए माता के दरबार


चांदी के मठ में विराजीं मां दुर्गा।


दुर्गा मंदिर के बाहर सजीं दुकानें। अमृत विचार


व्रत की सामग्री खरीदती महिला। अमृत विचार

## जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दे दी जान

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के मगरायर गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मगरायर गांव निवासी सौरभ हरियाणा में रहकर अपने बड़े भाई राजा बाबू के साथ कपड़े सिलने का काम करता था। उसका छोटा भाई शुभम व बहन गुड़िया गांव में पढ़ाई करते हैं। बीती पांच अप्रैल को वह गांव लौटा था। सोमवार सुबह घर में सौरभ ने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

उसकी हालत बिगड़ने और उल्टियां होने पर परिजन उसे पीएचसी ले गए। जहां उसे गंभीर देख प्रभारी चिकित्साधिकारी पंकज पांडेय ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत पर मां राजवती व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# होली मिलन में कवियों ने रंग जमाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अभ्युदय सेवा संस्थान के बैनर तले शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंची नगर पालिका चेयरमैन श्वेता मिश्रा ने कहा कि रंगों का त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारा बढ़ाते हुए मिलजुल कर रहना सिखाता है। वहीं अन्य वक्ताओं ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की। साथ ही मंचासीन कवियों ने काव्य पाठ करते हुए न सिर्फ श्रोताओं का मनोरंजन किया बल्कि मिल-जुलकर रहने को प्रेरित किया।

संस्था के अध्यक्ष डा. प्रभात सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. मनोज श्रीवास्तव, ओपी तिवारी, प्रेम सिंह सेंगर व स्वयं श्रीवास्तव ने मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था अध्यक्ष ने काव्य के जरिए लोगों से चिंतन को दिशा देने की बात कही। संस्था सनातन सरोकार के संस्थापक इंजीनियर निकुंज वाजपेयी ने हिंदू नव वर्ष के कैलेंडर का विमोचन किया। इस दौरान अतिथियों का सम्मान किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन युवा कवि राहुल वर्मा व अध्यक्षता कवि सुरेश फक्कड़ ने की। मिश्रिख से आए जगजीवन मिश्र, शिवांश शुक्ला 'सरस', हास्य कवि डा. विनय तिवारी, युवा शायर अविजित अमन व उन्नाव के प्रसिद्ध गीतकार स्वयं श्रीवास्तव ने रचनाएं सुनाकर आयोजन को बहुरंगी बना दिया। व्यंग्य के कवि डा. विनय तिवारी की रचनाओं पर लोगों ने तालियां बजाईं। अंत में सभी ने फूलों व गुलाल की होली खेली। प्रवीण मिश्र भानू, विमल द्विवेदी, रामदेव शुक्ल, गौरव शुक्ला, इला दीक्षित, उमा शंकर यादव, वंदना सिन्हा, सुगंधा सिन्हा, सुधा श्रीवास्तव, अभिषेक दीक्षित, आदित्य बाजपेई, नवीन मीरा, शिवांग मिश्र, आलोक शुक्ल, शैलेंद्र शुक्ल, भरत चित्रांशी, शैलेंद्र त्रिवेदी, राकेश द्विवेदी, अजय शुक्ल, राहुल राम द्विवेदी आदि रहे।


समारोह के दौरान फूलों की होली खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार


कविता पाठ करते कवि।

### इनका किया गया सम्मान

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक दीप कुमार अस्थाना, मधु श्रीवास्तव, साहब लाल यादव व रतीभान सिंह, श्रेष्ठ कार्यों के लिए विनीत मिश्र, कृष्ण शंकर मिश्र, संजय कनौजिया, प्रत्युष मिश्र, नितेश दीक्षित, सचिन मिश्र और अपनी सेवाओं से दिशा दे रहे डीसीए सचिव पीके मिश्र, वीपी तिवारी, राहुल राम द्विवेदी, धर्मेंद्र शर्मा व राजेश कुशवाहा आदि को सम्मानित किया गया।


आग से राख हुई गेहूं की फसल। अमृत विचार

## आग लगने से जली गेहूं की फसल

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव निवासी लल्लन पुत्र केशन व रामरानी के गेहूं के खेत में संदिग्ध परिस्थिति में सोमवार को आग लग गई।

जिससे खेत में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी पर आनन-फानन वहां पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया। जिससे अन्य खेतों में आग लगने से बच गई। इस संबंध में एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जानकारी हुई है। लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# पांच क्विंटल गेहूं खरीद कर हुई केंद्र की शुरुआत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● विपणन अधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्र पर पहले दिन अपने सामने तौल कराई

**अमृत विचार।** विपणन अधिकारी ने सोमवार को स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी यार्ड में बीपैक्स समिति जसरा मारूफपुर के गेंहू क्रय केंद्र पर किसानों से खरीद की शुरुआत कराई। केंद्र द्वारा सरकारी दर पर एक किसान का पांच क्विंटल गेहूं खरीदा गया।

जिला विपणन अधिकारी श्याम मिश्रा ने साधन सहकारी समिति जसरा मारूफपुर के क्रय केंद्र पर गांव भिखारीपुर रूल्ल निवासी किसान सत्य नारायण राजपूत के 5 क्विंटल गेहूं की तौल कराई। कृषि उपज का धन सीधे किसान के खाते में भेजा गया। विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में गेहूं के 92 क्रय केंद्र बनाये गए हैं। किसानों को किसी भी सेंटर पर कोई असुविधा न हो इसके लिए वहां किसानों के लिए पेयजल व छाया की समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि कोई भी किसान अपना रजिस्ट्रेशन कराकर अपने नजदीक केंद्र पर गेहूं बेच सकता है। कृषि उपज का भुगतान 48 घंटे में किसान के बचत खातों में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बटाईदार किसान भी रजिस्ट्रेशन कराने के बाद अपना गेंहू बेच सकते हैं। सरकार किसानों को मौजूदा वर्ष में 2275 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान करेगी। समिति सचिव बालेश कनौजिया ने किसानों का मुंह भी मीठा कराया। एफसीआई के अधिकारी आरडी शुक्ला सहित संजय सिंह, विकास त्रिपाठी, रमेश कुमार, ओम प्रकाश आदि रहे।


खरीद केंद्र पर पहुंचे विपणन अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


भाजपा प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष व विधायकों का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### प्रबुद्ध सम्मेलन में भाजपाइयों ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**औरास उन्नाव।** औरास ब्लाक मुख्यालय पर भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वक्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाने पर जोर दिया। भाजपा नेताओं ने इस दौरान सरकारों की उपलब्धियों का बखान भी किया। सांसद साक्षी महाराज के कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही यहां पहले से मौजूद लोगों ने नारेबाजी कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इसके साथ शुरू हुए प्रबुद्ध सम्मेलन में वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनानी शुरू कर दीं। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव सभी पात्रों को अगले पांच तक मुफ्त खाद्यान देकर पीएम ने साबित कर दिया है कि वह प्रत्येक जरूरतमंद को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। कार्यक्रम में सौरभ मिश्रा, भगवती प्रसाद वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह सहित बड़ी संख्या में निकाय व पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


अमावस्या पर गंगा स्नान के दौरान घाट पर मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की।अमावस्या के अवसर पर नगर के अलावा दूर दराज से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं शाम को नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे।

ईद की तैयारियां

युवाओं में ईद पर स्टाइलिश दिखने की लगी होड़, महिलाओं ने भी खरीदे परंपरागत परिधान

# युवाओं को रंगीन चिकन तो बुजुर्गों को सफेद कुर्ते पसंद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** ईद नजदीक आने से त्योहारी खरीदारी करने वालों ने बाजार की रौनक बढ़ा दी है। बाजार पहुंचने वाले जहां ईद के लिए नए कपड़े खरीद रहे हैं। वहीं महिलाएं क्राकरी सहित अन्य घरेलू सामान खरीद रही हैं। युवाओं में ईद पर स्टाइलिश दिखने की होड़ के चलते कलर फुल सूती सहित हाथ से कढ़े लखनऊवा चिकन के कुर्तों की खासी डिमांड है। इसी तरह महिलाएं भी परंपरागत परिधान व सैंडल आदि खरीदती दिख रही हैं।

सीजन के लिहाज से सूती कपड़े अधिक आरामदेह साबित होते हैं। इसलिए ईद पर 250 से 2500 रुपए तक के कढ़ाई वाले लखनउवा चिकन सहित सूती कपड़ों के कुर्ते खूब बिक रहे हैं। कुर्ता कारोबारी सादिक अंसारी ने बताया कि युवाओं में मौसम के लिहाज से कंफर्ट फील कराने वाले सूती व चिकन के कुर्तों का इस समय अधिक क्रेज है। वह स्टाइलिश दिखने को कलरफुल कपड़े खासकर कुर्ते मांग रहे हैं। हालांकि बुजुर्गों की पसंद परंपरागत सफेद कुर्ते ही बने हुए हैं। वहीं बाजार पहुंचने वाली महिलाएं त्योहार पर घर आने वाले मेहमानों के सामने सिंवई सहित अन्य पकवान सजाने के लिए पहले क्राकरी दुकानों पर पहुंचकर पसंद आने वाली प्लेट, कटोरियां व गिलास आदि की पैकिंग कराती हैं। बाद में भी कपड़ों की खरीदारी करती दिख रही हैं।

● मेहमाननवाजी के लिए महिलाओं का क्राकरी खरीदने पर रहा अधिक जोर


दुकान में टोपी पसंद करते युवा। अमृत विचार


कपड़े खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

### 50 से 250 रुपये तक की टोपियां उपलब्ध

ईद का जिक्र होते ही सुबह नमाज के समय पहनने के लिए टोपी का ख्याल जेहन में अपने आप आता है। समय के साथ युवा पीढ़ी टोपियां भी स्टाइलिश ही पसंद करती है। युवा बाजार में सजी टोपियों की दुकानों पर जाकर अपनी पसंद की टोपी ले रहे हैं। बाजार में 50 से 250 रुपए कीमत वाली टोपियां उपलब्ध हैं।

## 'कहीं किसी भी सूरत में न होने पाए बाल विवाह'

**उन्नाव।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने वर्चुअल बैठक में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के एहतियाती उपाय किए जाने पर जोर दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने कहा कि 18 वर्ष से पहले लड़कियों व 21 वर्ष से पहले लड़कों का विवाह नहीं होना चाहिए। कुछ लोग अक्षय तृतीया को शुभ तिथि मानकर प्रतिबंधित होने के बाद भी ऐसे विवाह कराने का प्रयास करते हैं। बताया कि इस तरह के आयोजन की जानकारी 1098 टोल फ्री नंबर या जिला प्रोबेशन कार्यालय के सीयूजी मोबाइल नंबर-7518024022 पर कोई भी व्यक्ति दे सकता है। जिससे कानूनी कार्रवाई की जा सके। बैठक में एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त प्रीती सिंह व संजय कुमार मिश्र आदि रहे।

# हत्या करने वाले पिता-पुत्र समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास

## 8 जुलाई 2000 को चाकू से वारकर हत्या करने के बाद कोर्ट में किया था आत्मसमर्पण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानाक्षेत्र में जमीनी विवाद में चाकू घोंपकर हुई दलित अधेड़ की हत्या के मामले में अंतिम सुनवाई सोमवार को एससीएसटी की विशेष कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे ने हत्या के आरोपी पिता-पुत्र समेत चार को दोषी ठहराते हुए उन्हें आजीवन कारावास के साथ सभी पर 21-21 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।



- सभी पर 21-21 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया

बता दें कि मौरावां थानाक्षेत्र के दरहेटा गांव निवासी बिंदा कुरील की चाकू व छुरी घोंपकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। बेटे सुनील का आरोप था कि 8 जुलाई-2000 को सुबह करीब 6:30 बजे वह अपने पिता बिंदा कुरील के साथ घर ट्रैक्टर से खेत जोतने निकला था। रास्ते में वह गांव निवासी वेद प्रकाश की चक्की में रुक गया था। जबकि पिता खेत में शौच के लिए चले गए। जब वह वापस लौटा तो पिता को गांव के जीत बहादुर पुत्र सुखलाल, रामनरेश पुत्र जीत बहादुर, श्रीराम, राज बहादुर व रामबाबू पुत्रगण रामभरोसे कुरील मिलकर चाकू व छूरी से मार रहे थे। उसके शोर मचाने पर सभी पिता को मारकर बस में बैठकर पुरवा की ओर भाग निकले। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे ही रही थी कि सभी ने 12 जुलाई-2000 को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। आईओ तत्कालीन एसओ मौरावां जीएन खन्ना ने श्रीराम, राजबहादुर व रामबाबू के विरुद्ध चार अक्टूबर-2001 को चार्जशीट दाखिल की थी। दलित हत्याकांड उस समय सुर्खियों में रहा था। तत्कालीन प्रदेश सरकार ने हत्याकांड की जांच सीबीसीआईडी से कराई थी। सीबीसीआईडी ने जांच में पुलिस की कहानी पर सवाल भी उठाए थे। पुलिस ने हत्याकांड से जीत बहादुर व उसके बेटे रामनरेश का नाम हटा दिया था। बाद में उनके नाम भी शामिल कर चार्जशीट पेश हुई थी। एससीएसटी की विशेष कोर्ट में सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय की ओर से पेश की गई दलीलों व प्रस्तुत गवाहों के बयान के आधार पर एडीजे मो. असलम ने श्रीराम, राजबहादुर, जीत बहादुर व राम नरेश को हत्या का दोषी ठहराया। कोर्ट ने चारों दोषियों को उम्रकैद के आदेश दिये। वहीं एक आरोपी राम बाबू के विरुद्ध कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है।

## सभी वार्डों में किया एंटी लार्वा का छिड़काव

**नवाबगंज।** नगर पंचायत नवाबगंज के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि कस्बे को साफ सुथरा बनाना उनकी प्राथमिकता है। जिसके लिए वह खुद कस्बे के वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समय संचारी रोगों से बचाव के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है उसके तहत कस्बे के सभी वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग की व्यवस्था लगातार कराई जा रही है। जिससे मच्छरों का प्रकोप कस्बे में न होने पाए और लोग संचारी रोगों से बच सकें। उन्होंने कस्बा वासियों से कहा कि यदि उनकी कोई समस्या हो तो वह सीधे उनके ऑफिस में आकर मिलें। जिससे उनकी समस्या दूर हो सके। लोगों व राहगीरों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार का कचरा हो उसे डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने अपील की कि इधर-उधर कचरा न डाले जिससे कस्बे में साफ-सफाई रह सके।

# ड्यूटी पर पहुंचने की जल्दी पड़ी बहुत भारी, भीषण जाम लगने से हो गए लेट

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह पीक ऑवर के समय बालूघाट की ओर से वाहन निकलने लगे। जिससे शुक्लागंज की ओर से आ रहे वाहनों की रफ्तार रुक गई और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गई। जाम को देख पहुंची पुलिस ने मशक्कत कर जाम हटवाया। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।



नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

सुबह करीब पौने 10 बजे बालूघाट मोड़ से जल्दबाजी में विपरीत दिशा से वाहन निकले। जिससे एक ओर का यातायात रुक गया। वहीं दूसरी ओर से ई बसें आ गई। जिससे वाहन फंस गये और जाम लगना शुरू हो गया। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सीधा कराने का प्रयास किया।

इसके बावजूद जाम नहीं हटा। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। इस दौरान कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं देरी से स्कूल पहुंची। वहीं नवीन पुल, फोरलेन, मनोहर नगर, पोनी रोड पर चौतरफा जाम लगा रह। साढ़े ग्यारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# ..तो क्या स्वर्ग से उतरकर ज्ञानेंद्र कर सकता है चुनाव में शांतिभंग

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कहते हैं चुनाव के दौरान पुलिस काफी सतर्क और हर काम में मुस्तैद हो जाती है। अधिकारी भी इस दौरान किसी भी प्रकार की कमी न करने के निर्देश अपने मातहतों को देते नहीं थकते हैं। लेकिन, मातहत हैं कि अपनी कारगुजारी से अधिकारियों के सभी प्रयासों पर पानी फेरने से चूकते नहीं हैं। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने एक ऐसे शख्स को शांति भंग में पाबंद कर दिया। जिसकी मौत सन 2015 में हो चुकी है।
हम बात कर रहे हैं उन्नाव जिले की प्रमुख कोतवाली हसनगंज की पुलिस की सक्रियता की जो आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर इतना अधिक सजग है कि निष्पक्ष चुनाव में कोई व्यक्ति स्वर्ग से उतरकर भी खलल न डाल सके इसके लिए स्वर्गवासी हो चुके 45 वर्षीय शख्स को भी 107/16 में पाबंद कर दिया। साथ ही उसके घर पर हाजिर होने का नोटिस भी पहुंचा दिया।




- हसनगंज पुलिस ने साढ़े आठ साल पहले मर चुके व्यक्ति को पाबंद करने की भेजी रिपोर्ट
- जब पाबंद किए जाने का नोटिस पहुंचा तो परिजनों में हड़कंप मच गया

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कुरैली गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह का निधन 13 सितंबर-2015 को हुआ था। इसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी निर्गत हो चुका था। लेकिन, इसके बाद भी 2017, 2019 व 2022 में आम चुनाव हो चुके लेकिन इसके बाद भी अचानक जब उनको पाबंद किए जाने का नोटिस पहुंचा तो परिजनों में हड़कंप मच गया। यह बात मोहल्ले में भी फैल गई कि जो शख्स मर चुका है, उसको भी पुलिस ने लिखापढ़ी में जिंदा कर क्षेत्र का असामाजिक तत्व बताया है। वहीं पूरी कार्यशैली को लेकर कोतवाली पुलिस पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं कि यदि व्यक्ति संदिग्ध रहा तो इतने आम चुनाव में सिर्फ खानापूर्ति ही की गई। इसके अलावा इसी गांव के आसपास के कई वरिष्ठ नागरिक भी पुलिस की पाबंद किए गए लोगों की सूची में शामिल हैं। वहीं पुलिस विभाग के अफसर इस विषय में जानकारी न होने की बात कहते हुए मामले की जांच करने की बात कह रहे हैं।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मुंडन के लिए बैंड बुक कर लौटते समय बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान लखनऊ के ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं इसी थानाक्षेत्र में आटो पलटने से पिता-पुत्री घायल हो गए। इसके अलावा बांगरमऊ क्षेत्र में कार बाइक की टक्कर में महिला समेत दो लोगों को गंभीर चोटें आ गईं। वहीं सोहरामऊ क्षेत्र में हादसे में घायल ईरिक्शा चालक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**औरास** थानाक्षेत्र के कुवंर खेड़ा गांव निवासी रजनीश (35) पुत्र परमेश्वर के घर में 10 अप्रैल को मुंडन है। इसे लेकर बीती शुक्रवार शाम वह देवतारा गांव में बैंड बुक करने गया था। वहां से लौटते समय शराब ठेके के पास सामने से आए आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी दूधिये की बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। इसमें उसे गंभीर चोटें आई थीं। औरास सीएचसी में प्राथमिक इलाज देकर डाक्टर ने उसे केजीएमयू रेफर किया था। जहां के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी गुड़िया व तीन बच्चों सहित अन्य परिजनों मे कोहराम मच गया। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


बांगरमऊ में हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त कार व मौजूद घायल महिला। अमृत विचार


नवाबगंज में घायल हुए युवक का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

- मुंडन संस्कार के लिए बैंड बुक कर लौटते समय हुआ था सड़क हादसा
- अन्य स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पिता-पुत्री समेत पांच घायल

### ऑटो पलटने से घायल हुए पिता-पुत्री

**औरास।** थानाक्षेत्र के पनापुर गांव निवासी नन्हा अपनी बेटी कुसमा के साथ हैदराबाद कस्बा गया था। तभी औरास कस्बा स्थित जंगलेश्वर मंदिर के सामने जर्जर सड़क पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें पिता-पुत्री घायल हो गए। जिन्हें औरास सीएचसी लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**बांगरमऊ** कोतवाली क्षेत्र के गांव मितान पुरवा निवासी संदीप (19) पुत्र राम दुलारे सोमवार दोपहर बाद बाइक से मदार नगर आ रहा था। बिल्हौर मार्ग स्थित गांव बेरिया गाड़ा मोड़ के पास खड़े होकर परिचित से बात करने लगा। इसी दौरान पीछे से आई कार उसकी बाइक में टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं संदीप व कार में आगे की सीट पर बैठी हरदोई जिले के गांव रद्धे पुरवा निवासी उमाकांती (40) पत्नी गुरु प्रसाद गंभीर घायल हो गई। एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**नवाबगंज** में सोमवार देरशाम जहांगीराबाद निवासी राजा बाबू (45) ई-रिक्शा लेकर लौट रहा था। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के पैंथर गांव के पास पहुंचा तो अन्ना मवेशी को बचाने में उसका ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें वह रिक्शे के नीचे दब गया। राहगीर दौड़े और उसे बहार निकाल कर सीएचसी भेजा। जहां मौजूद डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर: अन्नू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के गांवों में जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाएं करते हुए कहा कि 'जीतेगा इंडिया, पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया' नारा देने वाले ही अब इंडिया शब्द से परहेज़ करने लगे हैं, जबकि पिछले नौ वर्षों में एक दर्जन योजनाएं भारत के बजाए गुलामी के प्रतीक इंडिया के नाम से लागू की जाती रहीं।

उन्होंने कहा कि चुनाव ने भाजपा नेताओं के अंग्रेजी प्रेम ने पलीता लगा दिया है। इसीलिए स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, साइनिंग इंडिया, आदि योजनाएं लांच करने वाले इंडिया नाम से बिदक रहे हैं। पूर्व सांसद ने सवाल किया कि बीते नौ साल में संबंधित लोगों को यह भान क्यों नहीं हुआ कि यह गुलामी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद इंडिया नाम से चल रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसलिए भावी पीढ़ी को पढ़ाने और आगे बढ़ाने की की चाह रखने वालों को इंडिया गठबंधन में शामिल सपा को जिताना चाहिए, क्योंकि साबित हो चुका है कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि यह लोग केवल पांच किलो राशन ही दे सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं व अधिकारियों की दुरभि संधि के चलते विकास को मिलने वाले धन का लगातार दुरुपयोग किया गया है। इसलिए विकास का लाभ पाने के लिए भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेकने का समय आ गया है। सपा उम्मीदवार ने गलगलहा, मसवासी, दयाल खेड़ा, फतेपुर, घोंघी रौतापुर, महेश खेड़ा, पोनी, झब्बू पुरवा, अफलाक़ नगर, रजवा खेड़ा व त्रिभुवन खेड़ा आदि गांवों में घर-घर जनसंपर्क किया। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने भी भाजपा पर करारे प्रहार किए। जनसंपर्क करने वालों में अंकित परिहार, वीरेंद्र शुक्ला, मंटू निषाद, ओम प्रकाश पासवान, विजय यादव, राकेश चंदेल रहे।


लोगों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन।

# हाईटेंशन लाइन ब्रेक हो जाने से पांच घंटे गुल रही फीडर तीन की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के कारण फोरलेन पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास एचटी लाइन ब्रेक हो गई। जिससे फीडर तीन की बिजली गुल हो गई। बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। जहां फाल्ट मिलने के बाद मरम्मत कार्य किया गया। इस दौरान फीडर तीन की पांच घंटे तक बिजली गुल रही।

सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे फीडर तीन में एचटी लाइन ब्रेक हो गई। सरैयां स्थित शुक्लागंज सबस्टेशन पर मौजूद एसएसओ ने कई बार लाइन चालू करने का प्रयास किया लेकिन लाइन ब्रेक होने के कारण बार-बार लाइन ट्रिप हो रही थी। जिसकी जानकारी जेई विष्णु शुक्ला को दी। जेई ने बिजली कर्मियों के साथ पेट्रोलिंग शुरू की। जहां राजधानी मार्ग स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने एचटी लाइन ब्रेक मिली। जिस पर बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान साढ़े चार बजे तक कार्य चलता रहा। जिस कारण फीडर तीन की पांच घंटे तक बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने से हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।


फाल्ट की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

- पेट्रोलिंग कर फाल्ट ढूंढ़ कर मरम्मत कार्य किया गया

# ट्रेन से कट कर मानसिक मंदित युवक की मौत

**फतेहपुर/औंग।** मानसिक संतुलन खोया एक युवक सोमवार सुबह घर से निकला। थरियांव के पास रेलवे ट्रैक पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के तपस्वी नगर निवासी मिथिलेश गुप्ता का परिजनों के मुताबिक मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। सोमवार सुबह वह घर से निकल गया था। पुलिस ने सूचना दी कि मिथिलेश कीं सथरियांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया है। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

एग्रीस्टैक योजना | सघन आबादी होने के चलते ई सर्वे में लोकेशन नहीं मिल पा रही

# 5500 गाटा नंबरों का हुआ सर्वे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएम के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र की नेतुआ और खैरहा एहतमाली ग्राम सभा का एग्रीस्टैक योजना के तहत सर्वे कार्य कराया जा रहा है। जहां दूसरे दिन सोमवार को दो राजस्व निरीक्षण और लेखपालों की टीम ने साढ़े पांच हजार से अधिक गाटा नंबरों का सर्वे किया। इस दौरान तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने सर्वे कार्य का जायजा लिया।

डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर तहसीलदार अविनाश चौधरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार पीयूष भार्गव की मौजूदगी में दो राजस्व निरीक्षक और लेखपाल अशोक सैनी, सुधांशु बाजपेई, सत्यम शर्मा, अनुराग परिहार, जीतेन्द्र कुमार, पारूल मिश्रा, चंदन गुप्ता, दीपेन्द्र तिवारी, मनीष शुक्ला, अवनीश तिवारी, आशुतोष दुबे, राजकिशोर, मुकेश दीक्षित, आशीष श्रीवास्तव, घनश्याम पांडे ने सोमवार को सर्वे का शुरू किया। जहां सुबह से लेकर शाम तक लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में डंटे रहे। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि नेतुआ में पांच हजार से अधिक गाटा संख्याओं का सर्वे कार्य किया गया। जहां खैरहा एहतमाली में साढ़े सात सौ गाटा संख्या का सर्वे कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान कई खेतों में इस वक्त जगह-जगह आलीशान मकान बने हुये हैं। आबादी होने के कारण नदी के किनारे जाना पड़ रहा है। सघन आबादी होने के चलते ई सर्वे में लोकेशन नहीं मिल पा रही है। ऐसे में दो दिन के भीतर सर्वे कार्य पूरा करना टेढ़ी खीर साबित होगा।


गंगा के किनारे नेतुआ में सर्वे का कार्य करती टीम। अमृत विचार

- दो दिन के भीतर सर्वे पूरा करना टेढ़ी खीर साबित होगा

# निरीक्षकों को दी गई कानून की जानकारी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** सोमवार को शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर (पीटीसी) में कानपुर जोन के 300 निरीक्षकों का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें प्रथम दिवस एडीजी प्रशिक्षण सुनील गुप्ता ने निरीक्षकों को बताया कि नए कानून के तहत वाहन दुर्घटना के दोषी को दो वर्ष की जगह पांच वर्ष तक की सजा होगी।

वहीं नए कानून के तहत भीड़ व सामूहिक अपराध के मामलों में अभी तक केवल अपराध करने वाले को ही दंडित किया जाता था लेकिन, अब इसे बेहद सख्त बनाया गया है। अब जितने लोग सामूहिक अपराध में शामिल होंगे सभी दंड के भागी होंगे। इसके बाद उन्होंने पूरी संस्था का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने मौजूद सभी निरीक्षकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


पीटीसी में मौजूद निरीक्षक। अमृत विचार

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से फिर जायद की फसलों तक पहुंचा पानी, नुकसान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा की रेती में इस समय जायद की फसल लहलहा रही है। जिससे किसानों के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही हैं लेकिन दो दिनों से गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जिससे गंगा के किनारे कई किसानों की जायद की फसलों के आस पास पानी भर गया है। जिससे उन्हें खासा नुकसान पहुंचा है।

गंगा की रेती में शंकरपुर सरायं, सन्नी सरायं, लक्ष्मी खेड़ा, कन्हवापुर, गगनी खेड़ा, नाथू खेड़ा, पीपर खेड़ा, झब्बू पुरवा, लोचन खेड़ा, रजवा खेड़ा, मनसुख खेड़ा, चंपापुरवा, गोताखोर, तेजीपुरवा, मनोहर नगर, मंशा खेड़ा आदि तमाम गांव मजरों के हजारों किसानों ने बैराज रेती से लेकर जाजमऊ पुल के आगे तक रेती की खेती की थी। जिसमें खीरा, ककड़ी, तरबूज, कद्दू, करेला, लौकी खरबूजा, टमाटर, तरोई आदि की फसलें बोई रखी हैं। इधर फसलें तैयार हो गई हैं और किसान सब्जियां तोड़कर बाजारों में बेच भी रहे हैं। दो दिनों से बैराज बांध से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। जिस कारण कई किसानों की जायद की फसलों के आस पास पानी भर गया हैं। अचानक पानी बढ़ने से तट पर मौजूद पंडों के तख्त और झोपड़ियों के पास भी पानी पहुंच गया है।

- रेती में बो रखी थीं खीरा, ककड़ी व तरबूज की फसल
- बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण जलस्तर बढ़ रहा


गंगा का जलस्तर बढ़ने से खीरा व तरबूज की फसल पानी में डूबी। अमृत विचार

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





29वां रोजा

शिया
सहरी : 04.15 बजे
इफ्तार : 06.37 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.20 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# वायनाड से चुनाव जीतने के लिए राहुल ने ली पीएफआई की मदद : स्मृति ईरानी

▶▶ केन्द्रीयमंत्री बोलीं- रंग बदलते देखा है लेकिन परिवार बदलते पहली बार देख रही हूं

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** सांसद स्मृति ईरानी ने सोमवार को पूर्व सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड में राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए पीएफआई का समर्थन लिया है। जो हिंदुओं को मारने के लिए लिस्ट बनाता है। ऐसे संगठन की मदद से राहुल गांधी चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं। स्मृति ईरानी सोमवार को सलोन विधानसभा क्षेत्र के पारी और राग्घूपुर स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में कार्यकर्ताओं संग बैठक करने पहुंची।

उन्होंने कहा कि सलोन ब्लॉक के 44 गांवों में पक्की सड़कें, लगभग ग्यारह हजार गांवों में इंटर लॉकिंग, 14 हजार परिवार को विद्युत कनेक्शन, साढ़े 6 हजार परिवार को पक्का मकान, 33 हजार 690 किसानों को किसान सम्मान निधि समेत अन्य सुविधाएं भाजपा की सरकार बनने के बाद मिली है। 68 हजार लोगों को आयुष्मान योजना में निःशुल्क उपचार और मोदी सरकार की लखपति दीदी योजना से सलोन क्षेत्र का उत्थान हुआ है। जबकि कांग्रेस सांसद ने यहां 15 साल तक क्या किया। स्मृति बोलीं कि चुनाव हारे और डर कर भागने वाले का नाम राहुल गांधी है।

स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि अगर राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगे तो जनता को क्या जवाब देंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजा है। गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है तो जो ये 19 लाख नागरिकों को मुफ्त राशन मिल रहा है। गांधी परिवार इन परिवारों से क्या कहेगा। स्मृति ने कहा कि पहले राहुल ने अमेठी को धोखा दिया और अब वायनाड को दे रहे है। कांग्रेस अमेठी को अपना परिवार कहती थी।

अगर परिवार था तो परिवार कौन बदलता है, परिवार छोड़ कर कौन भागता है। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, मंडल अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, सुधीर सिंह, राजेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रशेखर रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, आकाश सिंह, वीरू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



महिला से बातचीत करतीं केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी।

### स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**परशदेपुर।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने छतोह के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह उर्फ मोनू के गोपालीपुर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस मौके पर पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, प्रधान राजाराम, पूर्व प्रधान श्याम बहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सुनील सिंह, संजय सिंह, सभासद मोहम्मद मुस्तफा, महेश विश्वकर्मा व गढ़ा के जानकी देवी इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, चैतन्य सिंह भदौरिया, कमलेश वैश्य, अभय तिवारी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आप सबकी मेहनत से कांग्रेस को फिर नापना है

**सलोन।** सोमवार को सलोन और पारी गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में पहुंची सांसद स्मृति ईरानी उस वक्त नाराज हो उठी जब कार्यकर्ता आधी अधूरी तैयारी के साथ सांसद की बैठक में सम्मलित हुआ। सांसद ने कहा कि जब 2014 में अमेठी आई थी तब और आज 2024 के चुनाव में काफी कुछ बदल चुका है। कहा कि पहली बार चुनाव में उन्हें सलोन विधान सभा के सूची आंशिक से 160 मतों से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनके चुनाव जीतने के बाद उसी सीट से अशोक कोरी 272 मतो से जीत मिली थी। मीरजहांपुर आंशिक में 123 वोट से लोकसभा चुनाव में हार मिली। जबकि विधान सभा चुनाव में महज 2 मत से हार का सामना करना पड़ा था। स्मृति ईरानी ने कहा कि आप सब की मेहनत से इस बार कांग्रेस को फिर से नापना है।

### राहुल ने अमेठी को धोखा दिया

**जगतपुर।** थाना क्षेत्र के पारी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर पलट वार करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। जगतपुर थाना क्षेत्र के पारी में कार्यकर्ताओं की बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा है अगर राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे तो अमेठी अपने सम्मान व संरक्षण का चुनाव गांधी परिवार के खिलाफ लड़ेगा। राहुल गांधी यहां से सांसद रहे जिन्होंने कोई विकास नहीं किया है और यहां की जनता के साथ धोखा किया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

▶▶ शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** अपने रिश्तेदारों के घर से वापस लौटते समय कस्बा खीरों निवासी बाइक सवार दो सगे भाइयों की बाइक में शनिवार की रात एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक एक भाई की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय पुलिस ने बांदा के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर दशा में कानपुर भेज दिया गया, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को देर रात शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।



राम सिंह (फाइल फोटो)

मृतक के पिता कस्बा खीरों निवासी सुरेश बहेलिया ने बताया कि उसके दो बेटे राम सिंह और लखन सिंह बांदा निवासी रिश्तेदारों के घर से शनिवार की रात को बाइक द्वारा घर वापस लौट रहे थे। बांदा-फतेहपुर मार्ग पर तिंदवारी के पास रात लगभग नौ बजे एक पिकअप का अज्ञात चालक बाइक में टक्कर मारी थी जिसमें उसके एक बेटे की मौत हो गई। जबकि दूसरा बेटा लखन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल लखन सिंह को पुलिस ने जिला अस्पताल बांदा पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर दशा में कानपुर भेज दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। रविवार की रात को शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और कस्बे में मातम छा गया। इस घटना से मृतक की बेटी केसी, मां गीतादेवी, पिता सुरेश बहेलिया, भाई केशन, बहन गुड़िया सहित सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सभी को सता रही बेटी केसी की चिंता

सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मृतक राम सिंह की इकलौती बेटी केसी का रो-रोकर बुरा हाल है। सभी लोग उसका बिलखना देखकर गमगीन हो गए। लोगों में यही चर्चा है कि बेटी केसी की मां सपना विगत लगभग पांच वर्ष पहले बेटी केसी को छोड़कर चली गई थी। शनिवार की रात को पिता रामसिंह भी हमेशा के लिए उसे अकेला छोड़ गया। अब बेटी के सिर से मां का प्यार और पिता का साया दोनों छिन गए। उसकी परवरिश बुजुर्ग दादा-दादी पर है।

## पिता के साथ सो रहा बच्चा गायब

**संवाददाता, रायबरेली।** शहर कोतवाली के रेलवे स्टेशन पर स्थित मंदिर में श्रमिक पिता के साथ सो रहा पांच वर्षीय मासूम संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। जब पिता को पता चला तो उसने पुलिस ने बच्चे के खोजे जाने की गुहार लगाई है। शहर के कल्लू पुरवा निवासी विजय कुमार मेहनत मजदूरी करता है। रोज की तरह वह रविवार को भी मजदूरी करके वापस आने के बाद वह खाना पीना खाकर अपने बेटे जिगर के साथ हो गया। तभी रात में अचानक जब उसकी नींद खुली तो उसका बेटा बिस्तर से गायब था। उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। वही एसपी से मिलकर भी बेटे की खोज कराने की मांग की है।

## एक नजर

### युवक ने पड़ोसी के तोड़े दांत


**खीरों, रायबरेली।** क्षेत्र के गांव मझिगवां निवासी देवतादीन पुत्र स्व. रामनाथ ने अपने पड़ोसी युवक के विरुद्ध थाने में शिकायती पत्र देकर मारपीट कर दांत तोड़ देने का आरोप लगाया है। देवतादीन का आरोप है कि पड़ोसी शैलेश कुमार बीते रविवार को रात लगभग दस बजे शराब के नशे में उसके दरवाजे गाली दे रहे थे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और दांत तोड़ दिए। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के वंशपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव निवासी उदय प्रताप सोमवार की सुबह बाइक से बाबूगंज बाजार आ रहा था। पेट्रोल पंप के पास लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर तेज गति कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में किशोर की मौत

**सलोन, रायबरेली।** मानिकपुर सलोन मार्ग पर सोमवार तड़के दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक सवार अज्ञात युवक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली अंतर्गत कोडरी निवासी विजय कुमार पुत्र रामनाथ सुबह बाइक से कही जा रहा था। जबकि औटहिया रसूलपुर मार्ग से एक अज्ञात बाइक सवार सलोन की ओर आ रहा था। दोनों बाइकों की उसी मार्ग पर जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्क्षयदर्शियों के मुताबिक टक्कर लगने के बाद अज्ञात बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। कोतवाल जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देकर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



डीएम को ज्ञापन देने जाते व्यापारी। अमृत विचार

# जाम की समस्या को लेकर डीएम से मिले व्यापारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लालगंज जाम की समस्या को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल को एक एक ज्ञापन सौंपा।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और उनकी टीम ने बताया कि लालगंज नगर में चारों ओर नेशनल हाईवे के साथ दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है जिससे नगर में व्यापारी व ग्राहक नहीं आते हैं। व्यापारियों का व्यापार चौपट हो गया है। लालगंज बाईपास का पुल 6-7 सालों से टूटा है।

उसको बनाया भी नहीं जा रहा है जिससे लालगंज के लोगों को संकट से गुजरना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय, हंसराज विश्वकर्मा, रौनक भदौरिया, नगर मंत्री नीरज गुप्ता, नगर युवा अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

# घर-घर विराजेंगी जगत जननी मां, होगी पूजा-अर्चना

▶▶ चैत्र नवरात्र आज से बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़े लोग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** हिन्दू पंचाग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से सनातन धर्मियों का नव वर्ष प्रारम्भ होता है। इसी दिन से वासंतिक नवरात्र का भी शुभारंभ होता है। नवरात्र में हिन्दू शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करते है। इस आराधना से हिन्दुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। नवरात्रि में मांगलिक कार्यों की भी शुरूआत होती है।

मंगलवार से वासंतिक नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। घर-घर मां जगत जननी के सभी रूपों की पूजा अर्चना होगी। लोगो ने जहां घरों को साफ-सुथरा कर मंदिर स्थापित किया है। वही मंदिरों में भी साफ-सफाई कर मंदिरों को सजाया संवारा गया है। शहर के मंशा देवी, चंपा देवी, मढ़ी देवी सहित दर्जनो छोटे बड़े मंदिरों में नवरात्रि को लेकर तैयारियां की जा रही है। सोमवार सुबह से ही शहर की दुकानों में पूजन सामग्री खरीदने वालों की भीड़ रही। हिन्दुओं की मान्यता है कि नवरात्रि से शुभ कार्यो का शुभारंभ होता है। नौ रूपो में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि में मां दुर्गा के आगमन का विशेष महत्व है। इस बार चैत्र नवरात्रि पर सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग बनने जा रहा है जो भक्तों के लिए अधिक कल्याणकारी होंगे।



मंदिर की साफ-सफाई करते भक्त। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, मुकदमा दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली।** थाना गदागंज के अंतर्गत दीनशाह गौरा निवासी एक युवक पर एक दबंग ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। परिजनों द्वारा उसे सीएचसी गौरा में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसर गांव निवासी बजरंग सोनी ने गदागंज थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि बीती रविवार की शाम पड़ोस के रहने वाले विमल सोनी पुत्र राम भजन सोनी घर के सामने बने कुएं के पास आकर घर में मौजूद बच्चों एवं महिलाओं के साथ अकारण ही गाली-गलौज करने लगा। गदागंज थाने में उसकी पत्नी के शिकायत करने से नाराज विपक्षी विमल सोनी ने उसके भाई संतोष कुमार पर रात में पीछे से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा घायल युवक को सीएससी दीन शाह गौरा पहुंचाया गया, जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सको द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। क्षेत्राधिकार अरुण कुमार नौवहार ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### गांव में फैली गंदगी, बीमारी का खतरा

**सरेनी, रायबरेली।** होली का रंग खत्म होते ही मच्छरों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। मच्छर गांव में पसरी पड़ी गंदगी के चलते लोगों पर झुंड बनाकर हमले शुरू करने लगे है, जबकि जिम्मेदार कान में उंगली डाले बैठे हैं। गौरतलब है कि दो दशक पहले गर्मी का मौसम शुरू होते ही घरों में मच्छर भगाने की दवा का छिड़काव किया जाता रहा है। सरकारी तौर पर किये जाने वाले इस छिड़काव से घरों व गलियों में छिपे बैठे मच्छर मर जाते थे। इसके विपरीत वर्तमान सरकार गांवों में तैनात सफाई कर्मियों के भरोसे इन्हें मारने की जिम्मेदारी निभा रही है। ये सफाई कर्मी न तो गांव में जाते हैं न ही सफाई करते हैं। दवा का छिड़काव अपने व प्रधान के घर में कर लेते है। जिससे गांव में गंदगी के अंबार लगे होने से मच्छरों में इजाफा हो रहा है और संक्रमण फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है। वहीं अब जब भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है ऐसे में गांव में फैली गंदगी से बीमारी का खतरा बढ़ गया है। फसल की कटाई के लिए सुबह शाम खेतों में जाकर काम करने वाले मजदूर भी मच्छरों के हमले से परेशान हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से गांवों में मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराये जाने की मांग की है।



गंदगी से पटी नाली।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**खीरो, रायबरेली।** खीरों क्षेत्र के गांव जमकोरियापुर मजरे अकोहरिया निवासी रमेश कुमार का जयपुर राजस्थान में शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में शव कमरे के अंदर फंदे से लटकता मिला। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सोमवार की सुबह मृतक का शव गांव पहुंचा तो पत्नी मालती, पुत्र अभिषेक, पुत्री शिवानी, मां मैका देवी, भाई सुरेंद्र सहित सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रमेश कुमार जयपुर में सिलाई का काम करता था। वह अत्यन्त शांत स्वभाव का था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नही थी। फिर भी यह घटना क्यों हुई समझ में नहीं आ रहा है।



रमेश कुमार (फाइल फोटो)

### मोहित सिंह ने संभाला एडीओ पंचायत का पदभार

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ ब्लॉक में तैनात वरिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी मोहित सिंह को सहायक विकास अधिकारी पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब हो कि शिवगढ़ ब्लॉक में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत जितेंद्र बहादुर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर मोहित सिंह को अतिरिक्त प्रभार के रूप में एडीओ पंचायत की कमान सौंपी गई है। इस मौके पर ग्राम प्रधान केसरी प्रताप सिंह, अशर्फीलाल यादव, जानकीशरण जायसवाल, एडवोकेट बलबीर सिंह, रिंकू सिंह, संतू सिंह, सुनील सिंह, बृज कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, राजकुमार यादव, अंकित वर्मा, दुर्गेश बहादुर सिंह,विनोद कुमार आदि लोगों ने खुशी जताई।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय अंबारा मथई, विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर के बालिकाओं एवं बालकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के सहायक अध्यापक हर्षवर्धन सिंह ने बताया छात्र नामांकन को बढ़ाने के लिए ग्रामीणों से संपर्क किया जा रहा है और मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजकुमार, अजीत सिंह, धीरेंद्र त्रिपाठी, संतोष गौतम, अशोक मिश्रा, अनुपम मिश्रा, आशुतोष तिवारी, भारती यादव, उमा देवी, दीपिका बाजपेई, सुशील तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

समारोह | राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

# सेवानिवृत्त शिक्षकों ने किया बेहतर काम तभी उनका नाम : एसडीएम

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** अभी हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति हुए बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का सम्मान सोमवार को महराजगंज ब्लॉक के सभागार में किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महराजगंज तहसील के एसडीएम राजित राम गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह, बीडीओ वर्षा सिंह, बीईओ राम मिलन यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति शिक्षक दयाशंकर सिंह ने की। सोमवार को सेवानिवृत्त शिक्षक किशोरी देवी, दिनेश कांत सिंह, बजरंगी लाल और राम प्रताप निर्मल का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के सह प्रान्त कार्यवाह संजय ने कहा कि शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान हम लोगों के साथ में रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान के परिदृश्य में शिक्षा बदल रही है। हमें विद्यालयों में बच्चों को अधिक से अधिक नैतिक शिक्षा पर जोर देना है। एसडीएम राजितराम गुप्ता ने सेवानिवृत्ति शिक्षकों के सम्मान में कहा कि लोगों ने बेहतर काम किया, तभी आपका नाम हजारों लोगों में हो रहा है। दुनिया में बहुत लोग एक ही नाम के हैं, लेकिन उन सब में आप अलग है। उन्होंने 20 मई को अधिक से अधिक लोगों से मतदान करने की अपील की। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का कार्य यहीं पर समाप्त नहीं होता है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि दोनों ही शिक्षकों ने अपने जीवन में बेहतर कार्य किया है। बीईओ राममिलन यादव ने कहा कि शिक्षकों का कार्य सदैव ही याद किया जाएगा।

इस मौके पर शिवशंकर सिंह, संजय कनौजिया, अनुराग सिंह, राकेश वर्मा, आशुतोष शुक्ला, अनुराग मिश्रा, अनूप सिंह, ब्रजेन्द्र कुमार, रणविजय सिंह गंगापारी, हेमंत कुमार सिंह, नीलिमा श्रीवास्तव, सरोज कुमार, सुभाष सिंह, श्रीकांत यादव, शिल्पी गुप्ता, मोहित, गीता, राम लखन, पुनीत सिंह, छोटेलाल गौतम, शिव प्रताप सिंह, गीता श्रीवास्तव, सुशील मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।




समारोह में मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# अग्निकांड से 24 बीघा गेहूं की फसल राख

- जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई आगजनी की घटनाएं

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के कई गांवों में आग ने तांडव मचा दिया है। सोमवार को अग्निकांड में एक दुकान व सहित लगभग 24 बीघे तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाकर खेतों की ओर दौड़े किसानों ने इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग को काबू में लिया। राजस्व टीम ने नुकसान का आकलन कर उसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है।

ऊंचाहार में सोमवार की दोपहर क्षेत्र के उमरन गांव के निकट खेतों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। हवा का रुख तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की जानकारी पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, आग बुझाने का प्रयास करने लगे, किसी ने फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना दी, लेकिन फायर ब्रिगेड टीम के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह से उमरन निवासी बाबूलाल, राम अधार, रामलाल तथा भवानीदीनपुर निवासी राम अभिलाष की लगभग तीन बीघे फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल रावेन्द्र मौर्य ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है। वहीं इस घटना में बिजली विभाग की लापरवाही उजागर हुई है।

प्रधान प्रतिनिधि रणजीत सिंह उर्फ रिंकू ने बताया कि कई बार रसूलपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता से ढीले तारों की मरम्मत कराने की शिकायत की गई थी, लेकिन उनके द्वारा तारों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके कारण किसानों को इसका दंश झेलना पड़ा है। वहीं इस बात से लोगों में बिजली विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। वहीं पूरे बहराम मजरे उसरैना गांव निवासी किसान मोहनलाल के गेंहू के खेत में सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर नुकसान का आकलन किया गया है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपालों को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया गया है। पीड़ित किसानों को सरकारी मदद मुहैया कराई जाएगी।


गेहूं के खेत में खड़ा दमकल वाहन।

## जर्जर तारों से चिंगारी निकलने पर जली गेहूं की फसल

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के हलोर गांव में बिजली के जर्जर तारों की चिंगारी से गांव के अजय वर्मा पुत्र वंशलाल के खेत में आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग चारों तरफ खेत में फैल गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लगभग दो बीघा तीन विश्वा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। दूसरी घटना में कुशलगंज मजरे अली पुर निवासी नीतेश सिंह के खेत में महुआ के पेड़ के नीचे पड़े खरपतवार को जलाते समय उनके गेंहू के खेत में आग लग गई। जिसमें करीब तीन विश्वा गेंहू जलकर राख हो गया। वहीं देर शाम ज्योना गांव निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह के खेत में भी शार्ट-सर्किट से आग लग गई जिससे एक बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर कानूनगो व लेखपाल को भेजा गया है। नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाया जाएगा।

## छप्पर में आग लगने से 21 बकरियों की मौत, 6 झुलसी

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मछिज्जा मजरे नेरथुवा में अज्ञात कारणों से मोहम्मद मुनीर व मोहम्मद यासीन के घर में आग लग गई। घटना के समय सभी लोग खेत में थे। सूचना पर पहुंचे तो देखा कि जिस छप्पर के नीचे बकरियां बंधी थी उस छप्पर में भीषण आग लगी थी। गांव के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन छप्पर के नीचे बंधी 21 बकरियों की मौत हो चुकी थी। वहीं छह बकरियां गम्भीर रूप से झुलस गई। सूचना पर हल्का लेखपाल राजेश कुशवाहा ने जांच कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

## संदिग्ध परिस्थियों में किराना स्टोर में लगी आग

**जगतपुर, रायबरेली।** क्षेत्र के पटवाहार बाजार में सोनम शुक्ला की किराना स्टोर की दुकान है। सोमवार की दोपहर दुकानदार दुकान बंद करके अपने घर खाना खाने चले गए थे। इस बीच अचानक दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग ने जब विकराल रूप धारण किया और धुआं का तेज धुंध आसमान में उड़ा तब लोगों को घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की। तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी। दुकानदार ने बताया कि दुकान में दस हजार रुपए नगद रखे थे, वह भी इस अग्निकांड में जल गए। इसके अलावा दुकान का सारा सामान जल गया। जिसमें कुल करीब तीन लाख की क्षति हुई है। मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष बबिता पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।


आग से जली किराने की दुकान।

## शार्ट-सर्किट से 12 बीघे गेहूं की फसल जली

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कूढ़ाचक शगुन पुर गांव में शार्ट-सर्किट से आग लगने पर करीब 12 बीघे की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपट इतनी तेज थी कि अगर मौके पर ग्रामीण पहुंच कर आग पर काबू न कर पाते तो क्षेत्र में बड़ी घटना हो सकती थी। पीड़ित ग्रामीण केशव, राजेंद्र, राजबहादुर फौजी, राजबहादुर यादव व जगन्नाथ आदि लोगो ने बताया कि अगर समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच जाती तो शायद इतना बड़ा नुकसान न होता। मौके पर नायब तहसीलदार, लेखपाल, कानूनगो को भेज कर किसानों के हुए नुकसान को आकलन कराया जा रहा है।

# नवरात्र के प्रथम दिन स्मृति ईरानी करेंगी मंदिरों में पूजा-अर्चना

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री व अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी अपनी संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रिय नजर आ रही है। सोमवार को एक बार फिर केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी अमेठी दौरे पर पहुंची। जहां वह गौरीगंज भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मीडिया से रूबरू होते हुए राहुल गांधी व गांधी परिवार पर जमकर हमलावर रही।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी को वायनाड में आतंकवादी संगठन पीएफआई के सहयोग से चुनाव लड़ने को लेकर बड़ा बयान भी दिया, और अमेठी के 15 साल के वफा को लेकर सवाल करते हुए कहा कि राहुल गांधी वायनाड को अपना परिवार बताकर अमेठी के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह के चलते अमेठी से प्रत्याशी नहीं घोषित कर पा रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने दौरे के दूसरे दिन व चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को जनपद के आदि शक्तिपीठ व प्रसिद्ध माता के मंदिरों में माथा टेक कर पूजा अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांगेगी। सुबह 10:30 बजे गौरीगंज के दुर्गन भवानी धाम रोहसी में दर्शन करने के बाद संग्रामपुर के आदिशक्ति पीठ माता कालिकन धाम में दर्शन व पूजन-अर्चना करेंगी।

अमेठी के देवीपाटन में दर्शन करके शाहगढ़ ब्लॉक के दुर्गन माता शमशेरियन का दर्शन करेंगी। फिर वहां से मुसाफिरखाना के माता हिंगलाज देवी दादरा में दर्शन करेंगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक से पूर्ण रूप से बचें

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आयोग ने राजनैतिक दलों सहित अधिकारियों को पर्यावरण मुक्त चुनाव कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग भी चुनाव में गैर-जैवनिम्नीकरणीय सामग्रियों के उपयोग के कारण होने वाले पर्यावरणीय खतरों के मुद्दे को लेकर पर्यावरण अनुकूल चुनाव के उद्देश्य से चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का उपयोग न करने से लेकर विभिन्न चरणों जैसे कि चुनाव पूर्व, प्रचार, मतदान, मतगणना आदि शामिल हैं, के दौरान सामग्री की छपाई और उपशिष्ट प्रबन्धन जैसे कार्य और पुस्तकों की भौतिक छपाई में पर्यावरण अनुकूल उपायों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर चुनाव प्रक्रिया पर सामान्य सिद्धान्त के तहत अपशिष्ट का पृथ्क्करण में केवल पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करें और सिंगल यूज प्लास्टिक से पूर्ण रूप से बचें एवं मतदान केन्द्रों और अभियान कार्यक्रमों में स्पष्ट और दृश्यमान संकेतक स्थापित करने से विभिन्न कचरे का प्रबन्धन अलग-अलग किया जाय। उन्होंने बताया कि कागज का अल्पीकरण के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूचियों और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम एवं मुद्रण से पहले दस्तावेज का पूर्वावलोकन, डबल साइड प्रिटिंग, तथा ईंधन का अल्पीकरण के दौरान कार पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन एवं अभियानों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा चुनाव अधिकारियों और मतदाताओं द्वारा तय की गयी कुल दूरी को कम कराने के लिए मतदान स्थानों को समेकित किया जाय।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांगों ने रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विकास भवन में सोमवार को दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली को मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान दिव्यांजनों ने अपनी-अपनी ट्राई साइकिल में पोस्टर बैनर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया। सीडीओ ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि स्वतंत्र होकर वे चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर दिव्यांग अधिकारी मनीष मिश्रा, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


रैली को झंडी दिखाकर रवाना करतीं सीडीओ पूजा यादव।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में छात्रा उत्तीर्ण

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे चौहान की छात्रा मुदिता त्रिवेदी ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर अपने पिता आनंद त्रिवेदी का सपना साकार किया है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी ने पूरे विद्यालय परिवार के शिक्षकों की जमकर सराहना की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामू कटियार, कल्पना आर्या, सुनीता एवं प्राथमिक विद्यालय गोगूमऊ के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार शुक्ला एवं रंजना कुशवाहा ने छात्रा मुदिता के सुखद भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया। महेंद्र यादव, पन्नालाल, आशीष प्रताप सिंह, वंदना शुक्ला, अजय बाबू पांडेय, शशि सिंह, विश्वास बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी का आकस्मिक निधन

**डीह, रायबरेली।** कस्बे में व्यापारी व समाज सेवी रमनेश मिश्रा के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह लम्बे समय से लाइलाज बीमारी से ग्रसित थे और उनका इलाज कई महीनो से चल रहा था। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। निधन की सूचना पर सुबह से ही उनके घर पर व्यापारियों व जानने वालों का तांता लगा रहा। व्यापारियों ने शोक सभा आयोजित की।


रमनेश मिश्रा
फाइल फोटो

### तमंचा-कारतूस के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जायस, अमेठी।** थाना फुरसतगंज पुलिस ने एक अदद तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उप निरीक्षक विनय शंकर सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अजय कुमार उर्फ नन्दू पुत्र सन्तलाल कोरी (23) निवासी ग्राम पूरे तुराव मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज को ग्राम पूरे तुराव जाने वाली रोड पर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा तलाशी करने पर युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

### युवाओं में खुशी की लहर

**अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व एमएलसी एवं जुझारू नेता दीपक सिंह को कांग्रेस पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। वह उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रांतों में भी कांग्रेस का प्रचार-प्रसार करेंगे। वैसे भी दीपक सिंह युवाओं के बीच में काफी पसंद माने जाते हैं। प्रदेश में जारी स्टार प्रचारक की सूची में दीपक सिंह का नाम शामिल किए जाने के बाद अमेठी युवाओं में उत्साह का माहौल देखा गया है। युवाओं ने कहा दीपक सिंह शिक्षित होने के साथ-साथ एक अच्छे जनप्रिय नेता भी हैं।

### जायस पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमेठी।** थाना जायस पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुये गैर जनपद के एक युवक को दो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र मय हमराही सुमेश मौर्या, हरेंद्र यादव द्वारा मोटर साइकिल सवार नागेन्द्र पाण्डेय पुत्र शैलेन्द्र पाण्डेय (33) निवासी कस्बा छतोह थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को पूरे बक्शी बहादुरपुर मोड़ के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया।

### कोच में धुंआ देख सहमे यात्री, स्टेशन पर मची अफरा-तफरी

**रायबरेली।** शहर के रेलवे स्टेशन पर सोमवार देर प्लेटफार्म पर उस अफरा तफरी मच गई जब लखनऊ से प्रयागराज जा रही त्रिवेणी एक्सप्रेस एक कोच में धुंआ निकलने लगा। धुंआ निकलता देख यात्रियो में हड़कम्प मच गया। इस दौरान चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका गया। करीब बीस मिनट के बाद ट्रेन में जांच पड़ताल के बाद दोबारा रवाना किया गया। देर शाम को जब त्रिवेणी स्टेशन से निकली तो प्लेट फार्म से निकलते ही ट्रेन में लगे फायर सिलेंडर के पास धुंआ निकलने लगा इसको देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका गया वही रेलवे कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हताहत नही हुआ। स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन ने बताया कि कोच में लगे सिलेण्डर के पास धुंआ निकला था। लेकिन बाद में ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

# पठन-पाठन की सामग्री पाकर चहक उठे बच्चे

**संवाददाता, अमेठी।** विकास खण्ड सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में शिक्षारत बच्चों को सामुदायिक सहयोग से सोमवार को पठन-पाठन सामग्री ग्राम प्रधान द्वारा वितरित की गई। ग्राम प्रधान के हाथों कापी पेन पेसिंल रबर और कटर पाकर बच्चे चहक उठे।

क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के सहायक अध्यापक ओंकार नाथ पाण्डेय द्वारा समाज के लोगों को प्रोत्साहित कर उनसे सहयोग प्राप्त कर बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल, रबर एवं कटर सहित अन्य शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। सोमवार को इसका वितरण ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज समाज को ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जो समाज को प्रोत्साहित करके उनसे बच्चों को पठन पाठन सामग्री उपलब्ध करवा रहे हैं यह एक सराहनीय कार्य है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि आज कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षा के साथ ही साथ अनुशासन और संस्कार का पाठ भी बच्चों को पढ़ाया जाता है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका बबिता वर्मा ने बताया कि सहायक अध्यापक ओंकार नाथ पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# नि:शुल्क जांच के साथ किया गया इलाज

**भेटुआ, अमेठी।** रविवार को क्षेत्र के टिकरी गांव के शिव कुटी मंदिर पर मेकबेल सनशाइन हॉस्पिटल एवं ट्रामासेण्टर की ओर से लगे कैंप में नि:शुल्क जांच एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंप में लखनऊ के चिकित्सक डॉ. इमरान, डॉ. रुक्शाना एवं सहयोगी सौरभ सिंह, पैथोलॉजिस्ट मनीष ओझा, जसवन्त यादव, आकांक्षा सिंह, तराना मौजूद रहे। कैंप में आए गांव के सैकड़ों लोगों का बुखार, सर्दी, दमा, जुकाम इत्यादि बीमारियों का ईलाज किया गया एवं उन्हें नि:शुल्क दवा भी दी गई। कैंप में आए चिकित्सक डॉ. इमरान ने बताया कि कैंप में अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. विनय प्रताप सिंह का योगदान रहा। बताया कि कैम्प पूरी तरह से नि:शुल्क था।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# डीएम ने हीट वेव से बचाव के दिए निर्देश

रायबरेली, संवाददाता

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों के लिए बचत भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की हीट वेब से बचाव के लिए सभी प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कर लिए जाए। सभी सीएससी और पीएससी में डॉक्टर समय से उपलब्ध रहें। जिससे की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। नगर पालिका को निर्देश दिए की साफ सफाई कर जगह-जगह प्याऊ लगाए जाएं।

जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के माध्यम से बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए साथ ही उसके बचाव के संबंध में भी जानकारी दी जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, बंद पड़े हैंड पंप को सही करा लिया जाए।

अग्निशमन विभाग से उन्होंने कहा कि हर समय एक्शन मोड में रहे जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्रवाई करें। विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा की जीर्ण पड़े विद्युत तारों को सही कर लिया जाए।

परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए कहा की सभी बस स्टैंड पर पेयजल की व्यवस्था कराई जाए साथ ही प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिला अधिकारी (वित्त) अमृता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला पंचायती राज अधिकारी, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग आपदा विभाग तथा सभी उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।


बचत भवन में बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

## भगवान की कथा का गुणगान करना ही भजन है: कथा व्यास

**अमेठी।** जिसके भय से मृत्यु चलती है उसी सच्चिदानंद भगवान की शरण में ही कल्याण है। भगवान की कथा का गुणगान करना ही भजन है। शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराकर उनका कल्याण किया। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक डा. श्याम सुंदर पाराशर ने कही। स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा पुराण का व्याकरण करते हुए कथा व्यास डा. पाराशर जी महराज ने कहा कि ऐसे किसी को चित्त में न बिठाओ जिसके आने जाने से दुख हो। चित्त के प्रभाव से बाहर निकलना बहुत मुश्किल होता है। संसार में रहो लेकिन संसार को अपने में न बसाओ। विश्व ब्रह्माण्ड में जो दिख रहा है वह सब परम ब्रह्म परमेश्वर का है।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में कैंसर रोकथाम के बताए उपाय

**संवाददाता, रायबरेली।** एम्स रायबरेली में पहला राष्ट्रीय सम्मेलन पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सम्मेलन "सिर और गर्दन के कैंसर आकृति विज्ञान, विषाणु विज्ञान, आणविक लक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और परे" पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। था। एलांगेन यूनिवर्सिटी अस्पताल, जर्मनी के अंतर्राष्ट्रीय संकाय, डॉ. अब्बास अगैमी ने सिर और गर्दन के कैंसर के आणविक विकृति विज्ञान पर नवीनतम अपडेट पर चर्चा की।

प्रसिद्ध संस्थानों के संकाय वक्ता टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई; क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर; टाटा मेमोरियल सेंटर, वाराणसी; एम्स नई दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ और आरएमएल लखनऊ ने भाग लिया। सम्मेलन में देश के 14 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

विचार-विमर्श में हेड एंड नेक कैंसर पैथोलॉजी, आणविक निदान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एडवांसमेंट और अपडेट पर चर्चा की गई। सीएमई के दूसरे दिन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) परीक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई, जहां 40 से अधिक प्रतिभागियों ने एचपीवी परीक्षण की तकनीक और व्याख्या सीखी।

## दंगा करने वालों को पता है उप्र. में उलटा लटका दिये जाएंगे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाराष्ट्र में पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने वर्धा और भंडारा में जनसमूह को संबोधित किया। योगी के इस दौरे को लेकर यहां भाजपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के अनुसार, योगी ने कहा कि ये पहला चुनाव है जिसके परिणाम को लेकर पूरे देश में एकमत है। जनता भी जानती है कि आएंगे तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे के सपनों को केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें पूरा कर रही हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र. में अब दंगा नहीं होता, क्योंकि दंगा करने वालों को पता है कि उप्र. में उलटा लटका दिये जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि अब मुम्बई हमलों के आतंकी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं। वर्धा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी का नेतृत्व करने वाले महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। भंडारा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा है कि मध्यकाल में जब यह देश मुगल आक्रांताओं की कुदृष्टि से त्रस्त था तो महाराष्ट्र में एक शक्तिपुंज के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए पूरे हिन्दुस्तान को एक नई ज्योति और नई ऊर्जा दी। महाराष्ट्र से निकले उस तेज की आज भी पूरे देश में गूंज है।

# बसपा के धर्मवीर समेत कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा राज्य मुख्यालय पर सोमवार को भाजपा में शामिल होने वालों में फर्रूखाबाद के बसपा के पूर्व एमएलसी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल और उनकी पत्नी व बसपा से नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल भी भाजपा की सदस्य बनीं। बसपा के जाट भाईचारा को-आर्डिनेटर धर्मवीर चौधरी (गाजियाबाद) भी भाजपा में शामिल हुए। इसके अलावा फतेहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, सुल्तानपुर नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार मिश्र, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र सिंह तोमर (अलीगढ़), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बुज शुक्ला (कानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सचिन त्रिपाठी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संदीप शर्मा जैकी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डीएस मिश्रा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरूण कुमार दुबे (औरैया), यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उमंग शुक्ला (कानपुर), यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शानू बुन्देला (कानपुर), यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डब्बू तिवारी (कानपुर), कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र अवस्थी बबलू (कानपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव पवन सिंह (कानपुर), उपनेता नगर निगम कानपुर अनिल यादव, मुख्य सचेतक कानपुर नगर निगम अमित जायसवाल, पूर्व पासपोर्ट अधिकारी सुधाकर रस्तोगी (लखनऊ), सचेतक कानपुर नगर निगम शालू कन्नौजिया, कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम कानपुर अंजली दीक्षित, पार्षद सरोज चड्ढा (कानपुर), पार्षद सुधीर यादव (कानपुर), पार्षद मुसव्विर अली (लखनऊ), सपा नेता व अधिवक्ता सुधीर शुक्ला (लखनऊ), पूर्व पार्षद प्रकाश गुप्ता (लखनऊ), समाजसेवी सौरभ यादव (ललितपुर) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम केशव के स्थान पर केशव कुमार रख लिया है मुझे अब इसी नाम से जाना वा पहचाना जाए। **केशव कुमार पुत्र लालमन पता ग्राम जैती, पोस्ट बेलघाट, थाना बेलघाट, जिला गोरखपुर**

सूचना
सूचित हो कि मैं **ललऊ प्रसाद, निवासी– ग्राम पूरे पण्डित मजरे– सैरापुर, पोस्ट मूसापुर, तहसील– लालगंज**, जनपद–रायबरेली (उत्तर प्रदेश) '– नं JC-543264X रैंक नायब सूबेदार राजेन्द्र कुमार का पिता हूँ मैंने अपना नाम ललऊ प्रसाद से परिवर्तित कर ललऊ रख लिया है अब मुझे ललऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना
मैं सूचित करता हूं कि **गेंदालाल पुत्र सूरजपाल, निवासी– ग्राम– पकसरावा थाना–सलोन, जिला– रायबरेली** का हूं। मैं अपने बड़े पुत्र रमाकांत को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवत्ति से त्रस्त आकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में बड़े पुत्र रमाकांत के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना और सरोकार नहीं है।

सूचना
सूचित हो कि हमने अपने पुत्र ताज अहमद अंसारी व उसकी पत्नी इरफाना परवीन और उनकी बेटियां जुबीन, शीरीन व अफरीन को उनके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेदित कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन लोगों के द्वारा किए गए कृत्य से हमारा सरोकार नहीं होगा। **इजहार अहमद पुत्र मुमताज अहमद व रुकसाना पत्नी इजहार अहमद। निवासी– 268/523/341 गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।**



**29वां रोजा**

सहरी : 04 .31बजे, बुधवार

इफ्तार : 06 .30 बजे, मंगलवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### बहू ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** अधेड़ पर उसकी बहू ने बुरी नीयत से दबोचने और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। कहा कि उसका पति बाहर रहता है, घर पर वह और उसका ससुर ही है। जिससे मौका पाकर ससुर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पाली थाने के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 27 अगस्त 2018 को हुई थी। पति उसे ससुराल में छोड़ कर ड्यूटी पर चला गया। बहू का आरोप है कि 55 वर्षीय उसका ससुर अकसर उसे गंदी नीयत से देखता था। 22 मार्च 2022 को वह घर में अकेली सो रही थी, उसी बीच ससुर पहुंच गया, पहले तो उसने छेड़खानी की। उसके चिल्लाने पर बुरी नीयत से दबोच लिया और दुष्कर्म करना चाहा। बहू का कहना है कि उसका ससुर ऐसी हरकत कई कर चुका है। पुलिस ने दी गई तहरीर के मुताबिक आरोपी ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### एचसीएल, एचएलएफपीपीटी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बिलग्राम, हरदोई।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एचएलएफपीपीटी एंड एचसीएल फाउंडेशन के द्वारा रोगियों का रोग परीक्षण और उपचार किया गया। सुबह करीब 10 बजे से ही फाउंडेशन की गाड़ी सीएचसी परिसर में पहुंच गई और मरीजों का परीक्षण शुरू किया गया। एचसीएल एचएलएफपीपीटी की टीम ने यहां आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की और उचित सलाह देते हुए मुफ्त दवाई वितरित की। इस दौरान डॉक्टर निशांत मिश्रा के साथ सहयोगी एलटी सुमित, नर्स ज्योति शुक्ला, पायलट विजय यादव मौजूद रहे। दोपहर 2 बजे तक लगभग 70 मरीजों को देखा गया, जिसमें सभी मरीजों को मुफ्त दवा वितरित की गई।

## पम्पलेट और पोस्टर पर मुद्रक का नाम दिया जाना जरूरी

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस से सम्बंधित लोगों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता के दौरान पम्पलेट, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम अवश्य अंकित होना चाहिए। किसी आपत्तिजनक सामग्री की प्रिंटिंग को आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। चुनाव सामग्री की प्रिंटिंग की सूचना निर्धारित प्रारूप पर भरकर प्रेषित की जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों को भली भांति अध्ययन कर लिया जाये। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों से वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप डाऊनलोड करने का अनुरोध किया। अंत में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी।

# चैत्र नवरात्र आज से, घरों व मंदिरों में तैयारियां पूरी

हरदोई

**अमृत विचार।** मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना का विशेष पर्व चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज (मंगलवार) से हो रही है, जो पूरे नौ दिन मनाए जाएंगे। इसको लेकर मंदिरों और घरों में सोमवार देर शाम तक तैयारियां पूरी कर ली गईं। सोमवार को मंदिरों में साफ-सफाई की गई। नवरात्र उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए, मंदिरों में साफ सफाई के साथ लाइटिंग व सजावट भी की गई है, सुबह से ही मंदिरों में नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई।

नवरात्र का सीधा मतलब मां दुर्गा की विशेष पूजा का होता है प्रथम शैलपुत्री, दितीय ब्रह्मचारी, चंद्रघंटा, चतुर्थ कुष्मांडा, पंचम स्कंध माता, षठम कात्यायानी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी नवम सिद्धदात्रि देवी। यानी देवी माता के नौ स्वरूप देवी की प्रत्येक दिन उपवास रखकर पूजा अर्चना इन नवरात्रि में की जाती है। इस बार चैत्र नवरात्रि मंगलवार से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलेंगे। इन दिनों माता की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसको लेकर घरों से लेकर मंदिरों में साफ सफाई का दौर जारी है। वहीं बाजारों में मां दुर्गा की लहंगा चुन्नी और उनकी साज, सज्जा के लिए दुकानें सज गई है।इसके साथ ही उपवास में फलाहार रहने के लिए फलाहार की सामग्री ब फलो के अलावा सूखी मेवा की भी खरीदारी का दौर जारी है। शहर के प्रमुख मंदिरों में देवी माता की विशेष पूजा अर्चना के लिए तैयारी का दौर जारी है। इन नवरात्र में माता की जगराता का भी दौर चलता है। इसको लेकर भी जिले से लेकर बाहर की भजन कीर्तन की पार्टी बुक कर ली गई है।



मंदिर में साफ-सफाई करता युवक व बाजार में नवरात्र के लिए पूजन सामग्री खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

मल्लावां के देवी मंदिरों में तैयारियां देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने विशेष साफ-सफाई के साथ अन्य तैयारियां भी की। नवरात्रि को लेकर मंदिरों और घरों में माता रानी के आगमन की तैयारियां श्रद्धालुओं द्वारा की गईं। माता रानी की पूजा अर्चना को लेकर पूजा पाठ की दुकानों पर चुनरी, माला आदि लेते दिखे। नबरात्रि को लेकर गायत्री मंदिर, दुर्गा मंदिर, मान देवी मंदिर, फूलमती मंदिर, बुद्धा देवी मंदिर, कुल देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में साफ -सफाई के साथ अन्य तैयारियों को अंतिम चरण दिया गया। ताकि मंगलवार से शुरू हो रहे नवरात्र पर भक्तों को दिक्क़तें न हो। चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम ने बताया मंदिरों के आस पास साफ-सफाई के साथ चूना आदि की व्यवस्था कराई जा रही है। पूजा पाठ की दुकानों पर सुबह से भक्तों की भीड़ देखने को मिली। भक्तों द्वारा माता रानी के आगमन पर माता की चून्नर, झंडा और माला और अन्य समानों की बिक्री देखी गईं।

संडीला संवाददाता के अनुसार चैत्र नवरात्र के लिए सीता माता मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। माता के भक्तों ने प्रभात फेरी का इंतजाम कर लिया है। आज से सुबह प्रभात फेरी मंदिर नगर पालिका के पीछे चौपार टोला, भुइएन बाग एवं कई ग्रामों से निकल कर शीतला माता मंदिर आती है। जय माता दी प्रभात फेरी मंदिर नगर पालिका के पीछे के सदस्य अतुल जायसवाल ने बताया कई वर्षों से माता शीतला देवी मंदिर जाकर प्रभात फेरी निकालकर पूजा अर्चना करते हैं। शीतला माता भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण करती हैं। चौपाल टोला प्रभात फेरी के सदस्य किशन कश्यप ने बताया कि सुबह पांच बजे सभी भक्त माता के रथ को लेकर जयकारे लगाते हुए शीतला माता मंदिर जाते हैं और पूजा करते हैं।

## नवसंवत्सर आज

अखिल भारतीय साहित्य परिषद' की इकाई मंगलवार को अपराह्न 2 बजे से "नवसंवत्सर" के अवसर पर सीएसएनपीजी कॉलेज के सभागार में एक कवि-सम्मेलन एवं विचार-गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी परिषद के महामंत्री डा. ईश्चर चंद्र वर्मा ने दी है।

# समझ में न आए तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें कार्मिक

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के संबंध में दिया निर्देश, कहा- प्रशिक्षण के बाद लिया जाएगा टेस्ट

हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार से महाराणा प्रताप स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में प्रारम्भ हुए मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी के साथ जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सभी कक्षों में जाकर मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियों से कहा कि मतदान निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान के संबंध में दी जा रही सारी बारीकियों अच्छी तरह समझ लें। किसी बात की जानकारी समझ में आने पर बार-बार मास्टर टेनर्स से पूछें। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद सभी कार्मिकों से 20 प्रश्न का एक टेस्ट लिया जायेगा और जो टेस्ट में सफल नहीं होंगे उनको मतदान के संबंध में दोबारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा सभी कार्मिक विशेषकर ईवीएम से संबंधित जानकारियों पर ध्यान दें, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। उन्होने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों को मतदान से संबंधित एक पुस्तक आदि दिये जायेगें। जिसकी सभी कार्मिक अच्छी तरह अध्यन जरूर कर लें। जिलाधिकारी ने महाविद्यालय प्रांगण में महिला समूह द्वारा लगाये गये स्टालों को भी देखा। इस अवसर पर सीडीओ सौम्या गुरूरानी, डीडीओ अरविन्द कुमार, डीडी कृषि डा. नन्द किशोर, जिला सूचना अधिकारी सतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद मतदान कार्मिक। अमृत विचार

### प्रशिक्षण के लिए बीयू, सीयू व वीवी पैट उपलब्ध कराएं

जिला मजिस्टेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी ईवीएम/वीवी पैट से कहा है कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों को ईवीएम/वीवी पैट का प्रशिक्षण महाराणा प्रताप राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के 17 कक्षों में कराया जायेगा। उन्होने सहायक नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण हेतु ईवीएम/वीवी पैट में से 50 बीयू, 50 सीयू तथा 50 वीवी पैट प्रभारी अधिकारी कार्मिक को प्रत्येक दिन प्रशिक्षण से पूर्व प्राप्त कराते हुए प्रशिक्षण उपरान्त सायंकाल वेयर हाउस में वापस प्राप्त कराना सुनिश्चत करेगें।

### होमगाड्‌र्स की निर्वाचन ड्‌यूटी में उपस्थिति अनिवार्य

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्‌र्स ने जनपद के समस्त होमगाड्‌र्स को निर्देशित किया है कि उनकी ड्‌यूटी आगामी लोक सभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से लगायी जानी है। निर्वाचन ड्‌यूटी में उपस्थिति अनिवार्य है। इसके लिए जिला कार्यालय से नोटिस भी जारी की गयी है। निर्वाचन ड्‌यूटी से अनुपस्थित रहने वाले होमगाड्‌र्स के विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचन ड्‌यूटी के सम्बन्ध में अन्य जानकारी कम्पनी अधिकारियों/जिला होमगाड्‌र्स कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## सरकारी राशन डकार गए दो कोटेदार, केस

**हरदोई, अमृत विचार।** मुफ्त में बांटा जाने वाला राशन कोटेदार खुद ही डकार गए। जांच के दौरान इसका खुलासा हुआ। इस मामले में कोटेदार मां और उसके बेटे के अलावा एक अन्य कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सदर के पूर्ति निरीक्षक अशोक द्विवेदी ने बघौली की कोटेदार संतोषी कुमारी और उसके बेटे प्राशू गुप्ता के खिलाफ बघौली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि जांच के दौरान उठान और वितरण का मिलान करने पर गेंहू, चावल, बाजरा, ज्वार, मक्का और शकर काफी कम पाया गया, जिससे साबित हुआ कि राशन की कालाबाज़ारी की गई। इसके अलावा काईमऊ के कोटेदार राजेश यादव के यहां हुई जांच में भी 150 कुंटल राशन में गड़बड़ी पकड़ी गई। बघौली पुलिस ने पूर्ती निरीक्षक की तहरीर के मुताबिक बघौली की कोटेदार संतोषी कुमारी, उसके बेटे प्राशू गुप्ता और काईमऊ के कोटेदार राजेश यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



जर्जर लखनऊ-पलिया हाईवे से होकर गुजरते वाहन चालक। अमृत विचार

# लखनऊ-पलिया हाईवे हुआ बदहाल

हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार ने समूचे सूबे में बड़े ज़ोर-शोर से सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान शुरू किया था, अभियान शुरू करने में पानी की तरह बहायया गया। लेकिन इतना सब होने के बाद भी सड़को का हाल नहीं बदला। हाईवे का हाल और भी बेहाल है। लखनऊ-पलिया हाई-वे की बात की जाए तो कहना गलत नहीं होगा कि राजधानी को जोड़ने वाला हाई-वे गड्ढों से हो कर गुज़र रहा है।

हरदोई से राजधानी जाने वाले लखनऊ-पलिया हाई-वे ज़िला मुख्यालय से सटे मन्नापुरवा के पास तालाब की शक्ल अख्तियार कर चुका है। कदम-कदम पर गड्ढों की वजह से हर दिन हादसे होते रहते है। वहां के लोगों ने बताया कि बीते कई सालों से हाई-वे के उस हिस्से को दुरुस्त करना तो दूर उसकी मरम्मत तक का नहीं कराई गई। हाईवे के गहरे गड्ढों में पानी भरा हुआ है। राहगीरों को निकलने में काफी दिक्कत होती है, छोटे वाहन व मोटरसाइकिल फिसल जाती हैं, इस रास्ते से निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इससे भी बद्‌तर तस्वीर हरदोई-बिलग्राम रोड की है। उसी रोड पर सेमरा चौराहा तक करीब सात किलोमीटर की सड़क सात सालों से पूरी तरह से बदहाल है, लेकिन ज़िम्मेदारों ने मरम्मत तक नहीं कराई।


**अहिरोरी फीडर का होगा द्विविभाजन**

# लोकल फॉल्ट से मिलेगा छुटकारा

टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र इटौली के सबसे बड़े फीडर अहिरोरी को लोकल फॉल्ट, ओवरलोडिंग और लगातार होने वाली ट्रिपिंग से जल्द निजात मिलेगी। इसके लिए विद्युत विभाग जल्द ही अहिरोरी फीडर का द्विविभाजन करने जा रहा है। तैयार हो रहे नए फीडर में अहिरोरी फीडर के एक सैकड़ा गांवों को उसमें शामिल कर दिया जाएगा।

इटौली विद्युत उपकेंद्र के सबसे बड़े अहिरोरी फीडर पर करीब 8.5 हजार विद्युत उपभोक्ता है। इस फीडर पर 200 से ज्यादा गांवों को विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। काफी बड़े फीडर होने के चलते आए दिन लोकल फॉल्ट, ओवरलोडिंग और लगातार ट्रिपिंग की शिकायतें जेई से लेकर एसडीओ और एक्सईएन के समक्ष दर्ज हुआ करती थीं। लंबे अरसे से बिजली संकट से जूझ रहे अहिरोरी फीडर के उपभोक्ताओं को अब विद्युत विभाग काफी राहत देने जा रहा है। विद्युत विभाग ने अहिरोरी फीडर को 2 भागों में बांटने जा रहा है। इस फीडर से जुड़े भड़ायल गांव के नाम से नए फीडर को शुरू करने की कवायद तेजी से चल रही है। इस नए फीडर में अहिरोरी के करीब एक सैकड़ा गांवों को शामिल किया जाएगा। विद्युत विभाग ने करीब आठ किमी नई विद्युत लाइन को लगभग तैयार कर दिया है। इस नए फीडर को सिकरोहरी से भड़ायल ब्रांच को



अलग कर दिया जाएगा। इसकी समीक्षा करते हुए अवर अभियंता परमानंद ने बताया कि अहिरोरी फीडर को 2 भाग में बांटकर नए भड़ायल फीडर को जल्द शुरू करने के लिए उपकेंद्र परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्माण कार्य चल रहा है।

कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड को निर्देश दिए हैं कि, निर्माण कार्य के दौरान मानकों को विशेष रूप से ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि भड़ायल फीडर में अहिरोरी फीडर के एक सैकड़ा गांवों के शामिल होने से अहिरोरी फीडर पर अक्सर होने वाले ओवरलोड, लोकल फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### धोखाधड़ी से खेत का बैनामा कराने का लगाया आरोप

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। वृद्ध महिला को किसान सम्मान निधि दिलाने के बहाने पुत्री व दमाद के साथ बटाईदार के साथ सांठगांठ कर खेत का बैनामा करवाकर लगभग 10 लाख रूपये हड़पने का आरोप लगाया है। मल्लावां कोतवाली में बकरीदन उम्र 70 वर्ष पत्नी स्व. अली मोहम्मद निवासिनी संजलिपुर मजरा खेमीपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि फूल जहां पत्नी अजमत निवासी नया गांव मुबारकपुर देहात कोतवाली अपने यहाँ बहला फुसलाकर अपने साथ लिवा ले गए थे। इधर खेत बटाईदार मुस्ताक उर्फ़ मुन्ना निवासी संजलिपुर की मिलीभगत से पुत्री फूलजहां और दामाद अजमत ने किसान सम्मान निधि बनवाने के बहाने 5 फ़रवरी को पुष्पांजलि पत्नी सेलापुर थाना माधौगंज को 19 लाख 70 हजार में बैनामा करवा लिया और खाते में 9 लाख 75 हजार रुपये खाते में डाल दिए। ज़ब शेष रकम 9 लाख 95 हजार मांगी तो देने से मना कर दिया। ऐसे में पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कराई जा रही है।



### कमरे के अंदर लटका देखा गया युवक का शव

हरदोई, अमृत विचार। 30 वर्षीय युवक ने कमरें के अंदर मफलर से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसके घर वालों ने बताया कि शराब का लती होने की वजह से उसकी शादी नहीं हुई थी। दिन भर जो भी कमाई करता था, उसकी शराब पी जाता था। कछौना कोतवाली के नैरा मजरा लोन्हरा निवासी 30 वर्षीय संजय शराब की लत की वजह से शादी नही हुई थी। उसके पिता कल्लू ने बताया कि शनिवार को वह पत्नी के साथ किसी काम से बाहर गया हुआ था। घर पर अकेला संजय ही था। दोपहर को घर पहुंचा तो देखा कि कमरें के अन्दर उसके पुत्र का शव मफ़लर से फांसी पर लटक रहा था। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया।

# मल्लावां की बंद पड़ी यूनीसेफ इकाई बनी लोस चुनाव में मुद्दा

मल्लावां, हरदोई, अनुराग मिश्र 'मिनी'

अमृत विचार। यूनीसेफ में 75 लूमो पर सैकड़ों बुनकर खादी बीनकर अपने घर का चूल्हा चलाते थे, लेकिन बदलते समय के साथ यूनीसेफ बंद होने से सैकड़ों बुनकरों बेरोजगार होना पड़ा। अब लोक सभा चुनाव है इस बंद पड़ी यूनीसेफ को चालू कराने की मांग एक फिर से ताजा हो गई।

लोकसभा चुनावों में बेरोजगारी एक बार फिर से बड़ा मुद्दा है। लोगों के घरों का चूल्हा कैसे चले ये एक बड़ा सवाल है। मल्लावां का रिस्ता खादी से जुड़ा हुआ है। अधिकांश मुस्लिम समाज के लोग का मुख्य रोजगार खादी है। यहां कभी उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम की इकाई में यूनिसेफ में 75 हैंडलूम मशीन और 60 रहट्टा मशीन (सूत फिराने) 1 ताना मशीन लगी हुई थी। यूनीसेफ 1995-96 में ये धीरे आखिरी सांसे ले रहा था। यहां पर काम करने वाले सैकड़ो लोग बेरोजगार हो गए और सारी मशीनें कबाड़ में तब्दील हो गई। बिल्डिंग भी खंडहर में तब्दील हो गई। अभी हाल ही में बिल्डिंग की रंगाई पुताई होने पर कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन बुनकरों को रोजगार मिल पाता तो दूसरी बिल्डिंग का हिस्सा जमी दोह कर दिया गया।



जर्जर हालत में उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम की इकाई यूनीसेफ। अमृत विचार

**नजरंदाज करते हैं जनप्रतिनिधि**

हर बार लोकसभा चुनाव आता है, लोग रोजगार की तलाश में बंद पड़ी हथकरघा सोसाइटी व यूनीसेफ की तरफ भी टकटकी लगाकर देखते हैं कि शायद हमारे जनप्रतिनिधियों इसे चालू करा सकें। लेकिन हर बार निराशा ही मिलती है। सरकारें बदलती है और सांसद भी, लेकिन उनकी इस समस्या पर किसी का ध्यान आज तक नहीं गया। इस बार के चुनाव में बंद पड़ी इकाई अहम मुद्दा बुनकर उभर सकती है।

**बोले क्षेत्रवासी**



राज्य हथकरघा निगम कानपुर द्वारा संचालित इकाई में तेजीपुर निवासी देवी चरण जो गार्ड के पद पर थे। उनका कहना है कि सन 1970 में हथकरघा सोसायटी खोली गई थी। इस इकाई में 35 बड़े कर्मचारी, 40 से 50 छोटे कर्मचारी 4 लोग गांठ बांधने वाले के अलावा सात लोग स्टार्ट देखते थे यहां प्रतिदिन 200 गांठ यानी 400 जोड़ी जनता धोती प्रत्येक दिन में खरीदी जाती थी जो अमेरिका तक में पसंद की जाती थी। जनता धोती का काम खत्म होने से तमाम लोग बेरोजगार हो गए और धीरे-धीरे 2004 में पूर्ण रूप से यहां का काम ठप हो गया और बिल्डिंग खंडहर में तब्दील होती जा रही है।



हाजी इशहाक का कहना है कि बुनकरों को जो रोजगार यूनीसेफ़ के माध्यम से मिला, उसको लेकर हमेशा सरकार की तरफ टिक टिकी लगाकर देखते है कि शायद कोई उम्मीद की किरण जगे और बुनकरों को एक बार फिर काम मिल सके।



शमीम अंसारी का कहना है कि जनता धोती के माध्यम से जो रोजगार घर-घर तक पहुंचा था, उसको लेकर हमेशा बुनकर बात करते हैं। सभी की मांग है कि यूनिसेफ़ एक बार फिर चालू हो जाए।

## शादी से कुछ दिन पहले युवक ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। तिलक और शादी की तैयारियों के बीच दूल्हा बनने वाले युवक ने गांव के बाहर पीपल के पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला हरपालपुर थाने के श्यामपुर पंजा का बताया गया है। माना जा रहा है कि मर्ज़ी के बगैर शादी होने पर उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस सारे मामले की गहराई से जांच कर रही है। हरपालपुर थाने के श्यामपुर पंजा निवासी रामबाबू मिश्रा के छह बेटों में 27 वर्षीय हरिकांत उर्फ मीनू सबसे छोटा था। उसकी शाथदी उसी थाने के बेहटा रम्पुरा गांव से तय थी। 18 अप्रैल को तिलक और 25 अप्रैल को उसकी बारात जाना तय था। बताते है कि शनिवार को हरिकांत उर्फ मीनू घर से कहीं चला गया, काफी देर होने के बाद जब वह घर नहीं लौटा, तो उसकी तलाश की जाने लगी। उसी बीच गांव के बाहर पीपल के पेड़ में मफलर से बंधा उसका शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया।

# 1 रुपये के पर्चे पर लिखीं सैकड़ों की जांच व दवाएं


## 100 बेड के सरकारी अस्पताल में बिना रोक-टोक लिखी जा रहीं बाहर से जांच व दवाएं

हरदोई

अमृत विचार। सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पर्चा भले ही एक रुपये का बनता है, लेकिन उस पर्चे पर बाहर से हजारों रुपए की जांच और दवाएं लिखी जा रही हैं। जिले के 100 बेड हास्पिटल में इलाज के लिए पहुंचने वाले लोग कुछ ऐसे ही हालात से गुज़र रहे हैं। वैसे वहां पर्चा तो एक रुपये में बनाया जाता है, लेकिन उस पर बाहर के लिए लिखी गई जांचे कराने और दवाइंया खरीदने में भुगतान से अच्छे-अच्छों का दिमाग़ घूम जाता है।

सरकार ने सरकारी अस्पतालों में बहुत कुछ सुविधाएं दे रखी है। कमोबेश हर सरकारी अस्पताल में सारी जांचे और दवाएं मौजूद है, लेकिन फिर सरकारी डाक्टर बाहर से जांच और दवाएं लिखने की अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। ताज़ा वाक्या अहिरोरी ब्लाक के गोंधाई के रहने वाले मान सिंह के साथ पेश आया।

करीब एक हफ्ते से उसकी बेटी संगीता को बुखार आ रहा था, मान सिंह इलाज के लिए उसे 100 बेड हास्पिटल पहुंचा। जहां उसने एक रुपये का पर्चा बनवाया और डाक्टर के पास पहुंचा। डाक्टर ने संगीता को देखा और उसके पर्चे पर बाहर की जांच लिख दी। मान सिंह वहीं हास्पिटल के बाहर खुली एक निजी पैथालॉजी सेंटर पर पहुंचा। वहां उससे जांच कराने के 22 सौ रुपये मांगे गए। इतने रुपये सुन कर उसके होश उड़ गए। लेकिन वही कहावत 'मरता क्या न करता', मान सिंह ने इधर-उधर से जोड़-बटोर कर जांच के रुपये तो दे दिए और फिर सरकारी इलाज के दावों पर लानत-मलामत करता हुआ खाली जेब घर चला गया। 100 बेड हास्पिटल में पहुंचने वाले गरीब मरीज़ों की ग़रीबी का खुला मज़ाक उड़ाया जा रहा है। ऐसे लोग जिन्हे दो जून की रोटी जुटाना मुश्किल होता है, उन्हे हज़ारों रुपये की जांच और दवाइयां लिखी जा रही है।



सरकारी अस्पताल के पर्चे पर लिखी दवाइयां। अमृत विचार

### जांच और दवाओं के नाम पर कमीशनबाजी का खेल जारी

100 बेड हास्पिटल में कमीशनबाजी के चलते मरीजों का दम निकल रहा है। यहां जांच और दवाइयों के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है। डाक्टरों की बिना जरूरत के भी बाजार के जांच केन्द्रों पर मरीजों को भेजकर जांच कराते हैं, जिसका कमीशन उन तक पहुंचता रहता है। मेडिकल स्टोरों से भी सेटिंग है, जहां से पर्चा भेजने वाले चिकित्सकों तक उनका कमीशन पहुंचता रहता है। सूत्रों के अनुसार कमीशनबाजी के इस खेल में अस्पताल का फार्मासिस्ट भी शामिल है।

## संडीला में फलफूल रहा सट्टे का कारोबार, पुलिस मौन

संडीला, हरदोई

अमृत विचार। कस्बे में पुलिस की अनदेखी से जगह-जगह सट्टे की खुलेआम फड़ लगी हुई है। पर्चियां जारी की जा रही हैं और सट्टे के मोह में पड़कर विशेषकर गरीब लोग और अधिक कंगाल होते जा रहे हैं।


नगर में लगभग एक डेढ़ माह से सट्टे का अवैध कारोबार चरम पर है। जगह-जगह चाय के होटल छोटी दुकानों और कुछ मोहल्लो में लोगों के कमरों से सट्टे का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है या सट्टा राजनीतिक गतिविधियों से लेकर सेंनसक्स, डाजोन्स तथा वर्तमान में आईपीएल को लेकर चलाया जा रहा है। जगह-जगह सट्टे के छोटे बुकी बैठे रहते हैं जो निर्धारित नंबर पर लगाए गए सट्टे की धनराशि और सट्टे के नंबर की पर्ची इशू करते हैं। हालांकि इस पर्ची पर किसी के कोई हस्ताक्षर इत्यादि नहीं होते हैं, लेकिन इस पर्ची पर ऐसा निशान बना दिया जाता है कि यह पर्ची बियरर चेक बन जाती है और संबंधित नंबर आने पर सट्टा लगाने वाले को पूरी धनराशि दे दी जाती है। नगर में सट्टे के इस कारोबार में कई बड़े और सफेदपोश लोगों की पूंजी लगी हुई है। यही सफ़ेदपोश लोग इन छोटे बुकी को विभिन्न मोहल्ले में तैनात करते हैं और उसके बाद फिर क्लेम का भुगतान करते हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी बाइक, डॉक्टर की मौत

हरियावां, हरदोई

अमृत विचार। पिहानी रोड पर अहरापुर पुलिया पर डीसीएम और ट्रैक्टर में आमने-सामने टक्कर हो गई। उसी बीच दवाखाना बंद कर घर लौट रहे निजी डाक्टर की बाइक ट्रैक्टर की ट्राली में पीछे से जा घुसी। रविवार की देर रात हुए हादसे में बाइक सवार डाक्टर की वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका।

बताया गया है कि हरियावां थाने के जतुली निवासी 28 वर्षीय सुनील कुमार मौर्य पुत्र छेदी लाल मौर्य बरगावां में जानवरों का दवाखाना चलाता था। रविवार की रात करीब 10 बजे वह दवाखाना बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में अहरापुर पुलिया पर डीसीएम और ट्रैक्टर में आमने-सामने टक्कर हुई, दोंनों गाड़िया सड़क पर खड़ी थी, तभी पीछे सुनील आ गया, उसकी बाइक ट्राली में पीछे से जा घुसी। सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसकी वहीं मौत हो गई। लेकिन उसी बीच वहां पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़े बाइक सवार को एम्बुलेंस-108 की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन उसकी कोशिश नाकाफी रही। सुनील कुमार मौर्य की शादी नहीं हुई थी, उसका एक छोटा भाई रोहित और चार बहनें है, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। हादसे की खबर सुनकर उसके घर में मातम पसर गया।



ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी बाइक व मृतक डॉ. सुनील कुमार मौर्य की फोटो (इनसेट में)।

### ननिहाल आई छात्रा की पिकअप से कुचल कर मौत

हरदोई, अमृत विचार। प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा अपने ननिहाल गई हुई थी, जहां रविवार की शाम को बर्फ लाने के लिए सड़क पार कर रही थी, उसी बीच तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के गुरगुज्जा निवासी संदीप की 10 वर्षीय पुत्री सपना उर्फ रीमा छह दिन पहले नाना हरिपाल के साथ उनके घर मझिला गांव गई हुई थी, जहां रविवार की शाम को बर्फ लेने जाने के लिए हरदोई-बिलग्राम रोड को पार कर रही थी, उसी बीच पिकअप ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया। इस हादसे में उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसा होते ही ड्राइवर पिकअप को वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे की खबर सुनते ही छात्रा के घर में कोहराम मच गया।

## मां के साथ जा रहे कक्षा दो के छात्र की वैन से टकराकर मौत

हरदोई

अमृत विचार। 7 साल का बच्चा सोमवती अमावस्या की पूजा करने गई अपनी मां के साथ वापस लौट रहा था। कोथावां-अतरौली रोड पर सड़क पार करते हुए उसे तेज़ मारुति वैन ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उस बीच ड्राइवर वैन को वहीं छोड़ कर भाग गया। जिसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में ले लिया। घायल बच्चे को सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

बेनीगंज कोतवाली के ऐमा निवासी बबलू शुक्ला का सात वर्षीय पुत्र अभिजीत गोगादेव कल्यानमंन के एक निजी स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। सोमवार को अभिजीत अपनी मां रानी शुक्ला के साथ सोमवती अमवस्या की पूजा करने के लिए गया हुआ था। बताते है कि पूजा करने के बाद मां के साथ वापस लौट रहे अभिजीत ने जैसे ही कोथावां-अतरौली रोड पार कर घर जाने के लिए ऐमा गांव की तरफ जाने लगा, तभी कोथावां से अतरौली जा रही मारुती वैन ने उसे ज़ोरदार टक्कर माऱ दी, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। आस-पास के लोग दौड़ पड़े। ज़ख्मी अभिजीत को निजी गाड़ी से सीएचसी कोथावां पहुंचाया जाता, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उधर हादसे के बाद ड्राइवर वैन को वहीं छोड़ कर भाग गया। अभीजीत अपनी तीन बहनो का इकलौता भाई था। उसकी मौत से घर में मातम बरपा है।

## सार-संक्षेप



मृत संविदाकर्मी के परिजन को चेक प्रदान करते साथी। अमृत विचार

### मृत संविदा कर्मी के परिवार को दी आर्थिक मदद

हरदोई। स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर तैनात कर्मचारी की मौत के बाद उसके साथियों ने उसके परिवार की मदद की। सोमवार को एनएचएम संघ की ओर से अपने साथी संविदा कर्मी की मौत पर संघ के सदस्यों ने एक लाख 75 हजार रुपये की राशि भेंट कर परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध कराई। सीएचसी टड़ियावां में तैनात संविदाकर्मी पीएमडब्ल्यू अमित वर्मा का बीमारी के चलते 28 मार्च को देहांत हो गया था। एनएचएम संघ के अध्यक्ष जावेद खान की आह्वान पर बहुत से साथियों ने मदद शुरू की। सोमवार को यह लोग उनके पैतृक गांव वहेडा थाना हरियावाँ पहुंचे और तेहरवीं में शामिल हुए। यहां पर एक लाख 75 हजार का चेक स्वर्गीय अमित वर्मा की पत्नी प्रीति वर्मा को बेटी की पढ़ाई व उज्वल भविष्य के लिए सौंपा गया। इस मौके पर जावेंद खान, डॉ रामलखन, ब्रजेश मित्रा, अनुग्रह भारद्वाज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### शव के पोस्टमार्टम के लिए भटकते रहे परिजन

हरदोई। सड़क हादसे में घायल बुज़ुर्ग की इलाज के दौरान 13 दिन बाद रविवार को मौत हो गई। उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए घर वाले कोतवाली देहात के चक्कर काटते रहे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार मौत के दूसरे दिन शहर कोतवाली पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया। कोतवाली देहात के बोझवा पुरवा मजरा मेहुना महेशपुर निवासी बुज़ुर्ग चंद्रिका 25 मार्च को हरदोई-बिलग्राम रोड पर साइकिल से घर जा रहे थे। उसी बीच फर्दापुर के पास पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी थी। इलाज के लिए बुजुर्ग को 100 बेड हास्पिटल ले जाया गया था, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। रविवार को घरवाले उसे लेकर आ रहे थे, उसी बीच रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर 100 बेड हास्पिटल पहुंचे और कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी। लेकिन वहां की पुलिस ने हादसा कहां हुआ, वहीं की पुलिस पोस्टमार्टम कराएगी, कहते हुए इंकार कर दिया। बुज़ुर्ग के घर वाले भटकते रहे। उसके बाद सोमवार को कोतवाली शहर पुलिस ने बुज़ुर्ग का शव कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया।

### हाईवे पर हुए हादसे में युवक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। लखनऊ-पलिया हाई-वे पर एक और हादसा हो गया। शनिवार की देर रात तेज़ रफ्तार की चपेट में आए एक युवक की मौत हो गई। शव की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है। शनिवार की देर रात को लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के टुटियारा मोड़ के पास युवक की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई।

## छात्र ने दोस्तों के साथ खुद रची थी अपहरण की साजिश

हरदोई

अमृत विचार। रविवार को शाहजहांपुर से गायब हुए छात्र को शाहजहांपुर और हरदोई पुलिस ने बरेली से सकुशल बरामद कर लिया। छात्र ने दोस्तों के साथ मिलकर खुद के लापता होने की योजना बनाई थी। पुलिस ने इसके दो अन्य साथियों को भी दबोच लिया है। छात्र से शाहजहांपुर पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनो दोस्त शाहाबाद पुलिस की हिरासत में हैं।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलावरपुर के रहने वाले सगीर खां ने बताया था कि उनका 18 वर्षीय भतीजा आरिश खां रविवार की सुबह तकरीबन नौ बजे कोचिंग पढ़ने के लिए बस द्वारा शाहजहांपुर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। भतीजे के मोबाइल से कॉल पर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगने की मांग करते हुए बताया गया कि उसके भतीजे का अपहरण कर लिया गया है।

जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह और सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा ने टीम गठित करते हुए शाहाबाद पुलिस को दिशा निर्देश जारी किये।

# पिता और मामा ने की थी महिला की हत्या

हरदोई

अमृत विचार। सुनैना की हत्या को किसी और ने नहीं बल्कि उसी के पिता और मामा ने अंजाम तक पहुंचाया था। साण्डी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर सुनैना हत्याकांड का खुलासा किया है। हालांकि शुरुआत से ही कुछ ऐसे क्लू पुलिस के हाथ लग रहे थे, जिससे शक नहीं बल्कि यकीन हो गया था कि सुनैना की मौत का किस्सा आनर किलिंग की कलम से लिखा गया। उसके बाद से पुलिस ने अपनी जांच का रुख दूसरी तरफ मोड़ते हुए सारी सच्चाई सामने ला कर रख दी।

बताते चलें कि 29/30 मार्च की रात में साण्डी थाने के परसापु-भैरमपुर रोड पर बोरे में बंद शव बरामद किया गया था। उस शव की शिनाख्त सुनैना पुत्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी निवासी कमरौली थाना सुरसा के रूप में की गई। सुनैना की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने उसकी हत्या किए जाने का खुलासा किया। उधर ज्ञानेन्द्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए सुनैना के पति आकाश, निर्मला तिवारी, ब्रजेश और कमलेश निवासी मलौथा हरपालपुर के खिलाफ दहेज़ हत्या का केस दर्ज कराया। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी की गाइडलाइन पर चल रही साण्डी पुलिस को शक ही नहीं बल्कि पूरा यकीन हो गया था कि कहीं न कहीं सुनैना की मौत आनर किलिंग से जुड़ी है। उसी के बाद से पुलिस की जांच का रुख बदल गया और उसने जो खुलासा किया, उसे सुन कर हर किसी के होश उड़ गए। एसएचओ साण्डी छोटेलाल और उनकी टीम ने सुनैना के पिता ज्ञानेन्द्र द्विवेदी और ज्ञानेन्द्र के चचेरे साले रामगोपाल पुत्र बंशीलाल निवासी हर्रई थाना टड़ियावां को बस स्टैंड से पकड़ लिया। ज्ञानेन्द्र ने कुबूल किया कि सुनैना की गलत हरकतों से उसकी काफी बदनामी हो चुकी थी, उसी से छुटकारा पाने के लिए उसने अपने चचेरे साले को शामिल करते हुए वारदात को अंजाम तक पहुंचाया।





पुलिस हिरासत में आरोपी व मृतका सुनैना की फोटो।

**खुलासा**

पिता ने कहा, बर्दाश्त से बाहर हो चुकी थी सुनैना की हरकतें

# आलमनगर-रोज़ा रेल खंड पर बढ़ गई ट्रेनों की गति

हरदोई

अमृत विचार। रेल प्रशासन लगातार यात्री सुविधाओं को लेकर कार्य कर रहा है। मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद में बीते एक वर्ष में काफी कार्य रेल ट्रैक पर कराया गया है। मुरादाबाद मंडल द्वारा कई स्थानों पर लूप लाइन दी गई है जबकि कई किलोमीटर तक रेल ट्रैक को बदला भी गया है। इसी के साथ रेल प्रशासन द्वारा कई पुल के गार्डर को भी बदलने का कार्य किया गया है। नए पुल बनाए गए हैं जिससे ट्रेनों का आवागमन सुचारू रूप से किया जा सके। मुरादाबाद मंडल में अभी तक ट्रेनों की गति नहीं बढ़ी थी, लेकिन एक अप्रैल से मंडल में ट्रेनों की गति को बढ़ा दिया गया है। हालांकि अभी भी कुछ हिस्सा शेष है जहां गति नहीं बढ़ाई गई है। मुरादाबाद मंडल में अब तक 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनों का संचालन किया जाता था जिसे बढ़ाकर अब 110 किलोमीटर प्रति घंटा कर दिया गया है। ऐसे में ट्रेनों की गति बढ़ने से यात्रियों के समय में बचत आई हैं जिसका लाभ रेल यात्रियों को मिल रहा है।



### ट्रेनों के समय में बदलाव

मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद व लखनऊ के अंतर्गत आने वाले आलमनगर से रोजा जंक्शन तक रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों की गति को बढ़ा दिया गया है। एक अप्रैल से ट्रेनों की गति को बढ़ाया गया है। इस रेल खंड पर ट्रेनों की गति 100 से बढ़कर 110 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई है। एक अप्रैल से पूर्व इस रेल खंड पर ट्रेनों की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित थी। आलमनगर से रोजा जंक्शन तक ट्रेनों की गति बढ़ जाने से यात्रियों के समय को बचाया जा रहा है वहीं ट्रेनों की गति बढ़ने से ट्रेन अपने निर्धारित समय से पूर्व स्टेशन पर पहुंच रही हैं। रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों की गति बढ़ाये जाने के साथ ट्रेनों के टाइम टेबल में बदलाव का भी मन बना रहा है। हरदोई से होकर जाने वाली कई ट्रेनों के समय में पांच से 10 मिनट का परिवर्तन देखने को मिल सकता है। एक जुलाई से नई समय सारणी लागू होगी। ऐसे में त्रिवेणी एक्सप्रेस, राज्यरानी एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेन हैं जिनका समय परिवर्तन किया जा सकता है। फिलहाल ट्रेनों की गति बढ़ने से कुछ ट्रेन हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय से पूर्व ही पहुंच रही है जिसका लाभ दैनिक यात्रियों समेत अन्य रेल यात्री ले रहे हैं।

# झोपड़ी के अंदर बना रहे थे असलहा

हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली शहर पुलिस ने एसओजी, स्वाट और सर्विलांस टीम की मदद से झोपड़ी में चल रही असलहा फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि हरदोई-बिलग्राम रोड पर कसरावां मोड के पास चेकिंग के दौरान शहर पुलिस को असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने में कामयाबी हासिल हुई। असलहा फैक्ट्री कसरावां मोड के बगल में बाग के किनारे बनी झोपड़ी में चल रही थी। जहां से दो लोगों को असलहा बनाते हुए गिरफ्तार कर बने-अधबने असलहे व असलहे बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।


एसपी ने बताया की लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। रविवार की शाम को हरदोई-बिलग्राम रोड पर कसरावां मोड पर एसएचओ कोतवाली शहर अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। उसी बीच सूचना मिली कि कसरावां जाने वाली सड़क के बगल में आम के बाग के किनारे एक झोपड़ी है। जहां असलहे बनाए जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने झोपड़ी की घेराबंदी की। जहां से टड़ियावां थाने के मोहकमपुरवा निवासी जगदीश व गुलरी पुरवा निवासी शिशुपाल को असलहे बनाते हुए रंगेहाथों पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर 6000 से लेकर 7000 रुपये तक में तमंचा बेचने का काम कर रहे थे। उनके बनाए हुए असलहे कहां के और कौन-कौन खरीद रहा था, पुलिस इसका ब्यौरा जुटा रही है।

# दो जाट नेताओं की जंग में बसपा का ओबीसी दांव

जाट लैंड का तमगा, आठ चीनी मिलें और सबसे बड़ी गुड़ मंडी का खिताब यही तो है, शुगर बाउल यानी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर की पहचान, जिसे यहां का कागज और स्टील उद्योग नई उड़ान दे रहा है। वर्ष 2013 में हुए दंगों ने इस शहर को बदनामी और परस्पर अविश्वास का ऐसा जख्म दिया कि लगा था मोहब्बत की सारी मिठास नफरत की दीवार में बदल जाएगी, पर वक्त के मरहम और किसान आंदोलन ने खेती-किसानी से जुड़े इस इलाके के जाट, गुर्जर और मुस्लिम समुदाय को सारी कड़वाहट भुलाकर फिर से एक कर दिया। हालांकि अब चुनाव आए हैं तो इस गन्ना बेल्ट में सियासी गुड़ फिर पक रहा है। चौपालों पर चर्चा का बाजार गर्म है। कौन किधर जाएगा, इसे लेकर आकलन और कयासों के बीच खापों का समर्थन पाने की होड़ और वोटों की जोड़-तोड़ इस बार रालोद के भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे रही है। ऐसे में यह सीट पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे डॉ. संजीव बालियान और सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनौती पेश कर रहे हरेंद्र मलिक के साथ मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कड़ा इम्तिहान लेने के लिए तैयार है।

**बेहतर कानून-व्यवस्था और रालोद का साथ मिलने से तीसरी बार कमल खिलने के बढ़े आसार**


### 2022 विधानसभा चुनाव में किसको कितने वोट





1. भारतीय जनता पार्टी 2. समाजवादी पार्टी 3. बहुजन समाज पार्टी 4 कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में चुनावी माहौल गर्म और प्रचार का पारा ऊपर चढ़ रहा है। भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी सभाएं कर गए हैं। आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मायावती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने आने वाली हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अगले हफ्ते रैली कर सकते हैं। इस संवेदनशील इलाके में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा है, जिसके बारे में पूछने पर अब अअधिकतर लोग संतुष्टि के भाव में सिर हिलाते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय देते हैं। यह बात जहां भाजपा के पक्ष में जाती नज़र आती है, वहीं गन्ना मूल्य और बेसहारा पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान भी हैं। कहीं-कहीं बातचीत में डॉ. बालियान को लेकर थोड़ी बहुत नाराजगी झलकती है, लेकिन भाजपा और रालोद का गठबंठन होने से सारे समीकरण लोग मुफ़ीद मानते हैं। हालांकि यह कहने वालों की कमी नहीं है कि इस बार मुकाबला तगड़ा है।




मुजफ्फर नगर के लोकसभा चुनावी रण में 11 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी के बीच है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान दो बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार रालोद प्रमुख चौधरी अजित सिंह को उन्होंने नजदीकी मुकाबले में हराया था। इस बार हैट्रिक मारने के इरादे से मैदान में हैं। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा के टिकट पर उतरे हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर के मैदान में तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। हार बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। मलिक पुराने नेता हैं, वह लोकसभा और विधानसभा मिलाकर अब तक नौ चुनाव लड़ चुके हैं। उनके बेटे पंकज भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। हरेंद्र मलिक 1985 में खतौली और 1989 से 1996 तक बघरा विधानसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज मलिक चरथावल से विधायक हैं। हरेंद्र पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर कैराना से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें महज 70 हजार वोट ही मिले थे। इन दोनें के मुकाबले में उतरे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ठेकेदार और रियल एस्टेट कारोबारी हैं। पहली बार मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। छिटके हुए बसपा के काडर वोटर को समेटने की क्षमता रखते हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिस पर गाजियाबाद में लाठीचार्ज को लेकर दारा सिंह चर्चा में आये थे।




### मुस्लिम और जाट मतदाता यहां भाग्य विधाता

- लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता पौने छह लाख गिने जाते हैं, यानी 33 फीसदी तक। जाट करीब 18 फीसदी हैं। लगभग 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दलित वोट बैंक भी लोकसभा सीट का परिणाम तय करने में अहम रोल अदा करता है। इसके अलावा गुर्जर और ठाकुर समुदायों का भी इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 10-10 फीसदी वोट माना जाता है। प्रजापति, सैनी, त्यागी सहित अन्य जातियों के मतदाता भी चुनाव के नतीजा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत




1. भारतीय जनता पार्टी 2. बहुजन समाज पार्टी 3. समाजवादी पार्टी 4 कांग्रेस

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

| 49.6 % | 49.2% |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन) |

| 18,16,284 | 9,68,265 | 8,47,875 | 144 |
|---|---|---|---|
| लोस. सीट पर कुल मतदाता | पुरुष मतदाताओं की संख्या | महिला मतदाताओं की संख्या | थर्ड जेंडर के मतदाता |

## मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट



डॉ. संजीव बालियान- भाजपा | हरेंद्र मलिक - सपा उम्मीदवार | दारा सिंह प्रजापति - बसपा

### कभी मुस्लिम सियासत का गढ़ थी सीट पर इस बार नहीं कोई भी उम्मीदवार

- यह सीट पहले मुस्लिम सियासत का गढ़ गिनी जाती थी, लेकिन 2014 और 19 में लगातार दो बार डॉ. संजीव बलियान के सांसद बनने से हालात इतने बदल चुके हैं कि इस बार कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं है। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया था। 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को पराजित किया था। इस तरह 1999 से 2014 तक 15 साल यहां मुस्लिम सांसद ही चुने गए। मुस्लिम प्रत्याशी की जीत की शुरुआत 1967 में भाकपा के लताफत अली खां की जीत से हुई थी। 1977 में लोकदल के सईद मुर्तजा जीते थे। 1980 में जनता दल (एस) के गय्यूर अली खां ने कांग्रेस के नजर मोहम्मद को हराया। 1989 में कश्मीर से आए मुफ्ती मोहम्मद सईद जनता दल के टिकट पर जीते और वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री बने।

### भाजपा के पास सिर्फ एक विधान सभा सीट

- विधानसभावार मतदाताओं का हिसाब-किताब देखें तो बुढ़ाना में सर्वाधिक तीन लाख 90 हजार मतदाता हैं। इसके बाद मुजफ्फरनगर में करीब पौने चार लाख, सरधना में साढ़े तीन लाख से ज्यादा, चरथावल में साढे तीन लाख और खतौली में लगभग सवा तीन लाख मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल मुजफ्फरनगर विधान सभा सीट पर जीत मिली थी। रालेद और सपा ने 2-2 सीटें जीत ली थीं।

# हिमाचल में भाजपा ने प्रचार में बढ़त बनाई, कांग्रेस प्रत्याशी तय न कर पाई

शिमला

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित हैं। राज्य की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाले हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पूरे प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े हुए है। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्री व पार्टी के आला नेता कार्यालयों तक ही सिमटे हैं। कांग्रेस का चुनाव प्रचार धरातल पर नहीं उतरने से पार्टी कार्यकर्ता मायूस हो रहे हैं। भाजपा ने हमीपुर और शिमला लोकसभा सीटों पर 13 मार्च और मंडी व कांगड़ा सीटों पर 24 मार्च को उम्मीदवारों का ऐलान किया था। वहीं छह विधानसभा सीटों पर 26 मार्च को उम्मीदवार घोषित किये गए थे। सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तय होने के बाद भी कांग्रेस में टिकटों की उलझन है। कांग्रेस नेताओं की माने तो चारों लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस दिनों स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रदेश में अपने उम्मीदवार तय करने के लिए जनता की टोह ले रही है। कांग्रेस में मंडी लोकसभा सीट से प्रतिभा सिंह, शिमला से दयाल प्यारी और भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, हमीरपुर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के नाम चर्चा में हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं को जीत की क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण और बेदाग छवि के पैमाने पर परख रही है। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों को टिकट दी है। इससे पिछला विस चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नाराज हैं। कांग्रेस इन असंतुष्ठ भाजपा नेताओं पर नजरें जमाए हुए है। खासतौर पर लाहौल-स्पीति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रवि ठाकुर को टिकट देने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा को भाजपा मना नहीं पाई है। ऐसे में उन्हें कांग्रेस टिकट दे सकती है। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर, गगरेट, लाहौल-स्पीति और बडसर में उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद इन हलकों में चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव हलकों के कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने इन्हें उपचुनाव में टिकट देकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। हिमाचल विधानसभा में उपचुनाव के परिणाम कांग्रेस और भाजपा के लिए बहुत अहम रहने वाले हैं। दरअसल 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी कांग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं। इन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है, लेकिन अध्यक्ष ने अभी तक इनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किये हैं।



### कंगना के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार विक्रमादित्य सिंह

मंडी लोकसभा सीट से हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने को राजी हैं। ऐसे में कांग्रेस कंगना रनौत के सामने युवा चेहरे विक्रमादित्य सिंह पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस नेता और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, वह आलाकमान के हर आदेश का पालन करेंगे, पहले भी उनके पिता-माता मंडी से सांसद रह चुके है। उनकी मां प्रतिभा सिंह तीसरी बार मंडी से सांसद हैं। मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का मंडी सीट से हारना तय है।




### नाचो-गाओ उत्सव मनाओ...



त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटों के लिए 19 अप्रैल को त्रिपुरा वेस्ट और 26 को त्रिपुरा वेस्ट सीट पर मतदान होना है। इस राज्य की अपनी अनोखी जन जातीय संस्कृति और दिलचस्प लोक कथाएं हैं। यह दृश्य राजधानी अगरतला में आयोजित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा की चुनावी रैली का है, जिसमें बड़ी संख्या में रंग बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि राज्य में भाजपा के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ी राजघराने से जुड़ी त्रिपुरा मोथा पार्टी अब भाजपा सरकार में शामिल हो चुकी है। रैली में मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत विक्रम मानिक्य देव बर्मा भी शामिल हुए।

# मध्य प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर 175 उम्मीदवार

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो चुकी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में नामांकन और नाम वापसी के बाद इन 13 सीटों पर 175 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। पहले चरण की छह सीटों पर 88 और दूसरे चरण की सात सीटों पर 87 प्रत्याशियों के बीच लोकसभा का मैदान मारने की चुनौती है। दूसरे चरण में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को छह प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। रीवा और होशंगाबाद में किसी ने नाम वापस नहीं लिया है।

दूसरे चरण की 7 सीटों रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर 87 प्रत्याशी लोकसभा के रण में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट लड़ रहे हैं। इसके बाद 14-14 खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट से एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

सतना की तरह जबलपुर में भी सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। रविवार को जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान वाली सीटों में अब सीधी से 17, शहडोल से 10, मंडला में 14, बालाघाट में 13 और छिंदवाड़ा से 15 प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

# दिल्ली में भाजपा की राह में कांटे बिछाने का प्रयास

**कांग्रेस-आप का साथ**

महेश शर्मा




**केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कराने की कवायद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस-आप लोकसभा चुनाव की रणनीति में मुफीद मानकर चल रही हैं। कोशिश केजरीवाल की गिरफ्तारी को मतदाताओं की सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को वोट ट्रांसफर कराने की पुख्ता तैयारी की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक दिल्ली की बची तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह यह है कि पार्टी बदले माहौल को भांपकर इंटरनल सर्वे करा रही है। आंकड़े बताते हैं कि अगर मतदाता ने 2014 के चुनाव के पैटर्न पर दोनों दलों के पक्ष में वोटिंग की तो भाजपा से लड़ाई की राह आसान हो सकती है। लेकिन इसके लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य तथा समन्वय को मजबूत बनाने के साथ वोट एक दूसरे के पक्ष में ट्रांसफर कराने की बड़ी चुनौती है।

दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। अबकी 2024 के लोकसभा चुनाव दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर-पूर्व दिल्ली, दिल्ली पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली की सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

2014 व 2019 में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग लड़ीं थी पर अबकी चार पर आप और तीन पर कांग्रेस के साझा प्रत्याशी भाजपा के सामने मुकाबले में होंगे। 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर 56.9 फीसदी वोट पाकर सभी सीटें जीत ली थी। तब 1.28 करोड़ वोटरों में 86.19 लाख वोट पड़े थे। भाजपा को 49 लाख 8 हजार 549 वोट मिले थे। कांग्रेस 22.6 फीसदी यानी 19.54 लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रही थी। सात में पांच सीटों पर वह रनर थी। आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे। दोनों दलों का वोट और वोट का फीसद जोड़ें तो 40.8 फीसदी यानी 35 लाख 25 हजार 587 वोट होता है।

लेकिन अब दूसरी तरफ 2014 का लोकसभा चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा ने सातों सीटें जीती थी। भाजपा को 46.6 फीसदी वोट अर्थात 38 लाख 38 हजार 850 वोट मिला था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिला। पार्टी दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस सभी सीटों पर तीसरे नंबर पर थी। उसे 15.2 फीसदी यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिला था। दोनों दलों के वोट प्रतिशत को मिला दें तो यह 48.3 फीसदी यानी 39 लाख 75 हजार 965 वोट तक जा पहुंचता है जो कि भाजपा के मिले वोटों से ज्यादा है। ऐसे में वोटिंग पैटर्न 2014 के लोकसभा चुनाव वाला होने से भाजपा के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है। हालांकि दिल्ली वेस्ट (पश्चिम दिल्ली) सीट अपवाद है। वहां पर कांग्रेस और आप के वोट मिला लें तो भी भाजपा आगे रही थी। 2024 में आप पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी पर कांग्रेस। आपकी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कहती हैं कि गठबंधन की सफलता वोटों की निर्बाध अदला-बदली पर निर्भर है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता मे उपजी सहानुभूति के माहौल में यह संभव है। हालांकि तथ्य यह भी है कि दिल्ली में

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर आप के वोट बढ़े हैं। 2009 के चुनाव से तुलना करें तो 2019 में कांग्रेस को 34 फीसदी का नुकसान हुआ। भाजपा को 22 फीसदी मतों का लाभ हुआ तो आप को 18 फीसदी का लाभ। अन्य को छह फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

## संपादकीय

# मदद के नए रास्ते

भारत बड़ी शक्तियों के साथ स्वयं को सुपर पावर के रूप में स्थापित करने का संतुलित प्रयास कर रहा है। इस बात में भी कोई शक नहीं है कि भारत शीघ्र ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी के चलते भारत पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करेगा और बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में तेजी आई है। 1970 से 2019 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। 1970 से 2021 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में 20 लाख लोगों की मौत हुई है और 4.3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमडी)की रिपोर्ट के अनुसार, 101 देशों में अभी भी मौसम को लेकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद नहीं है। आशंका है कि 2030 तक दुनिया में 560 मध्यम से बड़ी आपदाएं हर साल आ सकती हैं। डब्ल्यूएमडी उन विश्वव्यापी प्रयासों का समन्वय करता है जो सटीक और समय पर मौसम के पूर्वानुमान के उत्पादन के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकि सहायता की जरुरत है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान साल 2022 में शुरू किया गया था, जिसमें साल 2027 तक सभी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को बचाने पर केंद्रित किया गया है। अभियान के पहले चरण के तहत चिन्हित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद भारत करेगा। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली खतरे की निगरानी, पूर्वानुमान और भविष्यवाणी, आपदा जोखिम मूल्यांकन, संचार और तैयारी गतिविधियों, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की एक एकीकृत प्रणाली है जो खतरनाक घटनाओं से पहले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाती है। अब पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया जा सकेगा। राहत की बात है कि जमीन स्तर पर मुश्किलों से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए कुछ नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। इससे आपदाओं से उभरने के लिए समय रहते बेहतर संसाधनों का निर्माण संभव हो सकेगा।

# कोई गणित नहीं अवाम की ताकत का स्पंदन है लोकतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है।

यह संवैधानिक खुशफहमी सही है कि भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सत्तर वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए लोकतंत्र ने कई चुनौतियां झेली हैं। उनका मुकाबला भी किया है। एक गंभीर, चिंतामूलक और लंबी बौद्धिक जद्दोजहद के बाद लोकतंत्र का यूरोपीय अवधारणाओं से प्रेरित भारतीय ढांचा खड़ा किया गया। देश के भविष्य के लिए चिंताओं और समस्याओं से रूबरू होते विधायन पुरुषों ने वे संभावित वायदे किए जो किसी स्वतंत्र और विकासशील देश के विचारस्फुरण में सपनों की तरह संघर्षशील आजादी के उसके आंदोलन में खदबदाते रहे थे। आईन के बुनियादी स्थापनाकारों की नीयत, समझ और अध्यवसाय में असाधारण पारदर्शिता और निष्कपटता रही है। भारतीय प्रजातंत्र की संवैधानिक रचना खुले मन से, खुले आकाश की तरह की संविधान सभा के सारगर्भित बहस मुबाहिसे में हुई है। उम्मीद यही थी कि लोकतंत्र का पौधा आजाद भारत में पुख्ता वटवृक्ष की तरह अवाम का संरक्षक बनकर इतिहास में अपनी कुव्वत का लोहा मनवाएगा।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी। सरकार नामक संस्था केवल सहायिका होगी। स्वतंत्र होने का यदि ऐसा बोध हो जाता तो उसे लोकतंत्र कहा जा सकता था।

**ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी।**

वैधानिक लोकतंत्र की रचना करते लेकिन आंशिक तौर पर वायदा खिलाफी हो गई। सत्ता के त्रिभुज में विधायिका के लिए बालिग सभी देशवासी निर्वाचक हुए। उन्हें ही 'हम भारत के लोग' कहा गया। पांच वर्ष के लिए विधायिका का चुनाव करते भारत के नागरिक लेकिन कमतर भूमिका अर्थात मतदाताओं में तब्दील कर दिए गए। लोकतंत्र की बुनियादी कारगर ताकत फिर निर्वाचित प्रतिनिधियों में अंतरित हो गई। उनका चुनाव एक संविधानेतर संस्था अर्थात् राजनीतिक पार्टियों के आका अपनी अपनी दार्शनिकताओं, व्यवस्थाओं और स्वार्थी विवशताओं के चलते करने लगे। एक तरह से जनता ने लोकतंत्र के पुर्जे को पांच वर्ष की संविदा या ठेके पर कुछ सैकड़ा प्रतिनिधियों को सौंप दिया। न तो यह आईन की मंशा थी और न ही भारत के 'हम लोगों' की मंजिला हकीकत लेकिन इसके ठीक उलट हो जाने से लोकतंत्र एक मशीन में तब्दील हो गया है। वह कुछ ताकतवर लोगों की जागीर बनकर रह गया है। जनता के धन और योगदान से वह बना है। उन्हें दरिद्र, दीवालिया और दीनहीन करार देने की जुगत और बौद्धिक जुगाली को लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं कहा जा रहा है।

एक नए किस्म का आर्थिक फलसफा वैश्वीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण और निजीकरण का मुखौटा लगाकर संविधान के मकसदों समाजवाद और सार्वजनिक उपक्रमों को कुचलता हुआ नागरिकों की सार्वभौमिकता का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ा रहा है। नागरिकता एक सौ सैंतीस करोड़ 'हम भारत के लोगों' का निरीह परिचय पत्र है। संविधान में लोकतंत्र का सपना उस दौर के सबसे बड़े नेता गांधी ने देखा था। गांधी देश के जनजीवन में स्वप्न भंग के यथार्थ के सबसे बड़े अभिशप्त हैं। उनका जीवन और मरणोत्तर यश निराशा, धोखाधड़ी और वायदा खिलाफी का शिकार बना दिया गया है। नेहरू और अंबेडकर जैसे असाधारण बौद्धिकों ने वेस्टमिन्स्टर प्रणाली लोकतंत्र की भारतीय धरती पर रोपकर एक नए किस्म का राजनीतिक प्रजातांत्रिक मौलिक प्रयोग तो किया। उन दोनों की असाधारण भविष्यमूलक दृष्टि में आम आदमी के पक्ष में पैरवी करती घोषणाओं का अंबार है। यदि वे कारगर हो जातीं, जिसकी संभावना उन्होंने देखी थी, तो हिंदुस्तान का लोकतंत्र दुनिया में नायाब और अजूबा होता। उनकी उम्मीदें बाद की सरकारों ने चिंताओं में बदलीं। चिंताओं को सार्वजनिक विषाद में और विषादमय जनता की पस्तहिम्मती को भुनाते हुए नवधनाड्य वर्ग ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल देश में अमरबेलों की तरह उलझा दिया। भ्रष्टाचारवाद, अपराधवाद, संप्रदायवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद के कई भाई भतीजे हैं। ये ऑक्टोपस की तरह लोकतंत्र की आत्मा को मिथकीय यमदूतों की तरह जकड़कर अट्टहास कर रहे हैं। हिंसा, खूंरेजी अहंकार, हत्याएं, बलात्कार, लूट, डकैती, आगजनी भारतीय जीवन के नए चोचले हैं। उन्हें ज़म्हूरियत के विकारों की तरह इतिहास बेमन से दर्ज कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है। उसके किरदार हर वक्त केवल अभिनय की मुद्रा में दिखाई देते हैं। वे पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को नागरिक समझते उनके विश्वास की कलम से धोखाधड़ी के ब्लैंक चेक पर दस्तखत लेकर उसकी नकदी को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की अपनी स्वार्थी जुगत के लिए भुना लेते हैं। सियासती दलों के घोषणापत्र मृगतृष्णा का राजनीतिक संस्करण हैं। लोकतंत्र अहसास की तरह आने का वायदा किए लाया गया था। वह टीस की तरह हर भारतीय के मन में लगातार चुभ रहा है।

यह हसीन मुगालता है कि भारत कभी विश्व गुरु बनने वाला है। यह भी संदिग्ध दावा है कि देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। देश में ऐसा कोई मध्यवर्गीय और गरीब परिवार नहीं है जहां बेरोजगारी का दंश नहीं है। नागरिक आजादी का कैदघर बनाया जा रहा संविधान अभिभावक की भूमिका में होने के बावजूद रक्षक की भूमिका में नहीं है। यह देश कुछ सैकड़ा धनपतियों की मुट्ठी में आ गया है। अवाम का हौसला टूट रहा है। अत्याचार सहने की उसकी ताकत इतनी लचीली है कि उसे विरोध करना संभव नहीं लगता। लोकतंत्र आंकड़ों की अंकगणित नहीं अवाम की ताकत का स्फुरणनामा होता है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने कभी कहा था यदि पूरी मनुष्यता के खिलाफ एक व्यक्ति की राय भी कायम है। तो उसकी आवाज़ को खामोश करने से ज्यादा कारगर यह है कि वह एकल आवाज़ गुमराह हो रही मनुष्यता के अहंकार को खामोश कर दे। कहो, लोकतंत्र सच क्या है?

## प्रसंगवश

# व्यवस्था और व्यक्ति

खामियां दो तरह की होती हैं- व्यवस्थागत और व्यक्तिगत। व्यवस्थागत खामियां हैं, बहुत हैं। इसमें मेरी जरा भी असहमति नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि शिक्षा सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए। न्यायालय की तरह इसे स्वतंत्र होना चाहिए। यह स्वतंत्रता किस तरह की होगी, कैसे होगी, कौन इसके संचालक होंगे, यह अलग से विचारणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कुव्यवस्था के खिलाफ लड़ना कोई खेल नहीं है। सवाल है कि इस कुव्यवस्था में भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं या नहीं? मेरे ख्याल से कर सकते हैं, परंतु करने वाले उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। मेरे देखने में कुछ इस तरह के शिक्षक पाये गए हैं। जो पहले नहीं पढ़ाते थे, वे आज भी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए भी कि उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य करने वाली कोई शक्ति नहीं है। अधिकारी डंडे के बल पर उन्हें उपस्थित तो करवा सकते हैं, लेकिन पढ़वा सकने का कोई उपाय नहीं। अभिभावक या तो अज्ञानी हैं या संगठित नहीं हैं। अभिभावकों की ओर से कोई निवेदन या दबाव शिक्षकों पर नहीं है। इसीलिए खिसियाए शिक्षक कहते हैं कोई सुधार तो हुआ नहीं। अधिकारियों के द्वारा भय पैदा करने से क्या लाभ? ऐसे शिक्षक 9 से 5 तक समय काटकर घर चले जाते हैं। कुछ शिक्षक गपशप, खानपान, हंसी -मजाक में समय आसानी बिता कर घर चले जाते हैं। जो मैनेज करने में माहिर हैं वे आज के समय में भी देर से आते हैं और पहले चले जाते हैं। कुछ शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं, पढ़ाते भी हैं, लेकिन वे बहुत से काम नहीं कर पाते हैं, क्योंकि व्यवस्था उनका सहयोग नहीं करती। लेकिन वे कामचोर नहीं हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

असली शिक्षक वे हैं जो विद्रोही हैं। विद्रोही तो वह है जिसे मालूम है पढ़ाई का महत्व, जिसे मालूम है पढ़ाने का ढंग, जिसके पास निरंतर ज्ञान हासिल करने और उसे बांटने की ललक है और इसके लिए वह रास्ता भी निकाल लेता है। बच्चे अगर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो वे उन्हें आकृष्ट करने के लिए कोई उपाय करते हैं। सफल नहीं होने पर वे स्वाध्याय के लिए जगह ढूंढ़ लेते हैं। निरर्थक गपशप करने वाले शिक्षकों के साथ बैठकर समय नहीं गंवाते। ऐसे ही शिक्षकों को मैं शिक्षक कहता हूं।

# राजनीति और कलाओं का अंतर्संबंध



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

**राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे।**

तात्कालिक राजनीति हमेशा क्षुद्र होती है लेकिन सौ-पचास साल बाद वही इतिहास बन जाती है और गंभीर अध्ययन का विषय मानी जाती है। विचित्र बात है कि तात्कालिक राजनीति पर विचार करते हुए लेख लिखना अच्छा नहीं समझा जाता लेकिन उसी समय उसका वर्णन उपन्यास में करना या उसका चित्रण कविता में करना प्रशंसनीय माना जाता है। इसका कारण शायद यह है कि साहित्य उन घटनाओं, चरित्रों को एक तो संवेदना की आंख से देखता है, दूसरे उन्हें निर्वैक्तिक, निर्जीव तथ्य के रूप में अंकित नहीं करता, मानवीय गतिविधियों के प्रसंग में अंकित करता है। मतलब यह कि किसी पात्र को अकेले-अलबेले रूप में न दिखाकर लोगों के साथ, उनके बीच, उनकी भूमिका के संदर्भ में चित्रित करता है। किसी 'नायक' के कार्यकलापों का लोगों पर किस तरह का असर होता है, नायक क्या सोचता है और लोग बाग क्या सोचते हैं, जीवन में मौजूद सामग्री से नायक किन्हें अपने कार्यकलाप का माध्यम बनाता है और लोग बाग किन पहलुओं को आवश्यक समझते हैं, यह सब साहित्य में आता है; न समाज शास्त्र में आता है, न इतिहास में।

फिर भी साहित्यिक अध्ययन में दूसरी विद्याओं का सहयोग लिया जाता है जबकि दूसरी विद्याएं साहित्य को दोयम दर्जे की चीज मानती रही हैं। इधर जब से साहित्य का उपयोग इतिहास के अध्ययन के लिए होने लगा है तबसे कुछ नई विश्लेषण पद्धतियां उभरी हैं, हालांकि उनके लिए साहित्य केवल स्रोत है, इससे ज्यादा उसका कोई महत्व नहीं है। मुझे लगता है कि अगर ऐतिहासिक सत्य जानने के लिए साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसकी साहित्यिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। मतलब यह कि साहित्य केवल अपने समय के सामाजिक (बाह्य) तथ्यों का वृत्तांत नहीं होता, उसमें मनुष्य के सोचने-विचारने का ढंग भी अभिव्यक्त होता है, उसके विश्वासों और सपनों की दुनिया भी रहती है। इतिहास के लिए अगर तोल्स्तोय या प्रेमचंद का उपयोग हो सकता है तो मनोवैज्ञानिक अध्ययन के लिए दॉस्तोएव्स्की या जैनेन्द्र कुमार का उपयोग क्यों नहीं हो सकता? जहां बात शुरू हुई थी, वह प्रश्न था तात्कालिक राजनीति को क्षुद्र मानने और विगत राजनीति को इतिहास का गौरव समझने की। इस संबंध में उदाहरणों की कमी नहीं है। औरंगजेब के समय उसके कार्यकलापों पर पक्ष में बोलना पुरस्कृत होना और विरोध में बोलना जान गंवाना था।

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे। इसीलिए साहित्य अपने अध्येताओं को व्यापक दृष्टि देता है। यह व्यापक दृष्टि अपने स्रोता-पाठक-दर्शक को औरों से बेहतर मनुष्य बनाती है। यही कारण है कि प्लेटो कहते थे कि दार्शनिक तो शासक को आदर्श बनने की शिक्षा दे सकता है लेकिन नागरिक को आदर्श बनाने में साहित्य की सहायता ज़रूरी है।

प्लेटो खुद कवि रह चुके थे, वे दार्शनिक थे, वे साहित्य की प्रकृति और उसकी चालक शक्ति को समझते थे। लेकिन विभिन्न तथ्यों में से अपने अनुरूप तथ्य को चुनकर और अन्य तथ्यों की अवहेलना करके अपना 'नरेटिव' बनाने वाले राजनीतिज्ञ साहित्य को बर्दाश्त नहीं कर पाते। जो राजनीति जिस सीमा तक सीमित तथ्यों से, यानी कुछ सचाइयों के इस्तेमाल और शेष के दमन से अपना 'नरेटिव बनाती है, वह उतना ही साहित्य-संस्कृति के विरुद्ध होती है। इसीलिए तानाशाही सत्ताएं साहित्य को सहन नहीं करतीं। उस बात को यों भी कह सकते हैं कि जो सत्ताएं साहित्य-संस्कृति के प्रति जितना अहिष्णु होती हैं, उनमें तानाशाही की प्रवृत्तियां उतनी ही अधिक होती हैं।

हम यह कह सकते हैं कि कला के अन्य रूपों की अपेक्षा साहित्य के प्रति तानाशाही सत्ताओं का रवैया ज्यादा नकारात्मक होता है क्योंकि कविता, नाटक, उपन्यास आदि साहित्य के रूप भाषा पर निर्भर हैं और भाषा में विचार भी व्यक्त होते हैं, भावनाएं अधिक परिभाषित रूप में आती हैं; जबकि संगीत में केवल स्वर हैं जो संवेदनाएं जगा सकते हैं, विचार नहीं, नृत्य में मुद्राएं हैं जो भावोद्वेलन ला सकते हैं, सामाजिक जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर नहीं कर सकते। संक्षेप में, कलाएं जितनी भी हैं, वे मनुष्य के सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति हैं, वे संस्कृति की धरोहर हैं लेकिन विचार की दृष्टि से सबसे समर्थ या सशक्त सहित्य है क्योंकि वह भाषा पर निर्भर है और भाषा के बिना विचार की सत्ता नहीं हो सकती।यही कारण है कि तात्कालिक राजनीति चाहे जितनी क्षुद्र हो, उसी समय उसका वर्णन या चित्रण करने वाला साहित्य मूल्यवान होता है क्योंकि वह सत्ताओं के रुख से नहीं, जनता के हितों से परिचालित होता है।

## सोशल फोरम

# पर्यटक नहीं वरन एक बोझ

प्रचंड ग्रीष्म ने अपने आगमन का संदेश देना आरंभ कर दिया है। इस बार शीतकालीन वर्षा लगभग न के बराबर रही है। जल स्रोतों में निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। विगत सालों में फरसौली के अपने जल स्रोत को फावड़ा और कुदाल लेकर साफ सफाई करता था तो अप्रैल/मई के मध्य तक किचन गार्डन के लिए पानी चल जाता था। इस बार दाहिने हाथ ने साथ देना छोड़ दिया है। स्रोतों में पानी कम तो हो ही गया है और ऐसे महानुभावों का आगमन बढ़ गया है जिन्होंने अपनी अतिरेक कमाई से इन छोटी-छोटी पहाड़ियों पर जमीनें खरीदी और आलीशान बंगला बना कर रहते हैं। अर्थात जल स्रोतों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ये पर्यटक नहीं हैं वरन् आर्थिकी पर एक बोझ हैं। पूरे साल दिल्ली,गोवा, जापान जैसे मनोरम स्थलों का आनन्द लेने के बाद अब उन सबकी आमद धीरे-धीरे इन पहाड़ियों के प्राकृतिक संसाधनों पर एक अतिरिक्त दबाव बढ़ा देगी। मुझे तो अपने पैतृक गांव डौणू निकलना है। अप्रैल आखिर में गेहूं की कटाई करनी है और अगली फसल धान या दलहन के लिए तैयारी करनी है, इसके लिए गधेरों में उपलब्ध जल का संचयन करते हुए गूलें भी सुधरवाने का कार्य शुरू करना है। अच्छी बात यह है कि जब मैं छोटा फावड़ा (कसी -स्थानीय भाषा) लेकर निकलूंगा तो दो चार लोग साथ आ ही जाते हैं। जल संरक्षण के लिए फरसौली में तो प्रयास किया ही है। अब धीरे-धीरे पैतृक गांव में भी इसे करना है। मेरे लिए तो अमरीका, जापान, पेरिस,गोवा आदि सब मेरी वो जन्म भूमि है। इन सभी स्थानों के विकास को देखकर मुझे वह आनन्द स्थाई रूप से नहीं मिलता है जो समय पर सिंचित पहाड़ी खेतों में लहलहाती गेहूं पर लहराती हवा को देख कर मिलता है। स्थानीय स्तर पर यहां भवाली में एक श्री नेगी चौहान के सहयोग से जल स्रोतों के जल संवर्धन में प्रयासरत हैं लेकिन दो दिन पहले पता चला कि उनके इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े आ रही है। सोच रहा हूं कि गांव से वापसी के बाद उन लोगों से योगदान के लिए आग्रह करवाता हूं जो पुराने धनवान हैं या सरकारी सेवाओं में अच्छा आर्थिक अर्जन कर इस कार्य के लिए सहयोग देने की स्थिति में हैं। **-फेसबुक वॉल से**



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

# विरोध करना बंद कर दोगे तो आत्महंता हो जाओगे



प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

**मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों का तड़फते मरते देखा।**

एम्स (दिल्ली), भारत का सबसे बड़ा अस्पताल। मेरा पैट स्कैन होना था। सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे मरीज इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री इनक्वारी करने गई कि पापा का नंबर कब आएगा। एक मशीन खराब है, दवाई है नहीं। जिन मरीजों को घंटों से कैलूना लगे थे,जब पता लगा कि दवाई खत्म है, मशीन खराब है, उनकी इंतजारी की वाट लग गई है तो वह कुछ बोल न पाए। उनके कैलूना उतारने के लिए डॉक्टर तक न थे।

एक विहार से आया मरीज, दिल का मरीज तो था ही गरीबी की बीमार से भी ग्रस्त था। तीसरी बार भी टेस्ट न होने से इतना हताश, बेरंग हो गया कि उसने गुस्से से पर्ची फाड़ दी। एक डॉक्टर यह देख बौखला गया, बोला, जाओ टेस्ट न होगा। वह रोने लगा। तभी दूसरे संवेदनशील डॉक्टर को उसके रोने से आंसू आ गए। मेरी बेटी के भी आंसू आ गए। संवेदनशील डॉक्टर ने अश्वासन दिया कि हम तुम्हारा टेस्ट करेंगे। भूखे मरीज को बेटी ने खाने को दिया और 500 रूपये ऑफर किए। खाने की चीज तो उसने ले ली पर पैसे न लिए। बहुत कहने पर ले ही लिए। वह दिन संवदेना और बदइंतजामी का था।

होली बीती तो हम फिर अपनी तकदीर अजमाने चले चले। किसी तरह नंबर आया तो मैं भी बहुत से मरीजों के साथ एक छोटे से कौने में गिरफ्तार कर लिया गया। मरीज, मुजरिम से भी ज्यादा गुनहगार है। मुजरिम से तो पुलिस को,औरों को डर लगता है पर बीमार वह पापी, मुजरिम है कि पर्ची काटने वाले से लेकर, गार्ड, नर्स, डॉक्टर, सब उसके बॉस हैं। उनकी एक कृपा की नजर का वह तलबगार, कातरता से इंतजार करता है।

मैंने डॉक्टर से पूछा, हमारा नंबर कब आएगा। वह अकड़ कर बोला, मशीन ठीक हो जाएगी तो नंबर आऐगा। मेरे अंदर गलत के खिलाफ जब उबाल आता है तो उसमें सारे उबाल शामिल हो जाता है। मैंने उग्र हो कर कहा, तो एक बड़े अक्षरों में नोटिस लगा दीजिए ना, यहां जब मशीन दुरूस्त होती है तभी जांच होती है, जिम्मेवारी आपकी। इस पर डॉक्टर सहमा। बोला, मेरा क्या कसूर। जमाने का कसूर। स्थल पर हलचल हुई मशीन ठीक हुई।

मेरा नंबर आया तो दवाई नहीं थी। मैंने कहा, क्या जब दवाई आएगी तब इंजेक्शन लगेग। मैंने मरीजों को इंगित कर एक छोटा सा भाषण देशभक्ति के अंदाज में विरोध करने का आहवान दिया और कहा, मैं यही आमरण अनशन पर बैठता हूं। हम विरोध करते ही नहीं। कुछ नहीं तो पीएम पोर्टल में ही कर दो कम्पलेन। यह भाषण सुन तब घबराए डॉक्टर ने दवाई मंगवाई वह भी किसी परिचारक से। हद ही हो गई। किसी तरह हमारा नंबर आ जाए, किस्मत लहरा जाए यही सब सोचते हैं। उस अपाधापी में गंभीर मरीज भी अपनी बारी के लिए चंगा हो जाता है।

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों का तड़फते मरते देखा। किसी ने उन्हें झांका तक नहीं। सत्तर हजार का एक इंजेक्शन लगा के एक को और बर्बाद कर दिया। अरे मैं विदेश रहा हूं। वहां मरीज को घर से उठा के लाते हैं। इसीलिए जो बाहर गया फिर गया, वापस लौट कर नहीं आता। पर जैसे ही उनके मरीज का नंबर आया, उनकी उग्रता, नम्रता में बदल गई। वह डॉक्टर के आगे झुके जा रहे थे। जिंदगी से अजीज हम बीमार, सताए हुए हम आत्महंता लोग हैं। सारे अस्पतालों में मशीनें जो आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। आगे चल कर एआई के हवाले ही संवेदनशीलता हवाले हो जाएगी। दोस्तो बीमार न पड़ना चाहे मर जाओ। कसरत करो, कम खा कर गम खाओ पर हालात पर न मुस्कुराओ। विरोध करो। विरोध करना बंद करत दोगे तो धीरे-धीरे आत्महंता हो जाओगे। मैं जब भी गलत के खिलाफ विद्रोह करने का साहस करता हूं तो आनंद से भर जाता हूं। उस दिन मैं आनंदित था, हे मैने कर दिखाया के अंदाज में।

# जकात, ज़िगर और जेब

एक पंजाबी कहानी है कि एक बच्चा और उसकी मां काफी तंगहाली में जिंदगी बिता रहे थे। मां बच्चे को कुछ खाने पीने का सामान खरीद कर दे देती थी, बेचने के लिए। उसी कमाई से उनका घर चल रहा था। एक दिन बच्चा खाली हाथ घर लौट आया। जब मां ने पूछा की क्या हुआ सामान भी नहीं है और पैसे भी नहीं है। बच्चे ने बताया की आज कुछ भूखे साधू उसे मिल गए। उसने सारा सामान उन्हें ही खिला दिया।

ये सुनकर मां रोने लगी बच्चे ने सहम कर पूछा मां क्या मुझसे कुछ गलती हो गी। तुम रो क्यों रही हो। इस पर मां कहने लगी- गलती तुमसे नहीं शायद भगवान् से हो गई है। मैं तो रो रो कर उसी से फरियाद कर रही हूं किहे, भगवान तूने इस छोटे से बच्चे को जब इतना बड़ा जिगर दिया है तो इसकी जेब का भी कुछ ध्यान रख। उसे भी थोड़ा बड़ा कर। क्या जकात का संबंध जेब से है...शायद हां, शायद ना! जब कोई चीज़ इफ़रात में हो तो जिगर थोड़ा बड़ा हो सकता है या किया जा सकता है। लेकिन वो लोग सचमुच महान हैं जो छोटी जेब के बावजूद बड़ा जिगर दिखाते हैं। संसार में दान दाता देशों की सूची में मुख्यत विकसित देश और इसके लोग ही है। बिलगेट्स द्वारा शुरू की गई संस्था, जिसमें लोग अपनी कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत दान करते है, में भी पश्चिम देशों के लोग ही ज्यादा है यानी दान का सीधा संबंध जेब से है। जितनी बड़ी जेब उतना बड़ा दानी। लेकिन भारत के अमीरों पर ये नियम कम लागू होता है। क्या ज़कात का संबंध ज़िगर से है ...बिलकुल ।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

शायद ज़कात/ दान के लिए जिगर की जरूरत सबसे ज्यादा है। जिगर, जेब पर लगी ज़िप के सामान होता है कुछ देने से पहले पर्स की ज़िप यानी जिगर को खोलना पड़ता है। एक बारजब आपका दिल खुल गया तो कोई भी रकम आपको छोटी ही मालूम पड़ेगी। हो सकता है की आप पूरा पर्स ही दे दें ।

क्या ज़कात का संबंध धर्म से है?...जवाब है हां। ज़कात, दान और दसवंद के रूप में धर्म ने भी हम पर कुछ पाबंदियां आयद की है। हमारी कुछ जिम्मेवारियां तय की है। ताकि जरूरत मंदों की मदद की जा सके। आज भी हम दान इंसानियत के नाते कम, धार्मिक दृष्टिकोण से ज्यादा करते है। हमारा मुख्य उद्देश्य पुण्य कमाना या किसी जन्नत का लालच ही रहता है। लेकिन अफसोस कि सबसे अधिक धर्मों और धार्मिक लोगों का देश होने के बावजूद हम संसार में दानदाता देशों की सूची में बहुत निचले पायदान पर रहते हैं। पुण्य लूटने में भी लोग यहां कंजूसी कर जाते हैं। देखा जाए तो भारत मे लोग धार्मिक दान सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन फिर भी दान दाताओं की कम संख्या को देखते हुए ये कहना पड़ेगा कि या तो धर्म हमें प्रेरित नहीं कर पाया या धर्म का डंडा हमें डरा नहीं पाया। लेकिन जो प्रेरित हुए भी, जो डरे भी, जिन्होंने ईमानदारी से दान किया भी। उनका दान भी या तो दान पेटी में बंद रहता है या फिर उसकी बंदर बांट हो जाती है। बहुत कम ही धर्म स्थल है जो दान के पैसे का सदुपयोग करते हैं। बाकी दान यहां धर्म विशेष के लोगों की जेब मे चला जाता है। यही वजह भी है कि दान को धर्म का धंधा बनते देर नही लगती।

# अनुसूचित वर्ग के नौकरशाहों में भाजपा से नेतागिरी का बढ़ा क्रेज

**पहले वॉमसेफ के जरिए दलित आंदोलन में लेते थे रुचि, अब भाजपा-संघ की भाने लगी है विचारधारा**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** कितने चेहरे लगे हैं चेहरों पर, क्या हकीकत है और सियासत क्या...,नौकशाहों में नेतागिरी की दूसरी पारी के बढ़ते क्रेज पर शायर सागर खय्यामी का यह शेर सटीक बैठता है। आजादी के बाद अनुसूचित वर्ग के नौकशाहों की पसंद में कांग्रेस ही सर्वोपरि रही, फिर 45 साल बाद बसपा ने खूब लुभाया। अब बीते एक दशक से मोदी और योगी की राजनीति ने ऐसे नौकरशाहों को वॉमसेफ से ज्यादा भाजपा और संघ का दीवाना बना दिया है।

ताजा घटनाक्रम पर गौर करें तो, हाल में ही सेवानिवृत हुए प्रदेश के कार्यकारी पुलिस महानिदेशक रहे विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ लोकसभा चुनाव के बीच सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वे तेज-तर्रार दलित अफसरों में गिने जाते थे और मायावती के खास भी रहे। पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने तो बीते विधानसभा चुनाव से पहले नौकरी से वीआरएस लेकर भाजपा की सदस्यता ली थी। जाति से जाटव अरुण के पिता श्रीराम अरुण भी डीजीपी रहे हैं। असीम अरुण ने मुलायम-अखिलेश के गढ़ कन्नौज में अनुसूचित वर्ग के वोटों का हाथी से मोहभंग करने का गुरुतर दायित्व निभाने में बड़ी भूमिका निभाई। नतीजा रहा कि पहली बार विधायक बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनाम में समाज कल्याण मंत्री बनाया।

इससे पहले 2017 में बसपा सुप्रीमो मायावती के खास रहे पूर्व आईपीएस बृजलाल ने भी भाजपा के सत्ता में आने के बाद सदस्यता ली। माना जाता है कि अरुण ने शायद बृजलाल के राजनीति में आने के बाद ही खुद को राजनीति में जाने का मन बनाया था।


असीम अरुण


ब्रजलाल


रामबहादुर


विजय कुमार

**● असीम अरुण ने तो छोड़ दी थी शानदार नौकरी, ब्रजलाल, रामबहादुर के बाद विजय कुमार हुए मुरीद**




### उप्र की ठोको पॉलिसी में बृजलाल का रहा सहयोग

पासी दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बृजलाल वर्ष 2010-12 तक उप्र में डीजीपी थे। उनकी छवि एक कड़क़ पुलिस अधिकारी के साथ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की रही है। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तब बृजलाल के लगातार संपर्क में थे, जब उन्होंने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ ठोको पॉलिसी के तहत बड़ा अभियान छेड़ा था। हालांकि योगी की इस ठोको पॉलिसी का विपक्ष लगातार विरोध करता रहा है। पहले सरकार ने बृजलाल को राज्य एसटी एससी कमीशन का चेयरमैन बनाया है। इसके बाद 2020 में उन्हें राज्यसभा का सांसद बना दिया।

### आईएएस रहे रामबहादुर भी भाजपा व संघ के बने पोषक

पूर्व आईएएस राम बहादुर ने भी सेवा निवृत्त होकर दूसरी पारी बसपा की राजनीति से शुरू की थी, वे मायावती के खासे करीब भी रहे। लखनऊ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने कुछ कड़े फैसले लिए थे, जिसमें अवैध अतिक्रमण हटवाना भी शामिल था। वह कांशीराम द्वारा स्थापित आल इंडिया बैकवर्ड एंड माइनारिटी कम्युनिटी एम्पलाई फेडरेशन के सदस्य भी थे। राम बहादुर ने मोहनलालगंज से वर्ष 2017 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव भी लड़ा था, लेकिन अब मोहभंग होकर भाजपा और संघ की विचारधारा के पोषक बन गए हैं।

## कांग्रेस की चुनावी सभाएं जल्द: अविनाश पांडे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश के पहले व दूसरे चरण की सीटों पर चुनावी सभाएं जल्द शुरू होंगी। रायबरेली व अमेठी सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा सही समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सभी 80 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। प्रदेश प्रभारी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने देश की जनता के सामने घोषणा पत्र को नये संकल्प के रूप में पेश किया है। देश के राजनीतिक इतिहास में यह पहला घोषणा पत्र है जो जनता की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत अभी रायबरेली व अमेठी के प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, पर दोनों क्षेत्रों की जनता का गांधी परिवार से लगाव है। लोगों की भावनाओं को केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही पहला कदम बेरोजगारी दूर करने के लिए उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली व सभा पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव के साथ इंडिया गठबंधन की रैली जल्द होगी।

# नगीना से प्रत्याशी चंद्रशेखर के खिलाफ देश में सर्वाधिक मुकदमे

**सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की सूची में देश में पांचवें स्थान पर**

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में दावा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में नगीना संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रशेखर पर देश भर में सर्वाधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। इसमें कहा गया है कि आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर के खिलाफ कुल 36 मामले दर्ज हैं। जिसमें से 78 धाराएं गंभीर मामलों में दर्ज की गईं हैं। आईपीसी की अलग-अलग 167 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

चुनाव सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के देश भर के प्रत्याशियों का वित्तीय, आपराधिक और शैक्षणिक विवरणों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उप्र. में पहले चरण के चुनाव की 8 सीटों पर उतरे 80 प्रत्याशियों का भी ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक नगीना सीट पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पर देश भर में सबसे ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की फेहरिस्त में देश में पांचवें स्थान पर हैं।

### चंद्रशेखर के सर्वाधिक केस सहारनपुर में

चंद्रशेखर पर सरकारी अधिकारी को उसका काम करने से रोकने के मकसद से चोट पहुंचाने के, हत्या के प्रयास से संबंधित, डकैती की सजा से संबंधित समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। दरअसल, नगीना लोकसभा सीट पर पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास चंद्रशेखर ने जो हलफनामा जमा कराया गया उसके अनुसार इन पर कुल 36 मामले दर्ज हैं। इनमें से 26 केस सहारनपुर की अलग-अलग अदालतों में चल रहे हैं जो जनपद की ही विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में 1, दिल्ली में 2, मुजफ्फरनगर में 2, लखनऊ में 1, हाथरस में 1, अलीगढ़ में 2 और नगीना में 1 मामला दर्ज है।



# कद्दावरों से तय होता रहा राजनीतिक दलों का कद

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** सूबे की सियासत में आजादी से ही अलग पहचान बनाने वाले गोंडा जनपद में मतदान में भी बड़े दांव दिखाए हैं।

यहां के मतदाताओं ने पार्टियों के बजाए कद्दावरों को महत्व देते रहे। यही कारण रहा गोंडा संसदीय सीट पर देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा जैसे सरीखे नेताओं को देश की सदन में जाने का मौका मिला। यह रवायत आज भी कायम है। बात हम बीते पांच चुनाव परिणामों के करें तो जनता के मूड की मैपिंग समाने आ जाती है। जिस तरह कद्दावर प्रत्याशियों के आने से पार्टियों का वोट प्रतिशत उछाल मार कर आगे बढ़ा वहीं कमजोर प्रत्याशियों को मजबूत दल का साथ मिलने के बाद भी मुंह की खानी पड़ी और वोट प्रतिशत भी धराशायी हो गया।


देश की सबसे बड़ी पार्टियों में शुमार कांग्रेस और भाजपा को भी कई बार मतदाताओं ने प्रत्याशी चयन में चूक का झटका दिया। यही नहीं प्रदेश की सियासत में पांव जमा रही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पहली बार सदन भेजने का काम भी जनता ने कद्दावर नेता को चुनकर बड़ी पार्टियों को हैरत में डाल दिया। भले ही बसपा के किसी भी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली लेकिन 2009 के चुनाव में उम्मीदवार के कद के कारण बसपा भी वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। यही नहीं वोट प्रतिशत में निचले पायदान पर पहुंच चुकी कांग्रेस को भी 2009 में ही कद्दावर नेता का साथ मिला तो मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ जीत का स्वाद भी 20 साल बाद चखने को मिला और मुख्यधारा में पार्टी की वापसी हुई।

1999 में जीत हासिल करने के बाद भाजपा भी हासिए पर चली गई। 2004 का चुनाव मजबूती से तो लड़ी जीत के करीब नहीं पहुंच सकी। दस साल बाद भाजपा को भी जिले के कद्दावर नेता का साथ मिल गया। फिर क्या था भाजपा के सपनों को पंख लगे और जीत का सिलसिला 2019 तक जारी रहा। इस बार भी भाजपा ने कद्दावर नेता पर ही दांव चला है। फिलहाल सपा ने भी कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद पूर्व में क्षेत्र की नुमाइंदगी कर चुके राष्ट्रीय स्तर के नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को दावेदार बनाकर मैदान में उतार दिया है। इस बार दो कद्दावरों के बीच मुकाबला रोचक होने की दिशा में दिख रहा है।

**आंकड़े**

**● उम्मीदवारों के कद के हिसाब से घटते बढ़ते रहे मत प्रतिशत**


### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह, विजेता | 5,08,190 |
| विनोद कुमार पंडित सिंह, उपविजेता | 3,41,830 |


| | |
|---|---|
| वर्ष | 2019 |
| कुल मत | 1744625 |
| पड़े मत | 923816 (53 .4%) |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्तिवर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डंपी | 1,16,178 |


गोंडा



### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980, 84 व 89 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | केतकी देवी सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | कीर्ति वर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | कीर्तिवर्धन सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# राजनीतिक दलों के कितने सफल खेवनहार साबित होंगे छोटे दल

**सपा से कुछ दलों ने नाता तोड़ा तो कुछ अन्य दलों ने आगे बढ़कर मिलाया हाथ**

**▸▸ रालोद, निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल के साथ मिशन- 80 साधने की तैयारी**

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** चुनाव का माहौल हो और चर्चा उत्तर प्रदेश की राजनीति पर चले तो जाति और क्षेत्रवाद अछूता नहीं रह सकता। यही कारण है कि इस बार भी लोस चुनाव में अलग-अलग क्षेत्रों, जाति व समाज में प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों अथवा कथित छोटे दलों का महत्व बढ़ा हुआ है।

उप्र. के चुनावी संघर्ष में भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने हैं। भाजपा से तो सपा के ही दो सहयोगी दल टूट कर मिले। इसमें पहले सुभासपा और अब रालोद शामिल हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी पहले ही शामिल है। इधर सपा को उसके पुराने सहयोगियों ने छोड़कर झटका दिया तो कुछ अन्य दलों ने साथ देकर संबल भी दिया। रालोद और अपना दल कमेरावादी के नाता तोड़ने के बाद लोकदल और महान दल सपा का साथ देने को आगे आए।

### मिशन 80 साधने में सहयोगी बने अपना दल (एस) और रालोद

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा की सहयोगी हैं। इनका साथ पाकर पार्टी का कुर्मी वोट बैंक मजबूत होता है। इस बार प्रत्याशी उतारने को खाते में दो सीटें मिलनी हैं। दूसरा हाल ही में सपा को छोड़ भाजपा का दामन थामने वाला राष्ट्रीय लोकदल 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा-सुभासपा के साथ गठबंधन में शामिल रहा था। अब भाजपा के मिशन 80 को साधने में जुटा है। पिछले चुनाव एक भी सीट नहीं जीते और इस बार बिजनौर और बागपत से उम्मीदवारी मिली है।

### सुभासपा और निषाद पार्टी का भी है साथ

वहीं, सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर भी 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़े। पार्टी ने चार सीटें जीतीं। योगी सरकार में मंत्री बने। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ हो लिए और 6 सीटें जीतीं। फिर चुनाव बाद भाजपा में आ गए। इस बार लोस चुनाव में प्रत्याशी उतारने को एक सीट मिली है। घोसी से बेटा अरविंद राजभर मैदान में है। एक और दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद 2019 में भी भाजपा के साथ थे, अब भी हैं। पिछले चुनाव में संजय निषाद के बेटे प्रवीण संतकबीरनगर से भाजपा के सिंबल पर लड़े व सांसद बने। इस बार भाजपा के टिकट पर संतकबीरनगर से प्रवीण निषाद फिर लड़ेंगे।

### राजनीतिक लाभ को साथ रखते हैं छोटे दल

देखा गया है कि, जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल जिस बड़े दल के साथ जुड़ जाते हैं, उनका समर्थक वोटर उनके साथ चला जाता है। बड़े दलों की कुछ वोटों से हारने की स्थिति वाली सीटें पक्की हो जाती हैं। बदले में छोटे दल अपने बड़े आधार वाले क्षेत्रों में बड़ी पार्टियों से कुछ सीटें मांगकर अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करते हैं। हालांकि छोटे दलों की मदद से बड़े दल ज्यादा सीटें जीतते हैं। इसी राजनीतिक गुण-गणित का ध्यान रखते हुए भाजपा व सपा अपने से कम वोट शेयर वाले दलों से हाथ मिलाने को उत्सुक हैं।

# भ्रष्टाचारियों को पालती है भाजपा: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार खुद करते हैं, भ्रष्टाचारियों को खुद पालते-पोसते हैं और आरोप विपक्षी दलों पर लगाते है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक न जाने कितने भ्रष्टाचार किये हैं। इन सबकी जांच हो जाएगी तो यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा।



अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि, भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनहित में फैसले लेने के बजाय देश की संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं से भाजपा के लिए चंदे की वसूली करायी। तमाम कम्पनियों पर छापे डालकर उन्हें पहले डराया गया और बाद में चंदा वसूला गया।

## चुनावी गतिविधियां

**● जागरूक करने को टर्निंग 18**

लोकसभा चुनाव में युवाओं को जागरूक करने को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ''टर्निंग 18'' अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है। इसके तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है जो 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के अनुरूप है।

# मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए सब लगा रहे जोर

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में लखनऊ की दोनों सीटों पर मतदान बढ़ाने पर जोर है। राजनीतिक दल ही नहीं, चुनाव आयोग भी आधुनिक तरीके से प्रचार करने में जुट गया हैं। राज्य का चुनाव आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी कम वोटिंग वाले क्षेत्रों में जहां जागरुकता अभियान चला रहे है। निगम वाहनों से प्रचार करने की तैयारी में है। वहीं राजनीतिक दल भाजपा व इंडिया गठबंधन का मुख्य फोकस उन तहसीलों में है, जहां पिछली बार वोटिंग प्रतिशत 55 फीसदी से कम रही। इनमें लखनऊ सीट पर कैंट में 50.77 जबकि मोहनलालगंज की सरोजनीनगर सीट पर 55.49 वोटिंग प्रतिशत कम रही। 2019 के चुनाव में लखनऊ सीट पर करीब 54.22 फीसदी वोटिंग हुई, जो औसतन कम है। लोकसभा चुनाव में 70 का आंकड़ा छोड़ों लखनऊ शहर अभी 60 का आंकड़ा छू नहीं पाया है। इसलिए मोहनलालगंज की अपेक्षा लखनऊ शहर में राजनीतिक दल यहां जोर मारे हैं ताकि अपना वोट बैंक बढ़ाया जा सके। सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा बताते हैं कि मध्य-पश्चिम में हमारा वोट बैंक मजबूत है। अन्य तीन जगह वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए गली-गली प्रचार, सोशल मीडिया के अलावा पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों का सहारा लिया जा रहा है। वे कहते हैं कि अगर वोट प्रतिशत बढ़ गया तो हमारे हिस्से आएगा और आसानी से राजनाथ के हैट्रिक वाले रथ को रोक सकेंगे। वहीं चुनाव आयोग पोस्टर आदि के जरिए वोट का महत्व बता रहा है। वहीं दलों के प्रत्याशी रील्स के जरिए भी अपने-अपने इलाकों में वोटों के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राजनाथ सिंह का प्रचार करने वाले भाजपाई नेता कहते हैं कि हमारा वोट शेयर 2019 में 56 फीसदी से ज्यादा था, जो इस बार बढ़कर 60 के करीब पहुंच जाएगा। क्योंकि जनता भाजपा के काम से खुश है। लखनऊ लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर इस बार 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।


### हमें कचरा गाड़ी समझाएंगी वोट का महत्व

● राजधानी में सुबह उठते ही गली-गली में कूड़ा उठाने वाले भार वाहनों से कानों में गूंजती है आवाज- गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल...। मगर अब इन्हीं वाहनों से मतदान करने की अपील रोज सुनाई देगी यानी कचरा गाड़ी एक-एक वोट का महत्व समझाएंगी। दरअसल, राजधानी में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हो रहा है। ऐसे में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। चुनाव आयोग की मानें तो लखनऊ में मतदान बढ़ाने पर पूरा फोकस है। इसके लिए चौपाल, नुक्कड़-नाटक, मैराथन, साइकिल रैली निकाली जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों में भी वोट का महत्व समझाया जाएगा।

### 2019 में लखनऊ उत्तर में 55.42 फीसदी जबकि मोहनलालगंज सीट पर मलिहाबाद में महज 65 फीसदी मतदान




### 2019 में मतदान प्रतिशत के आंकड़े




### लखनऊ में चुनाव

5वें चरण में मतदान

| | |
|---|---|
| 26 अप्रैल | अधिसूचना की तिथि |
| 3 मई | नामांकन करने की अंतिम तिथि |
| 4 मई | नामांकन पत्रों की जांच |
| 6 मई | नाम वापसी की तिथि |
| 20 मई | मतदान की तिथि |
| 4 जून | नतीजे आएंगे |



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,742.50 | 22,666.30 |
| चढ़ा | 494.28 | 152.60 |
| प्रतिशत में | 0.67% | 0.68% |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900, रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन-** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| **वनस्पति-** | |
| बावर्ची | 1900 |
| रथ | 1950 |
| चीनी (एम 30) | 4250 |
| चीनी (एस 30) | 4100 |
| गुड़ पंसेरा | 5000 |
| गुड लड्डू | 5200 |
| **आटा मैदा-** | |
| मैदा | 3000-3100 |
| आटा | 2700-2900 |
| रवा | 3000-3050 |
| **किराना-** नारियल | 120-140 |
| हल्दी | 175-225 |
| लाल मिर्च | 225-250 |
| काली मिर्च | 660-880 |
| धनिया | 100-120 |
| सुपाड़ी | 525-550 |

(अनाज प्रति कुन्तल)

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 83800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 54300-54500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,650 |
| सोना रवा | 71,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 80,300 |
| चांदी (999) | 80,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 63600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 62600 |
| सिल्वर (पक्की) | 725 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,350 |
| चांदी आभूषण | 80,000 |

## इस हफ्ते महंगाई व कंपनियों की आय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी जारी रहने के आसार हैं। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के नतीजे, अमेरिका और भारत में रिटेल महंगाई के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पिछली बैठक का ब्योरा बाजार की दिशा तय करेंगे।

अप्रैल के पहले हफ्ते घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सेंसेक्स निफ्टी अंततः बढ़त पर बंद होने में कामयाब रहे। बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 ने 22,619 का ऑलटाइम हाई बनाया और सप्ताह के आखिर में करीब एक फीसदी तेजी के साथ 22,500 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स भी 597 अंक चढ़कर 74,248 के स्तर पर पहुंच गया।

# 350 रुपये की उछाल के साथ रिकॉर्ड स्तर पर चमका सोना

### 2024 में अबतक सोने की कीमत 71 हजार के पार हुई, 7,700 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, 2024 में अबतक सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है।

### चांदी की कीमत में भी 800 रुपये की उछाल



सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी ऊंचाई पर बंद हुई।

## बीएसई, एनएसई 20 मई को रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुंबई में 20 मई को होने वाले आम चुनाव के दिन कोई कारोबार नहीं होगा।

दोनों प्रमुख शेयर बाजारों ने उस दिन कारोबारी अवकाश की घोषणा की है। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को कहा कि इक्विटी, शेयर वायदा एवं विकल्प तथा एसएलबी यानी प्रतिभूति उधार देने या लेने वाले खंड में कारोबार नहीं होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्र में कहा कि मुंबई में 20 मई सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई 20 मई को बंद रहेंगे। इसके अलावा, शेयर बाजार ईद-उल-फितर (ईद) और राम नवमी के अवसर पर क्रमशः 11 अप्रैल और 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। इसके साथ एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर कारोबारी अवकाश रहेगा।

# वित्तीय वर्ष में मोटर वाहन की बिक्री में 10 % की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री के दम पर मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की वृद्धि देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र ने दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन (पीवी), ट्रैक्टर तथा वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के दम पर विभिन्न खंड में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि खासकर यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की पिछले वर्ष रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं मार्च में कुल पंजीकरण सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,27,177 इकाई रहा। मार्च 2023 में 3.43 लाख इकाइयों की तुलना में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत घटकर 3,22,345 रही। हालांकि, पिछले महीने दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 15,29,875 इकाई हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 14,50,913 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,05,222 इकाई हो गई।

## ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स का चौथी तिमाही में चार गुना मुनाफा

**नई दिल्ली।** ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 41.62 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 9.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।


ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय पिछले साल की समान तिमाही के 439.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 514 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 का मुनाफा 47.01 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42.35 करोड़ रुपये था। कुल आय 1,404.66 करोड़ रुपये से घटकर 1,300.50 करोड़ रुपये हो गई।इस बीच, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आठ अप्रैल, 2024 को हुई बैठक में सभी मौजूदा शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 20 पैसे का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# अपनी ईवी में भारतीय बैटरी का उपयोग करेंगी हुंडई और किआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से हुआ समझौता

दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी और किआ कॉर्पोरेशन ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के स्थानीयकरण के लिए घरेलू बैटरी निर्माता एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। हुंडई मोटर समूह ने कहा, हुंडई मोटर कंपनी और समूह की कंपनी किआ कॉर्पोरेशन ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विस्तार योजनाओं के तहत प्रमुख भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुंडई मोटर और किआ के अध्यक्ष एवं प्रमुख ह्युई वोन यांग ने कहा कि सरकार के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों के कारण भारत वाहन विद्युतीकरण के लिए एक प्रमुख बाजार है, जो स्थानीयकृत बैटरी उत्पादन के जरिए लागत प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करना महत्वपूर्ण बनाता है। बता दें, हुंडई मोटर इंडिया अपना हाई-वॉल्यूम ईवी मॉडल पेश की घोषणा पहले ही हो चुकी है।




## राष्ट्रीय

### एक नजर

### जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान भागे आठ अपराधी भगोड़ा घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर पाकिस्तान भागे आठ अपराधियों को भगोड़ा घोषित किया है। पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बारामूला की अदालत ने गत 01 अप्रैल को आठ लोगों को भगोड़ा घोषित किया। बारामूला के थाना पट्टन की पुलिस ने इन लोगों के मामला दर्ज किया है। इनमें खोरे शेरबाद पट्टन के निवासी हिलाल अहमद गनी, मुदासिर शफी गिलानी, मोहम्मद मकबूल पंडित, गूम अहमदपोरा पट्टन के हबीबुल्लाह शेख, पार मोहल्ला पट्टन के शब्बीर अहमद नजर, वटवान के मोहम्मद अशरफ डार, नजर मोहल्ला पट्टन के पट्टन गुलाम नबी नजर और मुख्य मोहल्ला पट्टन के फैयाज अहमद मीर शामिल हैं।

### केंद्रीय मंत्री की कार के दरवाजे से टकराया बाइक सवार, मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केआर पुरम में सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की कार के खुले दरवाजे से बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रकाश के रूप में हुई है। करंदलाजे बेंगलुरु-उत्तर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। प्रकाश चुनाव प्रचार के दौरान करंदलाजे के काफिले के पीछे चल रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मंत्री कार के अंदर थीं और वह चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं। मंत्री की कार का दरवाजा खुला, प्रकाश उससे टकराकर गिर गया और पीछे से आ रहा एक वाहन उनके ऊपर चढ़ गया। मंत्री ने कहा कि पीछे से आ रही एक बस ने प्रकाश को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मोदी के राजनीतिक पूर्वज थे मुस्लिम लीग समर्थक, भ्रांतियां फैला रही भाजपा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले पर पलटवार किया है। खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री के



वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में कांग्रेस के घोषणापत्र पर अरोप लगाते हुए टिप्पणी की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा में तीखा हमला करते हुए कहा था, कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। वहीं खरगे ने पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतियों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। आज भी वो आम भारतीय नागरिकों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस के 'न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं।

उन्होंने दावा किया, मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 के दशक में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकार बनाई। खरगे ने सवाल किया कि क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर को ये नहीं लिखा था कि 1942 के कांग्रेस के 'भारत छोड़ो आंदोलन' को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वह अंग्रजों का साथ देने के लिए तैयार है? उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी-शाह व उनके द्वारा नामित अध्यक्ष (जेपी नड्डा) आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। खरगे ने दावा किया, ''मोदी जी की भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है, दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालत इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने पुराने मित्र - मुस्लिम लीग - की याद सताने लगी है।'' उन्होंने कहा, 'सच केवल एक है - कांग्रेस के न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है।

### देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का एजेंडा करार दिया है। उन्होंने, सोमवार को कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस जिस तरह से बहुसंख्यकों के खिलाफ साजिश और राजनीति कर रही है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा है, इसके बावजूद पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमादा है और बाज नहीं आ रही है। आगे बोले- मैंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र है या मुस्लिम लीग का है? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज कांग्रेस पार्टी उसी बात को दोहरा रही है। यानी, सत्ता की लोलुपता में, सत्ता के लालच में, कांग्रेस पार्टी देश को कहां तक पहुंचाएगी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि आज अल्पसंख्यकों के लिए जिस तरीके से धर्म के नाम पर आरक्षण की बात हो रही है, जो 50 प्रतिशत आरक्षण को आगे बढ़ाने की बात की जा रही है।




## आंध्र प्रदेश में पुलिस की तलाशी में हाथ लगा 16 किग्रा सोना

**कालापरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने सोमवार को एलुरु जिले के कालापरु 'टोल गेट' पर वाहनों की तलाशी के दौरान 16 किलोग्राम सोना और 31 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन व्यक्ति सोने और चांदी के आभूषणों की इस खेप को विजयवाड़ा से कोनसीमा जिले के अमलापुरम ले जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, अधिकारियों ने सोने-चांदी से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने खेप ले जा रहे व्यक्तियों से आगे के सत्यापन के लिए और दस्तावेज पेश करने को कहा। इस बीच, अधिकारियों ने आगे की पूछताछ और प्रक्रियाओं के लिए आभूषणों को एलुरु समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) में स्थानीय खजाना कार्यालय में भेज दिया। गहनों के अलावा, पुलिस ने हनुमान जंक्शन से एलुरु जा रहे एक अलग दल से 15 लाख रुपये नकद भी जब्त किए। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होने हैं जबकि मतगणना चार जून को होगी।

# टिकाऊ नहीं इंडिया गठबंधन आपस में लड़ रहे : राजनाथ

तिरुवरुर/नामक्कल, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में कोई स्थायित्व नहीं है और घटक दल पहले ही एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी और द्रमुक की महिला-विरोधी मानसिकता के लिए उन पर हमला बोला।

उन्होंने द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की कथित सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों को लेकर तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल पर और राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी पर विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन भाजपा की आलोचना करने के लिए हिंदू आस्था और महिलाओं को निशाना बना रहा है। बोले- कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश विपक्षी दल की पिछली कई गलतियों की भारी कीमत चुका रहा है। वरिष्ठ नेता ने 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में तमिलनाडु के नामक्कल और तेनकासी में रोड शो में भाग लिया और तिरुवरुर में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। नामक्कल में रोड के बाद सिंह ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना, धारा 370 को निरस्त करना एवं सीएए ऐसे ही वादे थे।

### जश्न का जुलूस



**नागपुर :** महाराष्ट्र में लोग गुड़ी पड़वा को बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं, जिसे संवत्सर पड़वो से जाना जाता है, पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में भाग लेतीं मराठी महिलाएं। ● एजेंसी

## हर यूट्यूबर को जेल में नहीं रख सकते शीर्ष कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा,अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे? पीठ ने आरोपी ए. दुरइमुरुगन सत्तई की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया।

**सुनवाई** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सूखा प्रबंधन को लेकर दायर की है याचिका

# जल संकट पर शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए।

केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। कोर्ट ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए कहा। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत से मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद करने का आग्रह करते हुए कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे।

पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने के बजाय, अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती, तो समस्या का समाधान हो सकता था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा है। मेहता ने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि क्यों, लेकिन यह बढ़ती प्रवृत्ति है...।

जब पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वह केंद्र को नोटिस जारी करेगी, तो सॉलिसिटर जनरल ने कहा, "आपसे नोटिस जारी नहीं करने का अनुरोध है। यह भी खबर बन जाती है। हम यहां हैं। पीठ ने कहा कि अग्रिम नोटिस पर पेश हुए शीर्ष कानून अधिकारियों ने कहा है कि वे निर्देश लेंगे और अगली तारीख पर अदालत के समक्ष एक बयान देंगे। शीर्ष अदालत मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद करेगी।

### शराब घोटाला: आईएएस अधिकारी और बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया। कोर्ट ने कहा-अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद करते हुए कहा-दोनों पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन में कोई मामला बनता है। पीठ ने कहा, यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो अपराध का मामला नहीं बनता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से न्यायालय में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने संकेत दिया कि जांच एजेंसी अपनी पड़ताल के दौरान अतिरिक्त सामग्री बरामद होने के मद्देनजर आरोपियों के खिलाफ एक नई शिकायत दर्ज कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही, जिसके शुरू होने की संभावना है।



# धर्म दर्शन

## शक्ति और आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र



**संपूर्ण वैदिक साहित्य और भारतीय आध्यात्म शक्ति की उपासना प्राय : मां के रूप में की गई है। यही नहीं शक्ति के तामसिक रूपों में हाकिनी, यक्षिणी, प्रेतिनी आदि की पूजा भी तांत्रिक और साधक मां के रूप में करते हैं। मां शब्द से उनकी आक्रमकता कम हो जाती है और माना जाता है कि वह व्यक्ति को पुत्र व अज्ञानी समझ क्षमा कर अपनी कृपा बरसती हैं। नवरात्र में प्राय : वातावरण में ऐसी क्रियाएं होती हैं, जिनसे इस समय पर शक्ति की साधना, पूजा और अर्चना करने से प्रकृति शक्ति के रूप में कृपा करती है।**

भारतीय संस्कृति में वसंत को ऋतुराज की उपाधि दी गई है। इसी ऋतु में पड़ने वाले चैत्र शुक्ल पक्ष के नौ दिन आद्याशक्ति की आराधना को समर्पित होते हैं। इसीलिए वासंतिक नवरात्र सदा से ही शक्ति पूजा का पर्वकाल रहा है।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। रामायण काल में भगवान राम ने भी नवरात्र के उत्तम व्रत को किया था। इस व्रत के प्रभाव से ही पराक्रमी एवं मायावी शत्रु रावण को परास्त किया था। देवर्षि नारद ने भगवान श्री राम को इस अनुष्ठान को सम्पन्न करने का उपदेश दिया था। नवरात्र न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।



**प्रो. विवेकानंद तिवारी**
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र नवरात्र आत्मशुद्धि और मुक्ति के लिए। वैसे सभी नवरात्र का आध्यात्मकि दृष्टि से अपना महत्व है। आध्यात्मकि दृष्टि से देखें तो यह प्रकृति और पुरुष के संयोग का भी समय होता है। प्रकृति मातृशक्ति होती है इसलिए इस दौरान देवी की पूजा होती है गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और वह सिर्फ पुरुष हैं। यानी हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं वह भी आध्यात्मकि दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां मतलब यह है कि जो पाने की इच्छा रखने वाला है वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है वह पुरुष है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी को सृष्टि निर्माण का काम शुरु किया था। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में पहला अवतार लेकर पृथ्वी की स्थापना की थी। भगवान विष्णु का सातवां अवतार जो भगवान राम का है वह भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का बहुत महत्व है। इस नवरात्रि में देवी की 9 शक्तियों के अलावा 9 विद्या भी पूजी जाती हैं। 9 औषधियां भी पूजन में शामिल की जाती है। इस नवरात्रि में ध्यान, चिंतन और मनन के अतिरिक्त आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास किए जाते हैं। साधक की साधना इस नवरात्रि में अधिक फलदायी होती है।


नवरात्र के नौ दिनों में मनुष्य अपनी भौतिक, आध्यात्मकि, यांत्रिक और तांत्रिक इच्छाओं को पूर्ण करने की कामना से व्रतोपवास रखता है और ईश्वरीय शक्ति इन इच्छाओं को पूर्ण करने में सहायक होती है। नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है। किंतु शक्ति का यह विचार भी सभी प्राणियों के कल्याण हेतु है-सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते!

यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। शक्ति पूजा की पूरे भारत में एक गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति पूजा प्रणाली, एक समय प्राचीन भारत में शक्ति पूजा के केंद्रों के माध्यम से प्रचलित थी, जिन्हें शक्तिपीठों के नाम से जाना जाता था। शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माना जाता है कि सतयुग में सती देवी के शरीर के अंग गिरे थे।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है।

## नवरात्र-अवधि में व्रत का महत्व

शीतकाल की समाप्ति तथा ग्रीष्मकाल के दस्तक देने का पर्व है वसन्त ऋतु। प्रकृति में नव-सृजन शुरू होता है। वातावरण मनमोहक हो जाता है। इस वातावरण में होने वाले आध्यात्मिक पर्व वासन्तिक नवरात्र में व्रत-उपवास के साथ दैवी-शक्तियों के संचय करने का विधान है। श्रद्धालुजन व्रत रहते हैं। इस नवरात्र-व्रत के दौरान फलाहार के निहितार्थ को गहराई से समझने से लगता है कि साधना-उपासना-यज्ञ-अनुष्ठान-दान-तप से जो प्राकृतिक ऊर्जा का "फल" मिलता है, उसका आहार किया जाए। जिस प्रकार हम हर दिन जीवन के लिए आहार के रूप में भोजन लेते हैं, उसी तरह शरीर में विद्यमान ऊर्जा-शक्ति को भी रिचार्ज करते रहना पड़ता है। जब हम अनाज के रूप में भोजन करते है तो शरीर के रसायनों को उसे सुपाच्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।



**सलिल पांडेय**
मिर्जापुर

इस प्रक्रिया को विश्राम देने की भी आवश्यकता है। लिहाजा इस अवधि कोई दूध, दही, कोई फलाहार, कोई-कोई तो सिर्फ जल और वायु पीकर आंतरिक यंत्र-तंत्र को मंत्र की तरंगों से सशक्त करता है। उदाहरण लें तो किसी वाहन के पहिए में हवा कम है तो वाहन-संचालन प्रभावित हो जाता है। हमारा शरीर में इसी वायु से संचालित है। शरीर वायु का समुचित प्रयोग मूलाधार से सहस्रार को एक्टिवेट करता है। यही भगवान विष्णु-योगेश्वर कृष्ण का चक्र मानना उचित प्रतीत होता है। इसीलिए योग आदि के जरिए शरीर में हवा का अधिक से अधिक उपयोग उत्तम स्वास्थ्य देने वाला होता है। व्रत में पथ्य का अनुसरण और अपथ्य का निषेध किया गया है। जीवन में हम उसी पथ को चुनते है जो सुगम हो और कांटों से मुक्त हो। ऐसे पथ जिसमें गंदगी, दुर्गन्ध, रास्ता-जाम हो, उससे हर कोई बचना चाहता है। प्राय : रास्तों में सड़क के किनारों पर गन्दगी, अतिक्रमण होते रहते हैं, तो उसे सक्षम संस्थान हटाते हैं। शरीर की भोजन-नलियों तथा अन्यान्य हिस्सों में अवरोध को हटाने के लिए व्रत तथा फलाहार का विधान मेडिकल साइंस भी बताता है। इसी के साथ शरीर को हर हाल में जीने के लिए तैयार करने का उपक्रम भी व्रत रखकर फलाहार करना है।

फलाहार का सीधा सा अर्थ है कि मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयोगी है। हल-बीज-खाद से उपजायी गयी वस्तु की जगह लम्बी अवधि तक गर्मी-जाड़े से लड़ते हुए जो पेड़ फल दे रहे हैं उसमें विशेष ऊर्जा-तत्व हैं।

इसलिए भी फलाहार कर इस ऊर्जा को सञ्चित किया जाए। वर्ष भर शरीर तंत्र को एक ही पद्धति से काम करने से बदलना भी है फलाहार के माध्यम से हो जाता है। बदलाव नयापन लाता है। हम 6 घण्टे सोते हैं यानि इस अवधि में आंखें देखने के काम को वरतती यानि विरत रहती हैं। आंखों के इस व्रत का ही परिणाम कि ये आंखें दूसरे दिन देखने में सक्षम रहती है। मौन-शक्ति का भी यही लाभ है। इस प्रकार शरीर के आंतरिक तंत्र का मौन ही है व्रत, उपवास और हल्के फलाहार की प्रक्रिया।

## मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता

इस जगत की उत्पादिका, संरक्षिका और संहारिका पर ब्रह्मरूपा मां महाशक्ति की आराधना और इसी अवधि में पड़ने वाली चैत्र-नवरात्रि, नवरातें, नवरात्र तथा श्रीहरि विष्णु के अंश अवतार के रूप में पूजित मर्यादापुरुषोत्तम के अवतरण से पावन 'चैत्ररामनवमी'। भारतीय प्रायद्वीप के मूलनिवासी हिन्दुओं में रची-बसी उपासना पद्धति और धर्म संबंधी वैचारिक स्वतंत्रता की तुलना विश्व के किसी भी देश के धर्म से नहीं की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यह हिन्दू समाज ही है, जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और सौर( सूर्य पूजक) सभी परस्पर मत भिन्नता के रहते हुए साथ-साथ फले फूले। यही नहीं अनीश्वरवादी जैन और बौद्धधर्म भी लोकप्रिय हुए। और तो और चार्वाक जैसों को अपना आदर्श मानने वाले 'नास्तिक' भी पल्लवित और पुष्पित हुए। सभी ने अपने मत का मनचाहा प्रचार-प्रसार किया और बहुमूल्य वैचारिक ग्रंथों की रचना किया।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

सामान्य हिन्दू, चाहे किसी भी मत या सम्प्रदाय का हो, बिना किसी संकोच के उसने 'शक्ति'की महत्ता को स्वीकार किया। प्राय : सभी हिन्दू, अपने उपास्यदेव के नाम से पहले स्वाभाविक रूप से 'शक्ति' का नाम लेता है, यथा-सीता-राम, राधे-श्याम, लक्ष्मी-नारायण, गौरी-गणेश, सावित्री-सूर्य इत्यादि। यहां यह स्वीकार करने में कोई संकोच कदापि नहीं है कि भारत की सिन्धु घाटी उत्खनन के अतिरिक्त अन्य प्राचीन सभ्यताओं में भी पुरातात्विक साक्ष्य मातृपूजा या मातृसत्ता का अस्तित्व प्रमाणित करते हैं, किन्तु यह मात्र हमारा समाज ही ऐसा रहा जिसने मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता को स्थायित्व प्रदान किया और उसको अमर बनाया। भारत में अनेक रूपों में पूज्य मातृशक्ति के रूप में निरन्तर चली आ रही 'शक्ति-उपासना' का विशेष पल्लवन पौराणिक तथा तंत्रसाहित्य मे सर्वाधिक विस्तार से वर्णित हुआ है। पुराणों में, नारायण या विष्णु के साथ लक्ष्मी, शिव के साथ शिवा, ब्रह्मा के साथ सरस्वती, गणेश के साथ अम्बिका तथा सूर्य के साथ सावित्री के चरित और महात्म्य का, विशद विवरण है। इन सभी का परिचयात्मक विवरण भी अत्यन्त बृहद आकार का और श्रमसाध्य है। हिन्दू महाशक्तियों में भी सर्वाधिक सम्मानित और लोकप्रिय हजारों नामों और रूपों में पूजित शिवशक्ति के भी शांत या सौम्य तथा रौद्र या उग्र, दो स्वरूप रहे हैं। उदाहरणस्वरूप सौम्य, शांत या कोमल रूप में यदि वह, उमा, गौरी, पार्वती, भगवती, जगन्माता, अम्बिका आदि है तो रौद्र या भयानक रूप में वही, दुर्गा, काली, कपाली, चण्डिका, चण्डी, भैरवी, श्यामा आदि नाम/रूप से पूजित या उपास्या है। यहां यह स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि इन कुछ नामों के अतिरिक्त उनके असंख्य नाम और रूप विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित हैं।



## ब्रह्म की अनिर्वचनीयता

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम्।।

आचार्य शिष्य से कहते हैं "यदि तुम सोचते हो कि मैंने ब्रह्म को भलीभांति जान लिया है "तो निश्चित रूप से तुमने उस ब्रह्म का वह थोड़ा सा ही रूप जाना है जो तुममें और देवताओं में व्यक्त हुआ है। अतः तुम्हें इस विषय पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

आचार्य शिष्य को यह बता चुके थे कि यह ब्रह्म दुर्विज्ञेय अर्थात् कठिनाई से जानने योग्य है। शुद्ध चित्त वाले किसी मेधावी शिष्य को यह ब्रह्म ज्ञात हो सकता है, परंतु किसी किसी को नहीं भी ज्ञात हो सकता। आचार्य ने यह भी उपदेश दिया था कि "जो तू आत्मा है, वही ब्रह्म है"। इससे आचार्य की यह आशंका स्वाभाविक थी कि कहीं शिष्य यह न समझ बैठे कि स्वयं को जान लेने अथवा आत्मा को जान लेने मात्र से ही उसने ब्रह्म को पूर्णरूपेण जान लिया है।

इसी संभावित आशंका का निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि हमारे द्वारा संकेत से बताए गए ब्रह्मतत्व को सुनकर यदि तू ऐसा मानता है कि मैं उस ब्रह्म को भलीभांति जान गया हूं, तो यह निश्चित है कि तूने ब्रह्म के स्वरूप को थोड़ा जाना है। यदि तुम केवल उस परब्रह्म के अंशभूत जीवात्मा अथवा देवताओं के रूप में मन, बुद्धि, प्राण, इन्द्रिय आदि में स्थित ब्रह्म के अंश को ब्रह्म समझते हो, तो तुम्हारा यह समझना यथार्थ नहीं है। ब्रह्म इतना ही नहीं है। इस जीवात्मा मे और समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त जो ब्रह्म की शक्ति है, वह सब मिलाकर भी ब्रह्म का एक अंश मात्र ही है। अतएव तेरा समझा हुआ यह ब्रह्म तत्व तेरे लिए पुनः विचारणीय है, ऐसा मैं मानता हूं।

# प्रदेश

### बरेली में आयोजित जनसभा में बोले बसपा नेता आकाश आनंद

## मुफ्त राशन देकर गरीबों को भिखारी बना रही है भाजपा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का दावा करने वाली केंद्र सरकार 10 साल में 80 लोगों को रोजगार नहीं दे पाई है। इस लोकसभा चुनाव में जनता को भाजपा के नेताओं से पूछना चाहिए कि शिक्षा और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया। मुफ्त राशन देकर तो गरीब लोगों को भिखारी बनाने का काम किया जा रहा है। यह बात सोमवार को बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने बिशप मंडल कॉलेज के मैदान पर पार्टी की मंडलस्तरीय जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

आकाश आनंद ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर सर्वाधिक हमला करते हुए उसे आर्थिक नीतियों, शिक्षा, रोजगार, भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मुद्दों पर घेरा। आकाश ने कहा कि सरकार अगर गरीबों की हितैषी है तो उन्हें रोजगार और शिक्षा देकर मजबूत बनाए। उसने अगर रोजगार दिया होता तो मुफ्त राशन देने की नौबत ही न आती। आकाश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए 25 दलों को साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला है। इसमें बसपा को एक रुपया नहीं मिला। पूरे देश में बसपा किसी धन्नासेठ के सहारे नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ता के दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अखंड भारत का दावा करती है लेकिन उससे बड़ा देशद्रोही कोई नहीं है। आकाश आनंद ने कहा कि सरकार ने तो जिनके सर पर छत थी, वह भी छीन ली। इसके बाद भी सरकार गर्व से बोलती है कि वह बुलडोजर की सरकार है। लोगों ने भाजपा को इसलिए वोट नहीं दिया था कि वह उनकी छत उजाड़कर हाथ में कटोरा दे दे। उन्होंने कहा कि इस बार आप लोग ही इनके हाथ में कटोरा दे दीजिएगा।



बरेली के बिशप मंडल इंटर कॉलेज में बसपा की चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का माला पहनाकर स्वागत करते बसपा नेता।

▶▶ **भाजपा पर भ्रष्टाचार, रोजगार को लेकर किया हमला**

## भारत में निर्मित विदेशी शराब माल प्रवेश कर के तहत कर योग्य नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल प्रवेश अधिनियम, 2007 के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब को कर योग्य वस्तुओं की नई अनुसूची में नहीं रखा गया है, इसलिए अधिकारियों के पास इस पर कर लगाने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को रद करते हुए दिया, साथ ही संबंधित प्राधिकारी को याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने तथा अधिनियम, 2007 के तहत कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में शामिल वस्तुओं पर विचार करते हुए एक तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि 2007 के अंतर्गत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अधिनियम, 2007 के तहत अंतिम मूल्यांकन आदेश 30 मार्च 2008 को पारित किया गया था। उक्त अधिनियम के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कोई कर नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में नहीं रखी गई है।



**सुनवाई**

▶▶ **न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की पीठ ने पारित किया आदेश**

▶▶ **अपीलीय प्राधिकारी की ओर से पारित आदेश को किया रद**


## वर्ग पहेली-34

**बाएं से दाएं**

2. 1. प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ 2. इच्छा, कामना 3. अभिप्राय 4. याद, स्मृति।
3. 1. पैर रखने की छोटी चौकी 2. तकिया।
5. पीने वाले जल को ठंडा रखने के लिए मिट्टी का बनाया हुआ संकरी एवं लंबी गरदन वाला घड़ा।
6. 1. गड़गड़ाहट 2. गर्जना 3. धुंधलापन 4. अंधेरा।
9. 1. गोंद 2. लसदार या चिपकने वाला पदार्थ 3. लोपन 4. किसी को फंसाने का साधन।
11. अन्न पीसने वाली स्त्री, जीविकोपार्जन हेतु अन्न पीसने का पेशा करने वाली स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बिना रोक-टोक के, बेहिसाब, विवेकहीन होकर 2. लगातार, बेतहाशा
4. 1. प्रवाही, बहने वाला 2. वहन करने वाला, ढोने वाला।
5. 1. (पुराण) एक राक्षसी जो सांपों की माता मानी गई है 2. महाशतावरी नामक औषधि 3. सौंफ 4. (संगीत) एक रागिनी
5. एक नदी।
7. काला होने का भाव।
8. एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जिसका गूदा बहुत मुलायम और मीठा होता है
10. सिलवट ; सिकुड़न।



### वर्ग पहेली -33 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 झी | | 2 दे | | | |
| | 3 ख | ट | ख | टि | या | |
| | ना | | ना | | | |
| | | 4 आ | प | चा | री | |
| | 5 खो | ड़ | र | | | 6 मौ |
| | कं | | ख | | | स |
| 7 ह | द | | 8 ना | म | धा | म |

### सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | | | | 4 | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |


### सुडोकू -112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- प्रतिपदा 20 .30 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवमी 07 .32 तक तत्पश्चात अश्विनी 10 अप्रैल 05 .06 तक।

**मेष** — आज कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। नए प्रेम संबंधों को लेकर उत्साहित रहेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है। गुरु तुल्य व्यक्ति से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**वृष** — आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। मीडिया से जुड़े लोगों के ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें।

**मिथुन** — आज कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध होने की संभावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ऑफिस का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप व्यस्त रहेंगे।

**कर्क** — आज सिर में भारीपन महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श लेने में संकोच न करें। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। व्यापार में धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या** — आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। उच्च अधिकारी आपको काफी सम्मान देंगे। भूमि और सम्पत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। व्यापार में कई परेशानियां सामने आ सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**तुला** — आज परिवार में सुख-शान्ति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। किसी मित्र से आपको उत्तम सलाह मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। कारोबार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर करेंगे। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु** — आज घर में स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छा शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मकर** — आज परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर ख़रीदारी कर सकते हैं। शरीर में गर्मी के कारण एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ** — आज धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसन्द करेंगे। नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बना सकते हैं। मित्रों के माध्यम से शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। गुरुतुल्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**मीन** — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा। घर में आपका मन नहीं लगेगा। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। आज किसी से धन उधार न लें। खानपान में शुद्धि का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मैं तेरा दुश्मन — सुबह : 10 .44
प्रेम दीवाने — शाम : 05 .41

**&pictures**
सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .56
रुस्तम — रात : 08 .00

**Sony Pix**
द मास्क — सुबह : 11 .45
रश आर 3 — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
प्यासा सावन — सुबह : 11 .40
हीरोपंती 2 — रात : 09 .05

**StarGold Select**
लाल रंग — सुबह : 09 .30
बधाई हो — रात : 09 .00

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात : 09 .05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पति- सुनो मुझे अलादीन का चिराग मिला है।
पत्नी- वाह आपने उससे क्या मांगा?
पति- मैंने कहा कि वह तुम्हारे दिमाग को 10 गुना और बढ़ा दे।
पत्नी- तो क्या उसने ऐसा कर दिया?
पति- वह हंसने लगा और बोला शून्य को किसी से भी गुणा कर दो वह शून्य ही रहता है।
अलादीन और पति दोनों गायब हैं।

# दक्षिण कोरिया ने दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह किया प्रक्षेपित



**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्पेसएक्स के एक लाइव फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण कोरिया के स्वदेशी सैन्य जासूसी उपग्रह सहित 11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8:16 बजे रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। दक्षिण कोरिया ने 2025 तक पांच सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है, जिसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर से लैस दूसरा उपग्रह भी शामिल है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस पहला उपग्रह पिछले साल दिसंबर में प्रक्षेपित किया गया था।

**45** मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में कर दिया गया स्थापित

**11** उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 8:16 बजे हुआ रवाना

## सेना को 'संयुक्त संस्कृति' विकसित करने की जरूरत : सीडीएस जनरल

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को सशस्त्र बलों द्वारा एक 'संयुक्त कार्य संस्कृति' विकसित करने का आह्वान किया ताकि देश की समग्र युद्ध क्षमता को बढ़ाने वाली संरचनाएं बनाकर प्रत्येक सेना की क्षमताओं को एकीकृत किया जा सके।

जनरल चौहान तीनों सेनाओं के सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' को संबोधित कर रहे थे। इसमें तीनों सेनाओं- थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच 'संयुक्तता और एकीकरण' को आगे बढ़ाने के लिए नए विचारों, पहल और सुधारों पर मंथन किया गया। सीडीएस जनरल चौहान ने भारत की सेनाओं को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने के मद्देनजर पारंपरिक सैन्य अवधारणाओं को नया दृष्टिकोण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। अपनी तरह के इस पहले सम्मेलन में मुख्य रूप से थिएटर कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव करना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने प्रत्येक सेना की विशिष्टता का सम्मान करते हुए सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और 'चिंतन' की शुरुआत की।

**नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए भारत निभाएगा सलाहकार की भूमिका**

# मौसम की बेहतर समझ को दूसरों की मदद करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है।

### जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है नुकसान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।

## एक नजर

### पाकिस्तान की सीनेट के सभापति का चुनाव आज, 85 सीनेटर लेंगे शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने सीनेट के सभापति और उपसभापति के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को संसद के उच्च सदन का सत्र बुलाया है। सीनेट के शीर्ष पदों का चुनाव जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध के बावजूद कराया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार रात की गई घोषणा के मुताबिक, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सीनेट की बैठक मंगलवार को सुबह नौ बजे बुलाई है। सीनेट की रिक्त सीट पर उपचुनाव में जीते सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान की 96 सदस्य सीनेट के 85 सीनेटर शपथ लेंगे, क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा की 11 सीट के लिए चुनाव को टाल दिया है।

### पाकिस्तान: बलूचिस्तान प्रांत के बाजार में धमाका, दो लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में रविवार रात हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना रात करीब 9:40 बजे की है जब प्रांत के खुजदार जिले में एक मोटरसाइकिल में लगाए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया। सूत्रों ने कहा, जिले में नियमित गश्त पर निकला एक पुलिस वाहन स्पष्ट रूप से निशाने पर था, जो कुछ सेकंड से चूक गया और विस्फोट होने पर वह उस क्षेत्र को पार कर पाया था। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना स्थल के पास ईद-उल-फितर के त्योहार के लिए खरीदारी कर रहे नागरिक हमले में मारे गए और घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सीरिया में उपद्रवियों के बीच संघर्ष, 20 की मौत, एक दिन पहले हुआ था धमाका

**दमिश्क।** सीरिया के दारा प्रांत में स्थानीय उपद्रवियों के बीच रविवार को हुए हिंसक संघर्ष में 20 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया और एफएम रेडियो ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि दारा प्रांत के सनमायन शहर में एक दिन पहले हुए घातक विस्फोट में करीब सात बच्चे मारे गए थे। माना जा रहा है कि कल के हिंसक संघर्ष को इसी घटना को लेकर बदले की कार्रवाई है। गौरतलब है कि सीरियाई सेना ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोही बलों को भगाने के बाद 2018 में दारा पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस क्षेत्र में छिटपुट सुरक्षा घटनाएं और हमले जारी हैं।

### रूस में 10,400 से अधिक घरों में भरा बाढ़ का पानी, 6,100 से अधिक लोग बेघर

**मास्को।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गए हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है।

### गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया इनकार

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गर्भपात के मुद्दे पर उनके रुख को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बीच सोमवार को जारी एक वीडियो में गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार करते हुए कहा कि इसका निर्णय राज्यों पर छोड़ा जाना चाहिए। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा कि हर कोई कानूनी दृष्टिकोण से गर्भपात चाहता है, राज्य वोट या कानून या संभवत: दोनों के जरिए इसका पता लगाएंगे। वीडियो में यह नहीं बताया कि वह कितने सप्ताह की गर्भावस्था में गर्भपात पर रोक लगाने के पक्ष में हैं। उन्होंने गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार किया।

# अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने निकाली रैलियां

## ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए ने 'मोदी का परिवार मार्च' किया आयोजित

वाशिंगटन, एजेंसी


अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को मोदी का परिवार मार्च रैलियों का आयोजन किया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे। सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अबकी बार 400 पार की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।




अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने भारत में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकालते ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के सदस्य और समर्थक। ● एजेंसी




# पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने वाले को 80 कोड़े की सजा

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में कराची की एक अदालत ने एक शख्स को अपनी पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने और अपने बच्चों को अस्वीकार करने के मामले में 80 कोड़े मारे जाने की दुर्लभ सजा सुनाई है। पाकिस्तान में आम तौर पर इस तरह की सजा नहीं दी जाती है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शेहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई।

विवादास्पद निर्णय कज्फ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश, 1979 की धारा 7(1) के तहत लिया गया है, जिसमें जो कोई भी कज्फ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। न्यायाधीश ने अपने फैसले में लिखा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी के नाजायज होने के संबंध में कज्फ का आरोप लगाया था। इस कारण उसे दोषी ठहराया जाता है और कज्फ अध्यादेश 1979 की धारा 7 (01) के तहत 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई जाती है। न्यायाधीश के फैसले में यह भी कहा गया कि आरोपी को केवल कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है, वह जमानत पर इस शर्त पर रहेगा कि वह कोड़े मारने की सजा दिए जाने के संबंध में इस अदालत द्वारा निर्दिष्ट समय और स्थान पर उपस्थित होने तथा एक लाख रुपये की जमानती बौंड जमा कराने के लिए सहमत हो।

**70** के दशक में जिया उल हक के समय मिलती थी ऐसी सजा

### क्या था पूरा मामला

फरीद कादिर (दोषी) की पूर्व पत्नी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी शादी फरवरी 2015 में हुई थी और वह कम से कम एक महीने तक फरीद के साथ रही थी। दिसंबर 2015 में फरीद की पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया। फरीद की पूर्व पत्नी ने कहा, मेरे पति गुजारा देने या यहां तक कि मुझे और हमारी नवजात बेटी को अपने घर वापस ले जाने तक नहीं आए। मैंने पारिवारिक अदालत में मामला दायर किया और आदेश मेरे पक्ष में आया। अदालत ने फरीद को बेटी और मेरे भरण-पोषण का इंतजाम करने का निर्देश दिया लेकिन मेरे पति ने अदालती कार्यवाही के दौरान अदालत में दो आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें बच्ची के लिए डीएनए परीक्षण और अपनी बेटी को अस्वीकार करने की मांग की गई। बाद में इन आवेदनों को फरीद ने वापस ले लिया। दूसरी ओर, आरोपी फरीद ने अपनी पूर्व पत्नी की ओर से लगाए गए आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने उसके साथ केवल छह घंटे बिताए थे। फरीद ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी केवल छह घंटे साथ रहे। फिर वह घर चली गई और फिर कभी नहीं लौटी।

# सेना को हमेशा ही रहना होगा तैयार : जनरल मनोज पांडे



वेलिंगटन डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार को रेखांकित किया। जनरल पांडे ने खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने, नीतियां बनाने, तैयारी करने के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

## ब्राजील के न्यायाधीश ने एलन मस्क के खिलाफ शुरू की जांच

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क के खिलाफ कुछ खातों को ब्लॉक करने के अदालत के आदेश को चुनौती देने तथा न्याय में बाधा डालने और कई पूर्व खातों पर असंवैधानिक प्रतिबंध हटाने की घोषणा के बाद जांच शुरू कर दी है। अदालती दस्तावेज के हवाले से कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ब्राजीलियाई शीर्ष न्यायालय के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स से जुड़े न्याय में बाधा डालने के लिए मस्क के खिलाफ जांच शुरू की। मस्क ने पिछले साल आठ जनवरी के दंगों के अपराधियों से संबंधित कुछ खातों को ब्लॉक करने के न्यायाधीश मोरेस के फैसले को चुनौती दी। इन दंगों में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के दूर-दक्षिणपंथी हजारों समर्थकों ने देश की कांग्रेस, शीर्ष न्यायालय और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। इससे पहले रविवार को मस्क ने पोस्ट किया था कि एक्स प्रतिबंध हटा देगा, क्योंकि वे असंवैधानिक थे।



# परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमला, टला खतरा



रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया के परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ड्रोन से किया गया हमला। ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने रविवार को कहा कि रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर में से एक पर किए गए ड्रोन हमले के कारण बड़ी परमाणु दुर्घटना होने का खतरा काफी बढ़ गया है।

ग्रोसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की पुष्टि की कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की मुख्य रिएक्टर नियंत्रण संरचनाओं पर कम से कम तीन प्रत्यक्ष हमले हुए। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (एआईईए) ने एक अलग बयान जारी कर एक रिएक्टर समेत संयंत्र पर ड्रोन हमलों का असर होने की पुष्टि की। एआईईए ने कहा कि इकाई छह में हुई क्षति के कारण परमाणु सुरक्षा को खतरा पैदा नहीं हुआ, लेकिन यह एक गंभीर घटना है जिससे रिएक्टर की रोकथाम प्रणाली के कमजोर होने की आशंका है।

### यूक्रेन ने रूस के दावे को नकारा

**कीव।** यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूस के उन आरोपों का खंडन किया है जिसमें यह कहा गया है कि उनके देश की सेना ने यूरोप के इस सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर विस्फोटक ड्रोन से हमला किया है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस हमले के तुरंत बाद रूस ने दक्षिण यूक्रेन में स्थित इस परमाणु संयंत्र पर कब्जा कर लिया था और उसका संचालन अपने हाथ में ले लिया था। रूस ने रविवार को दावा किया था कि दक्षिण यूक्रेन में स्थित एवं दो साल से उसके नियंत्रण में संचालित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर यूक्रेन की सेना ने ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी के प्रवक्ता एंड्री युसोव ने दावा किया कि हमले के कोई संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस की सेना नियमित आधार पर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले की फर्जी खबर प्रसारित करती रहती है।

# पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी भीड़

मेस्क्वाइट (अमेरिका), एजेंसी

मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना -पूर्ण सूर्य ग्रहण- का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है।

वर्मोंट और मेन के साथ-साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर में बताया, बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।

डलास के बाहर एक ट्रेलर रिसॉर्ट में रह रहे गोथम (इंग्लैंड) के क्रिस लोमास ने कहा, यह सिर्फ अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने के बारे में है।" बदली छाई रहेगी या धूप खिलेगी इस अनिश्चितता ने रोमांच को और बढ़ा दिया है। पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब चार मिनट 28 सेकंड तक रहेगा। सात साल पहले अमेरिका के तटीय क्षेत्र में दिखे सूर्य ग्रहण के नजारे से इस बार यह लगभग दोगुना ज्यादा समय तक दिखेगा। अमेरिका में इस तरह का अगला सूर्यग्रहण इसके बाद करीब 21 साल बाद नजर आएगा।



मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने के लिए दूरबीन लगाकर तैयारियां करते लोग।

## कर्नाटक-आंध्र सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

**कोलार (कर्नाटक)।** आठ अप्रैल (भाषा) कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किए जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह सामान अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।

**बदलता युग** | वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा की जारी, पांच साल से चल रहा था काम

# 'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप

**25** मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा पर्याप्त संशोधन के बाद किया गया अनुमोदित



वैटिकन सिटी, एजेंसी

वैटिकन ने सोमवार को लिंग परिवर्तन सर्जरी और किराए की कोख (सरोगेसी) को मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं।

सिद्धांत कार्यालय, वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है। हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया। वैटिकन ने इसमें लिंग सिद्धांत या इस विचार को अस्वीकार किया कि किसी व्यक्ति का लिंग बदला जा सकता है। घोषणा में कहा गया है कि ईश्वर ने पुरुष और स्त्री को जैविक रूप से अलग-अलग प्राणियों के रूप में बनाया है तथा भगवान की इस योजना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए या खुद को भगवान बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन रकने वाले गर्भपात और इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं। यह दस्तावेज अमेरिका सहित कुछ देशों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हो रही कुछ प्रतिक्रियाओं के समय आया है। अमेरिका में रिपब्लिकन नीत राज्य विधानसभाएं ट्रांसजेंडर युवाओं और कुछ मामलों में वयस्कों के लिए चिकित्सा देखभाल को प्रतिबंधित करने वाले विधेयकों पर विचार कर रही हैं।

### क्या होती है सरोगेसी

सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को पालने और जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी में जटिल कानूनी और चिकित्सीय चरण होते हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया से अवगत होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।